धनबाद, शनिवार

19 अप्रैल 2025

वर्ष : 10 अंक : 319

पृष्ठ : 12

मूल्य : 3/-

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# नई पत्र वार्ता

सोच आगे की ...



## ब्रीफ न्यूज

### समस्त विश्व को भारत से ही दिशा मिलेगी : योगगुरु बाबा रामदेव



मथुरा, (एजेंसी) : वृन्दावन नगर वंशीवट स्थित श्री मलूकपीठ बिहारी सेवा संस्थान में चल रहे श्रीमद् जगद्गुरु द्वाराचार्य श्री मलूकदास देवाचार्य महाराज के 451वें जयन्ती महोत्सव के सप्तम दिवस मलूकदास की जयन्ती समारोह में शुक्रवार को योगगुरु बाबा रामदेव एवं कार्ष्णि पीठाधीश्वर गुरु शरणानन्द महाराज पहुंचे। योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि आज पूरा देश एक आर्थिक, राजनैतिक ,धार्मिक एवं सांस्कृतिक आतंकवाद के दौर से गुजर रहा है। सनातन विरोधी, बहुत तरह के षड़यंत्र कर रहे हैं। हमें ऐसा प्रयास करना होगा कि चारोतरफ हमारी शक्ति, आचरण, सामर्थ और संगठन से सनातनी विरोधी दुर्योधन को परास्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि समस्त विश्व को भारत से ही दिशा मिलेगी। **शेष पृष्ठ-4.....**

### विहिप अध्यक्ष ने मुर्शिदाबाद हिंसा को बताया दुर्भाग्यपूर्ण, बंगाल में राष्ट्रपति शासन की उठाई मांग

कोलकाता,(एजेंसी) : विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अध्यक्ष आलोक कुमार ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हाल ही में भड़की सांप्रदायिक हिंसा को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया है और राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है। आलोक कुमार ने कहा, ₹यह कोई एकल घटना नहीं है। पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। हालिया हिंसा कई गंभीर सवाल खड़े करती है। आखिर हिंदुओं को अपने ही देश में शरणार्थी जैसी स्थिति में क्यों जीना पड़ रहा है? क्या कुछ इलाकों को हिन्दू विहीन बनाने की कोई बड़ी साजिश चल रही है?कोलकाता के अलीपुर स्थित भाषा भवन में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में आलोक कुमार ने राज्य की खुफिया एजेंसियों पर सवाल उठाते हुए कहा, अगर यह हिंसा पूर्व-नियोजित थी, तो खुफिया तंत्र ने पहले से कार्रवाई क्यों नहीं की? और अगर जानकारी थी, तो इसे रोका क्यों नहीं गया? मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद बांग्लादेशी संबंधों की बात करती हैं, तो जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को क्यों नहीं सौंपी जाती?**शेष पृष्ठ-4.....**

### नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, बाल-बाल बचे चार जवान

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

पश्चिमी सिंहभूमः पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के जराइकेला थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने शुक्रवार को सीआरपीएफ के जवानों को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। हालांकि इस हमले में किसी भी जवान को कोई नुकसान नहीं हुआ और सभी सुरक्षित हैं। यह विस्फोट बरकेला कैंप से करीब चार किलोमीटर दूर एक पुलिया के पास हुआ, जब जवान घायल साथी को इलाज के लिए ओडिशा के बिसरा स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ की 174 बटालियन के जवान दिगंबर देव को मधुमक्खियों ने डंक मार दिया था। प्राथमिक इलाज के लिए उसे पास के ओडिशा राज्य के सुंदरगढ़ जिले स्थित बिसरा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा था। घायल जवान सहित चार जवान दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर निकले थे। जैसे ही एक बाइक पर सवार दो जवानों ने बरकेला कैंप से चार किमी दूर स्थित पुलिया को पार किया, अचानक जोरदार विस्फोट हुआ। संयोगवश, यह बाइक पुलिया पार कर चुकी थी, जिससे दोनों **शेष पृष्ठ-4.....**

# मुख्यमंत्री औद्योगिक और ऊर्जा निवेश संबंधों को मजबूत करने के लिए स्पेन में करेंगे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

नई दिल्ली/रांची, : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड और स्पेनिश उद्यमों के बीच औद्योगिक एवं ऊर्जा के क्षेत्र को मजबूत करने के रणनीतिक प्रयास में 19 से 27 अप्रैल तक स्पेन में एक वरिष्ठ सरकारी और उद्योग प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

इस प्रतिनिधि मंडल में कल्पना मुर्मू सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सचिव उद्योग विभाग झारखंड अरवा राजकमल, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, मुख्यमंत्री के निजी सलाहकार अजय कुमार सिंह के साथ अन्य विशिष्ट लोग शामिल होंगे।यह आधिकारिक यात्रा इस्पात और धातु, ऊर्जा (पारंपरिक और नवीकरणीय), उन्नत विनिर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास सहित अपने सबसे गतिशील क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने की राज्य की व्यापक रणनीति का हिस्सा रहेगी।

भारत के सबसे संसाधन संपन्न राज्यों में से एक झारखंड ,देश के औद्योगिक उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसमें टाटा स्टील, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और एनटीपीसी की जैसे कुछ बड़े नाम हैं। राज्य में वेदांता रिसोर्सेज, टाटा पावर, लिंडे ग्रुप और अडानी पावर जैसी वैश्विक कंपनियों से भी बड़े निवेश देखने को मिले हैं, जिनमें स्टील उत्पादन, बिजली उत्पादन और गैस इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। पिछले एक दशक में स्पेन और भारत ने अपने आर्थिक संबंधों को लगातार बढ़ाया है। आज, भारत में 280 से अधिक स्पेनिश कंपनियां काम करती हैं और द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 8.78 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो साल-दर-साल 6.3प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। अक्षय ऊर्जा, धातुकर्म उद्योग, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे क्षेत्र दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच प्रमुख तालमेल का प्रतिनिधित्व करते हैं।

झारखंड प्रतिनिधिमंडल स्पेन और स्वीडन में अपने यात्रा के दौरान प्रमुख स्पेनिश औद्योगिक और ऊर्जा समूहों, निवेशकों और सार्वजनिक संस्थानों के साथ बातचीत करेगा। निर्धारित व्यापार मंच और बीटूबी बैठकें स्पेनिश कंपनियों को झारखंड के महत्वाकांक्षी औद्योगिक रोडमैप, निवेशक सुविधा नीतियों और सार्वजनिक-निजी सहयोग के अवसरों की जानकारी देंगी। प्रतिनिधिमंडल स्वीडन में भी बैठक करेगा।

# केंद्रीय पंचायती राज और मत्स्य मंत्री ने बासुकीनाथ में किया पूजा अर्चना



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

दुमका, : एनडीए गठबंधन के महत्वपूर्ण घटक दलों में से एक जदयू नेता केंद्रीय पंचायती राज और मत्स्य मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह शुक्रवार को धार्मिक नगरी बासुकीनाथ पहुंचे। जहां उन्होंने अपने सहयोगियों संग पूरे श्रद्धा और निष्ठा के साथ षोड्षोपचार विधि से बाबा बासुकीनाथ का पूजा अर्चना किया। मुंगेर सांसद सह केंद्रीय मंत्री भारत सरकार के पूजन क्रिया की अवधि में वैदिक मंत्रोचार से मंदिर परिसर गूंजता रहा। बाबा भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के बाद मंत्री का कारवां माता पार्वती, मां काली और बगलामुखी की पूजा अर्चना कर आरती के कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां बाबा बासुकीनाथ, माता पार्वती, काली सहित मंदिर में मौजूद समस्त देवी देवताओं की आरती उतारी गई। साथ ही भारत के समस्त नागरिकों की खुशहाली के लिए फौजदारीनाथ से याचना की गई। इस दौरान मंदिर की साफ-सफाई एवं सुरक्षा चाक चौबंद नजर आई। मौके पर स्थानीय पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधि के अलावा मंदिर प्रबंधक सुभाष राव, लेखापाल मदन झा सहित दर्जनों पंडा एवं पुरोहित मौजूद थे।

# मेलोनी मुझे बहुत पसंद उनकी प्रतिभा का मैं कायल: ट्रंप



वाशिंगटन,(एजेंसी) : इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी अमेरिकी दौरे पर हैं। उन्होंने यहां व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। टैरिफ लगाए जाने के बाद मेलोनी पहली ऐसी नेता हैं, जिन्होंने अमेरिका पहुंचकर ट्रंप से मुलाकात की। इस बीच ट्रंप ने मेलोनी की दिल खोलकर तारीफ की। ट्रंप ने कहा कि वह मेलोनी को बहुत पसंद करता हैं। उन्हें लगता है कि वह एक बेहतरीन पीएम है और इटली में अच्छा काम कर रही हैं उनकी प्रतिभा में कायल हूं।

ट्रंप ने कहा कि मेलोनी में गजब की प्रतिभा है। वह दुनिया के बेहतरीन नेताओं में से एक हैं, उनका करिश्माई व्यक्तित्व है और उनके जैसा कोई नहीं है। हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं और दोनों देश एकजुट होकर आगे बढ़ रहे हैं। ट्रंप ने मेलोनी की महान पीएम बताते हुए कहा है कि उन्होंने पूरे यूरोप में हलचल मचा रखी है। मैं उनको शुरूआती दिनों से जानता हूं कि उनके पास अद्भुत प्रतिभा है। व्हाइट हाउस में मेलोनी और ट्रंप के बीच व्यापार, टैरिफ से लेकर इमिग्रेशन और पर भी चर्चा हुई।

ट्रंप ने कहा कि वह कारोबारी सौदे जल्दबाजी में नहीं करना चाहते। टैरिफ से अमेरिका को बहुत फायदा हो रहा है। हालांकि इस दौरान ट्रंप ने यूरोपीय संघ के साथ समझौते के संकेत भी दिए हैं। इस दौरान मेलोनी ने बताया की इटली की कंपनियां अमेरिका में 10 अरब यूरोप का निवेश करेंगी और इटली, अमेरिका से एनर्जी का इंपोर्ट बढ़ाएगा। बता दें कि मेलोनी यूरोप की एकमात्र नेता थी, जिन्हें 20 जनवरी को ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। मेलोनी और ट्रंप की कई मामलों पर एक जैसी राय है। इमिग्रेशन से लेकर तस्करी तक से निपटने को लेकर दोनों एक जैसा सोचते हैं।

# दिल्ली के सामने नहीं झुकेगा तमिलनाडु, हम कंट्रोल से बाहर : मुख्यमंत्री एमके स्टालिन



चेन्नई (एजेंसी) : तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि नीट, तीन-भाषा पॉलिसी, वक्फ संशोधन कानून और परिसीमन जैसे मुद्दों पर सवाल उठाना ध्यान भटकाने की कोशिश नहीं, बल्कि राज्यों के अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने अमित शाह को चुनौती देते हुए कहा कि अगर डीएमके वास्तव में ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है, तो अमित शाह को इन मुद्दों पर तमिलनाडु की जनता को स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

स्टालिन ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान कहा कि चाहे वह नीट हो या तीन-भाषा नीति, या फिर वक्फ कानून संशोधन और परिसीमन का मसला इन सभी पर सिर्फ हम ही मुखर हैं। क्या राज्यों के अधिकारों की मांग करना गलत है? उन्होंने यह भी कहा कि तमिलनाडु सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के राज्यों के अधिकारों की बात कर रहा है। स्टालिन ने कहा कि सिर्फ अमित शाह ही नहीं, बल्कि कोई भी शाह तमिलनाडु पर राज नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि कहा तमिलनाडु दिल्ली के कंट्रोल से बाहर है। साथ ही कहा कि हम आपके द्वारा कानूनी रूप से पैदा की गई सभी बाधाओं को तोड़ देंगे।

कार्यक्रम के दौरान सीएम स्टालिन ने कहा कि अमित शाह कहते हैं कि वे 2026 में यहां सरकार बनाएंगे, लेकिन मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि तमिलनाडु दिल्ली के सामने नहीं झुकेगा। छापेमारी करने, पार्टियों को तोड़ने और सरकार बनाने का आपका फॉमूर्ला तमिलनाडु में काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि 2026 में केवल द्रविड़ मॉडल की सरकार बनेगी, हम दिल्ली के लिए हमेशा नियंत्रण से बाहर हैं। क्या आप (बीजेपी) यहां किसी को धमकाकर और गठबंधन बनाकर जीत सकते हैं? आप जिसे लाने चाहें ला सकते हैं, हम भी देखते हैं। स्टालिन ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि आपने तमिल का अपमान कैसे किया? क्या केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तमिल को असभ्य नहीं कहा था और क्या इसके लिए उन्होंने माफी नहीं? इससे पहले एक अन्य केंद्रीय मंत्री ने तमिल को बम विस्फोटों में शामिल बताया और क्या माफी मांगी? क्या आपने (अमित शाह) और प्रधानमंत्री ने ओडिशा में ये नहीं कहा था कि पुरी जगन्नाथ मंदिर की चाबियां चुरा ली गई हैं और तमिलनाडु में छिपा दी गई हैं? स्टालिन ने कहा कि आपने फूट डालो और राज करो नीति अपनाई। जबकि एक तमिल आईएएस अधिकारी नवीन पटनायक के साथ थे और पूछ रहे थे कि तमिल कैसे ओडिशा पर शासन कर सकता है?

हम झुकने वाले गुलाम नहीं

तमिलनाडु के सीएम ने कहा कि आप अपने गठबंधन में बिना आत्मसम्मान वाले लोगों और विश्वासघातियों का उपयोग करके शासन करना चाहते हैं, लेकिन इतिहास पढ़ें, हमारी भूमि आत्मसम्मान, बहादुरी और गौरव से भरी हुई है। हम जानते हैं कि आप हमें धमकाने के लिए क्या-क्या इस्तेमाल करेंगे, लेकिन हम झुकने वाले गुलाम नहीं हैं।

## अरविंद केजरीवाल की बेटी हर्षिता ने संभव जैन से किया विवाह



नई दिल्ली, (एजेंसी) : आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की बेटी हर्षिता का शुक्रवार को उनके कॉलेज मित्र संभव जैन के साथ विवाह सम्पन्न हुआ।

दिल्ली के कपूरथला हाउस में शादी और रिसेप्शन दोनों हुए। कपूरथला हाउस पंजाब के मुख्यमंत्री का दिल्ली में आधिकारिक आवास है। विवाह समारोह की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आयी हैं। वीडियो में अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान समारोह में डांस करते देखे जा सकते हैं।

हर्षिता और संभव की मुलाकात भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली में हुई थी। दोनों यहां एक साथ पढ़ते थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सहित कुछ चुने हुए मेहमान इस शादी में शामिल हुए। इसमें आम आदमी पार्टी के कई नेता शामिल रहे।

# धनबाद में केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख भाई मांडविया ने खान सुरक्षा महानिदेशालय का किया दौरा

**मंत्री ने कहा निजी आउटसोर्सिंग में एचपीसी लागू कराने की जिम्मेवारी डीजीएमएस की**

**श्रमिकों की सुरक्षा व स्वास्थ्य सुनिश्चित करने पर दिया जा रहा जोर**





नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

धनबादः खान सुरक्षा महानिदेशालय धनबाद के दौरे पर पहुंचे भारत सरकार के श्रम,रोजगार,युवा एवं खेल मंत्री डॉ.मनसुख भाई मांडविया ने अधिकारियों के साथ बैठक कर डीजीएमएस के कार्य प्रणाली पर विस्तार से समीक्षा की.

बैठक के उपरांत केंद्रीय श्रम मंत्री ने डीजीएमएस कैंपस में पौधारोपण किया.इस दौरान केंद्रीय मंत्री के समक्ष डीजीएमएस की रेस्क्यू टीम ने माइंस दुर्घटना के बाद होने वाले बचाव कार्य पर एक मॉक ड्रिल किया गया.जिसमे दुर्घटना की कल्पना की गई और बचाव दल ने तुरंत कार्रवाई की, जिसमें प्रभावित क्षेत्र तक पहुंचने, फंसे हुए व्यक्तियों का पता लगाना और निकालने के लिए प्रभावी रणनीति का उपयोग करना शामिल था.केंद्रीय श्रम मंत्री ने मीडिया से बातचीत में बताया कि माइंस सेक्टर में कई नए नए उपकरण चालू किया गया. उसे सर्टिफाइड करने और डीजीएमएस के अधिकारियों के नॉलेज बिल्ड करने के भी निर्णय हुए हैं. माइंस में काम करने वाले श्रमिकों के स्वास्थ्य की भी चिंता केंद्र सरकार कर रही है. उनके स्वास्थ्य के देखभाल को सुनिश्चित करने के लिए इसीक्स हॉस्पिटल खोले जा रहे हैं. साथ ही श्रमिकों को आयुष्मान से भी जोड़ा गया है ताकि जिन श्रमिकों को इसीक्स के अस्पतालों में इलाज संभव नहीं होने की स्थिति में उन्हें आयुष्मान से इसका फायदा मिल सके.आज देश में माइनिंग सेक्टर बढ़ रहा है. नई नई टेक्नोलोजी आ रही है.टेक्नोलोजी का उपयोग करके श्रमिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी है और उनका स्वास्थ्य भी सुनिश्चित करना है और इन दोनों दिशाओं में काम चल रहा है.बीसीसीएल, इसीएल और सीसीएल के निजी आउटसोर्सिंग में कार्यरत ठेका मजदूरों के लिए निजी कोल कंपनियों में एचपीसी यानी हाई पावर कमिटी के लागू नहीं होने के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डीजीएमएस की यह जिम्मेवारी है कि राज्य और देश में और माइनिंग सेक्टर में काम करने वाले मजदूर की सुरक्षा हो ,उसको अच्छा वेतन मिले उसके स्वास्थ्य की देखभाल सुनिश्चित की जाए और उसका वेतन सुनिश्चित किया जाएं.इस दिशा में हमारा डायरेक्टर जनरल माइंस सेफ्टी यानि खान सुरक्षा महानिदेशालय काम कर भी रहा है.धनबाद के डीजीएमएस मुख्यालय पहुंचते ही खान सुरक्षा महानिदेशक उज्ज्वल ताह ,बीसीसीएल के तकनीकी निदेशक संजय कुमार सिंह ,झरिया विधायक रागिनी सिंह ,जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह समेत तमाम प्रशासनिक अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री को गुलदस्ता दे कर भव्य स्वागत किया.

## संक्षिप्त खबर

### प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के हटाए जाने पर लोगों में नाराजगी

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** जमुआ प्रखंड मुख्यालय में कार्यरत प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मदन मोहन का तबादला कर दिया गया है और उनके स्थान पर नित्यानंद चौधरी जनसेवक को आपूर्ति प्रभार के तौर पर नियुक्त किया गया है। मदन मोहन का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा था, लोग मुक्त कंठ से उनकी प्रशंसा कर रहे थे। लोगों ने बताया कि उनके कार्यकाल में ऑफिस हमेशा खुला रहता था और लोगों से उनका जुड़ाव हमेशा बना रहता था लोग अपनी समस्या को लेकर प्रतिदिन उनसे मिला करते थे और उनकी समस्या का निष्पादन तुरंत हो भी जाया करता था। लोग उन्हें फिर से प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जमुआ नियुक्त करने की मांग कर रहे हैं।लोगों का कहना है कि अभी तो उनके आए कुछ ही महीने हुआ था, पता नहीं किस कारण से चिट्ठी निकालने की जरूरत आन पड़ी। लोग तो यहां तक कह रहे हैं कि कोई साजिश के तहत उन्हें यहां से हटाया गया हैं। जमुआ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मदन मोहन के कार्यकाल में कार्यालय कभी बंद नहीं रहता था, लेकिन उनके जाने के बाद कार्यालय में ताला लटका हुआ है। लोग अपनी समस्या को लेकर कार्यालय तो जा रहे हैं लेकिन ताला लटका देख वापस अपने घर की ओर लौट जा रहे हैं। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पर्यवेक्षक का पद होता है उससे ऊपर वाले को या फिर समकक्ष को बनाया जाता है यह सिर्फ गिरिडीह में देखा जा रहा है कि निम्न पद वाले को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बनाया गया है जो कतई उचित नहीं है।इस मामले में उपायुक्त को स्वतः संज्ञान में लेकर पुनर्विचार करने की जरूरत है। इधर विधायक मंजू कुमारी ने भी इस बाबत एकाएक प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मदन मोहन को हटाए जाने की निंदा की है। कहा है सरासर गलत हुआ है। इस विषय पर हम उपायुक्त से बात करेंगे जमुआ झामुमो जमुआ प्रखंड अध्यक्ष रणजीत राम ने भी बताया कि जानकारी प्राप्त हुई है कि वर्तमान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मदन मोहन को हटाया गया है। हम लोग अपने स्तर से जांच करने का प्रयास करेंगे। वहीं भाजपा नेता राजेंद्र यादव का कहना है कि यहां बरसों से आपूर्ति विभाग में समस्या चल रही थी लेकिन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में मदन मोहन के आने के बाद बहुत हद तक चीजे सुधरी थी। हम लोग फोन पर जब उनसे किसी समस्या के बारे में कहते थे तो तुरंत उस समस्या के ऊपर समाधान भी करते थे।देखा जाए तो प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मदन मोहन को एकाएक हटाए जाने के बाद चारों तरफ चर्चा हो रही है।

### भारतीय वायुसेना में अग्निवीर अंतर्गत संगीतकार हेतु रोजगार के अवसर

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** भारतीय वायु सेना द्वारा अग्निवीरवायु संगीतकार भर्ती रैली नई दिल्ली और बेंगलुरु में योग्य अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है, जिनका जन्म 01 जनवरी 2005 और 01 जुलाई 2008 (दोनों तिथियों सहित) के बीच हुआ हो। केवल पंजीकृत उम्मीदवार जिन्हें अस्थायी प्रवेश पत्र जारी किया गया है, उन्हें भर्ती रैली में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। तिथि, समय और स्थान अस्थायी प्रवेश पत्र में उल्लिखित होंगे। ऑनलाइन पंजीकरण 21 अप्रैल से 11 मई तक कर सकते हैं।

### झारखंड धाम की एम्बुलेंस सेवा बाधित, लोगों को हो रही है परेशानी

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** बाबा मंदिर झारखंड के एम्बुलेंस सेवा गत एक सप्ताह से बाधित होने से लोगो की परेशानी बढ़ गई है बीते वर्ष यहां पर 2018 के दशक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए यह सेवा बहाल की गई थी। संबंधित अधिकारी द्वारा दी गई वाहन अब पुरानी होकर क्षतिग्रस्त होता जा रहा है।कई बार मरीजों को ले जाते वक्त भी तकनीकी गड़बड़ी से भी आधे रास्ते में भी खराब होकर खड़ा करना पड़ता है। फिलहाल वाहन का टायर पूरी तरह से घिस गया है तथा इंजन में भी कई तरह की गड़बड़ियां दिख रही है। जिससे वाहन को मरम्मत करना आवश्यक बन गया है।

### सड़क दुर्घटना में मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने दुमका-साहिबगंज मार्ग किया जाम



**साहिबगंज, (एजेंसी)।** सड़क दुर्घटना में बरहेट थाना क्षेत्र के कुसमा गांव के राम प्रसाद पंडित की मौत के बाद शुक्रवार को दुमका साहिबगंज सड़क को आक्रोशित लोगों ने जाम कर दिया। गुरुवार को कुसमा गांव के राम प्रसाद पंडित ट्रैक्टर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। परिजनों के साथ आक्रोशित लोगों ने तलबड़िया करमगाछ के पास सड़क को जाम कर दिया। वहीं, मामले की जानकारी मिलते ही बरहेट बीडीओ सह अंचलाधिकारी अंशु कुमार पांडेय,थाना प्रभारी पवन कुमार, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य राजाराम मरांडी के अलावा अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों से वार्ता की। इसके बाद ट्रैक्टर मालिक की ओर से दो लाख रुपये देने को कहा गया। तुरंत पचास हजार रुपये नगद देने की बात पर सड़क जाम लगभग डेढ़ घंटे बाद समाप्त हुआ। इस दौरान वाहनों का आवागमन ठप हो गया था।

# शाम 06 बजे तक जविप्र दुकान खोल लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण करें : डीसी

**पत्र जारी कर सभी जविप्र विक्रेताओं को दिया निर्देश**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2015 के तहत खाद्यान्न का शत प्रतिशत वितरण लाभुकों के बीच किया जाना है। बुधवार को आहूत आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक में पाया गया कि जिला अंतर्गत खाद्यान्न का डोर स्टेप डिलीवरी (डीएसडी) किए जाने के बावजूद खाद्यान्न वितरण का प्रतिशत संतोषजनक नहीं है।जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं द्वारा ससमय खाद्यान्न का वितरण नहीं किया जा रहा है। शत-प्रतिशत



लाभुकों को ससमय खाद्यान्न प्राप्त हो इसके लिए दिनांक 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चावल दिवस की तरह सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता शाम 6:00 बजे तक खाद्यान्न का वितरण करना सुनिश्चित करेगें। उपायुक्त विजया जाधव ने किसी भी परिस्थिति में आये हुए लाभुकों को खाद्यान्न वितरण किये बिना वापस नहीं भेजेंगे। यह सुनिश्चित करने को सभी जविप्र विक्रेताओं को कहा है।उन्होंने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आदेश दिया है कि अपने क्षेत्र में 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक किये जाने वाले वितरण का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगें तथा सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली (जविप्र) विक्रेताओं का दुकान शाम 6:00 बजे तक खुला रखने हेतु निर्देशित करते हुए सतत निगरानी करेगें।

## बाइक के धक्के से बच्चे की मौत

**साहिबगंज, (एजेंसी)।** साहिबगंज के जिरवाबाडी थानाक्षेत्र के छोटा लोहंडा मुख्य रोड पर शुक्रवार को बाइक के धक्के से एक बच्चे की मौत हो गई। लोहंडा निवासी दिलीप मुंडा का छह वर्षीय पुत्र जय मुंडा सड़क किनारे खेल रहा था। इस दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने जिलेबिया घाटी की तरफ से धक्का मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सदर अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सक डॉ मुकेश कुमार ने प्राथमिक उपचार किया लेकिन इलाज के क्रम में बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## डैम में डूबने से दो बच्चों की मौत

**चतरा, (एजेंसी)।** प्रतापपुर मुख्यालय स्थित जयप्रकाश डैम में शुक्रवार को डूबने से दो स्कूली बच्चों की मौत हो गई है। मृतक की पहचान भौराज के सहायक अध्यापक जितेन्द्र राय के 13 वर्षीय पुत्र शिवकुमार और बभने गांव निवासी दीपनारायण पासवान के 11 वर्षीय पुत्र पृथ्वी कुमार के रूप में की गई है। सहायक अध्यापक और दीपनारायण पासवान वर्तमान में बलवादोहर गांव में घर बनाकर रहे थे। दोनो बच्चों की शव काफी मशक्कत के बाद स्थानीय तैराक ने निकाला ।

शव को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। परिजनो ने बताया की बलवादोहर गांव से चार स्कूली बच्चे जयप्रकाश डैम में नहाने गये थे। नहाने के दौरान एक दूसरे के बचाने के चक्कर में शिवकुमार और पृथ्वी डूब गया। साथ ही नहाने आये अन्य बच्चों ने गांव में जाकर परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद परिजन डैम आये तथा स्थानीय तैराक की मदद से दोनों के शव को डैम से बाहर निकाला गया।

## पत्रकारों पर हमलों के विरोध में प्रदर्शन



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** धनबाद में पत्रकारों पर हुए हमले के विरोध में गिरिडीह में भी प्रेस क्लब के सदस्यों ने जोरदार प्रदर्शन किया। पत्रकारों ने टावर चौक पर एकत्र होकर घटना की निंदा करते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। इस प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। इस मौके पर राकेश सिन्हा, अरविंद कुमार, प्रवीण राय, अमर कुमार सिंह, सूरज कुमार सिन्हा, विनोद शर्मा, पप्पू कुमार सिंह, राजन कुमार सिन्हा सहित कई पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे और अपनी एकजुटता दिखाई।

## पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य लोगों को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करना और झारखंड को स्वस्थ बनाना है





**स्थानीय क्षेत्र में उपलब्ध पौष्टिक भोज्य पदार्थ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** गुरुवार को जिले के सभी 11 बाल विकास परियोजना केंद्रों में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम, 2025 के तहत व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में दिए जाने वाले पोषाहार की सामग्री से विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए गए। स्थानीय क्षेत्र में उपलब्ध पौष्टिक भोज्य पदार्थ को बढ़ावा देने के लिए आयोजित व्यंजन प्रतियोगिता में संबंधित क्षेत्रों के पदाधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उक्त व्यंजन प्रतियोगिता में सभी सेविका सहायिका द्वारा अलग अलग पोषणयुक्त व्यंजन तैयार किया गया तथा सभी अपने अपने स्टॉल पर भोज्य पदार्थ को रखा गया फिर अतिथियों द्वारा घूम घूमकर निरीक्षण किया। उसी दौरान सभी सेविका सहायिका द्वारा तैयार की गई व्यंजन के बारे में विस्तार से जानकारी भी ली गयी। व्यंजन प्रतियोगिता में प्रत्येक परियोजना से तीनों ही श्रेणी के तीन-तीन प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान का प्रशस्ति पत्र दिया गया।

सेविकाओं के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में दिए जाने वाले पैकेट से केक, ढोकला, चिला, खीर, हलवा, लड्डू, ठेकुआ इत्यादि का प्रदर्शन किया गया एवं स्थानीय तौर पर उपलब्ध साग सब्जी भी प्रदर्शित की गयी। पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य लोगों को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करना और झारखंड को स्वस्थ बनाना है। इस दौरान सभी बाल विकास परियोजना के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## गुड फ्राइडे पर ईसाई समुदाय के लोगों ने गिरजाघरों में की प्रार्थना

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** गुड फ्राइडे यानी शुभ शुक्रवार के अवसर पर जिले भर के विभिन्न गिरजाघरों में यीशु मसीह के क्रूस पर हुए बलिदान को याद करते हुए विधि अनुसार और परंपरागत तरीके से प्रार्थना की गयी।इसी के मध्य नगर गिरिडीह के सीएनआई चर्च पचंबा, बरगंडा जंगलपुर समेत जिले के विभिन्न चर्च में भी ईसाई समुदाय के धर्मावलंबियों ने गिरजाघर में एकत्रित होकर ईसा मसीह को याद करते हुए प्रार्थना की। और मानवजाति के लिए यीशू के त्याग और बलिदान को समझने और महसूस करने का प्रयास किया।गौरतलब है कि इस दिन ईसा मसीह को क्रुस पर चढ़ाया गया था।उसी को स्मरण करते हुए यह आराधना प्रत्येक वर्ष की जाती है। किसी को लेकर पाचंबा स्थित सीएनआई चर्च में आराधना का संचालन रेव्ह सन्नी दास एवं पूर्व रेव्ह एफटी हंसदा द्वारा किया या गया। इस मौके पर यीशु मसीह द्वारा क्रुस पर से कही गई अंतिम सात वाणी को रेव्ह सन्नी दास द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। इस



बीच रेव्ह सन्नी दास और सचिव जोय हेमब्रम द्वारा विशेष गीत प्रस्तुत किया गया। साथ ही सचिव जॉय हेम्ब्रम द्वारा बताया गया कि गुड फ्राइडे का महत्व क्यों है? उन्होंने बताया कि यीशु मसीह अपने सांसारिक समय के अंतिम घंटों में जब कूस पर लटके हुए थे उन्होंने सात कथन कहे, जिनमें से प्रत्येक हमें यीशु और उनके चरित्र के बारे में बताता है।

ये बाईबल के चार सुसमाचार के किताबों में पाये जाते हैं। इन्हे यीशु के सात अंतिम कथन के रूप में जाना जाता है। कूस की सात वाणियों, जिन्हे कूस पर यीशु के सात अंतिम वचन भी कहा जाता है। यीशु मसीह के क्रूस पर चढ़े जाने के दौरान कहे गए सात अंतिम कथनों का संकलन है। ये वचन मानव समाज में महत्वपूर्ण माने जाते है, जो यीशु के प्रेम, बलिदान और मोक्ष के संदेश को व्यक्त करते है। यीशु मसीह के कूस पर सात अंतिम शब्द जो क्षमा, मोक्ष, संबंध, परित्याग, संकट, विजय और पुनर्मिलन से जुड़े हैं। पहली वाणी - हे पिता इन्हें क्षमाकर क्योंकि ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं। द्वितीय वाणी, मैं तुझसे सच कहता हूं कि आज ही तू मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा, तृतीय वाणी हे नारी, देख, यह तेरा पुत्र है। तब उस चेले से कहा, यह तेरी माता है,चौथी वाणी - एली, एली, लमा शबक्तनी अर्थात हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर, तू ने मुझे क्यों छोड़ दिया। पांचवीं वाणी,मैं प्यासा हूं, छठी वाणी - पूरा हुआ यूहन्ना, सातवीं वाणी और यीशु ने बड़े शब्द से पुकार कर कहा हे पिता, मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूं और यह कहकर प्राण छोड़ दिए इस गुड फ्राइडे आराधना में स्थानीय लोगों के साथ साथ देश, प्रदेश से आए धर्मावलंबियों ने भी प्रार्थना की और यीशु मसीह द्वारा क्रूस पर से कही अंतिम सात वाणियों को सुनकर ईसा मसीह के उस पीड़ा को महसूस करने का प्रयास किया जो उन्होंने क्रूस पर से पीड़ा सहते हुए कही थी। आराधना उपवास की आराधना भी थी।

क्योंकि विश्वास के अनुसार कुछ विश्वासी पिछले चालीस दिनों से उपवास करते चले आ रहे हैं। कुछ लोग इस दिन उपवास करते हैं। आराधना समाप्ति के बाद इसी खुशी में सभी ने शरबत पीकर अपना अपना उपवास तोड़ा। चर्च आराधना में विलियम जेकब, जोय केशप, ओरबेन सहाय, पौलूस तिर्की, रंजना जैकब, प्रवीण सांगा, विनम्र, केपी मरांडी, संजय कुमार दीपू आदि मौजूद रहे।

## ऑल ड्राईवर संघ के तरफ से विवाह हेतु किया गया सहयोग



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** सेवा को सर्वोपरि मानते हुए कन्या के विवाह हेतु सहयोग राशि देकर की गई अनोखी पहल। गावां प्रखंड अंतर्गत सेरुआ पंचायत के ग्राम चेरवा में ऑल ड्राइवर कल्याण संघ गावां एवं युवा विकास क्रांतिकारी संगठन द्वारा चेरवा निवासी स्वर्गीय दासों यादव की पुत्री रीना कुमारी के विवाह हेतु पैंतीस हजार रुपए की आर्थिक सहयोग किया गया। वहीं संघ की ओर से बताया कि कन्या के विवाह के लिए ड्राइवर कल्याण संघ हमेशा तत्पर है।किसी भी गरीब बच्ची के विवाह के लिए ऑल ड्राइवर कल्याण संघ हमेशा के लिए तत्पर है। संघ के सदस्यों ने बताया कि रीना कुमारी के पिता की मौत कुछ दिन पहले हो चुकी थी। उनके घर की स्थिति दयनीय है। जो बहुत ही गरीब परिवार से है। उन्होंने ड्राइवर संघ से अपनी दयनीय हालत के बारे में सुनाया और ड्राइवर संघ और सेरूआ युवा क्रांतिकारी संगठन की ओर से यह राशि उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने ऑल ड्राइवर संघ के गिरिडीह के अध्यक्ष दिलीप यादव का बहुत-बहुत आभार जताया और उन्होंने बताया कि जो ड्राइवर संघ की तरफ से 35000 रुपए की आर्थिक सहयोग की राशि दी जा रही है और अधिक जरूरत पड़ने पर ऑल ड्राइवर संघ और युवा क्रांतिकारी संगठन की ओर से और भी सहयोग की राशि दी जाएगी। इस सराहनीय प्रयास में ऑल ड्राईवर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद,महा सचिव प्रकाश सिंह, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अवतार सिंह, झारखंड प्रदेश सचिव दिलीप यादव, संदीप विश्वकर्मा,के साथ संघ के सभी सदस्यों का सहयोग रहा। मौके पर मुकेश कुमार, दीपक कुमार, रंजन कुमार यादव, अयोध्या विश्वकर्मा, रंजीत मिस्त्री समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे। संघ से जुड़ने के लिए झारखंड प्रदेश ड्राईवर संघ के सचिव दिलीप यादव ने सभी झारखंड वासियों को आमंत्रित किया है।

## रांची में पहली बार तिरंगे को आसमान में लहराता हुआ देखेंगे लोग : उपायुक्त

**रांची, (एजेंसी)।** रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में भारतीय वायु सेना के एयर शो को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि भारतीय वायु सेना की ओर से जिला प्रशासन के साथ मिलकर एयर शो का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय वायुसेना की जानकारी देने के साथ-साथ भविष्य में वायु सेवा में अपनी सेवा देने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गयी है। उपायुक्त ने कहा कि एयर शो में एंट्री निःशुल्क है, ज्यादा से ज्यादा संख्या में रांचीवासी एयर शो देखने के लिए आएं।

शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त ने प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि वायु सेना के प्रमुख भी कार्यक्रम को देखेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि एयर शो के लिए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्राओं के साथ-साथ जिला के सभी स्कूलों को भी आमंत्रित किया गया है ताकि बच्चे शो का आनंद उठा सकें और प्रेरणा ले सकें।

**कार्यक्रम स्थल में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था:** एयर शो को लेकर कार्यक्रम स्थल आर्मी ग्राउंड में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्थ होगी। डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि क्राउड मैनेजमेंट के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक प्रतिनियुक्ति की गई है।

उपायुक्त ने कहा कि एयर शो के दौरान सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम आसमान में मनोहर और हैरतअंगेज कारनामे दिखाएगी। टीम की कमेंटेटर और प्रशासक कंवल संधू ने बताया कि लोग रांची के आसमान में विमान से तिरंगे को लहराते देख सकेंगे। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि एयर शो दो भागों में बंटा है, पहले भाग में नौ विमान एक साथ उड़ान भरेंगे। भारतीय वायु सेवा के ये विमान पांच मीटर की दूरी मेंटेन करते हुए एक साथ उड़ान भरते नजर आएंगे। दूसरे भाग में सभी नौ विमान अलग-अलग दिशाओं से अपनी गति और अनुशासन का प्रमाण देते हुए अलग-अलग आकृतियां आसमान में बनाएंगे, इसके अलावा विमान उलटी उड़ान भरते भी नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि टीम के पायलट, भारतीय वायु सेवा के बेहतरीन फाइटर पायलट हैं। टीम ने छह महीने कठिन परिश्रम कर अपनी तैयारी पूरी की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि रांची के लोगों का पूरा सहयोग मिलेगा और शो कामयाब होगा।

सूर्य किरण एयरोबेटिक की टीम ने विदेश में भी शो किया है। दुबई, सिंगापुर, थाईलैंड और चीन में टीम ने आसमान में करतब दिखाए हैं। टीम ने कहा कि उनका उद्देश्य पूरी दुनिया में भारतीय वायु सेना की कार्य कुशलता और अनुशासन का प्रमाण देना है।

## रेल संरक्षा जागरूकता अभियान के तहत 'क्या कहती है रेल' नुक्कड़ नाटक किया गया

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** डुमरी पूर्व मध्य रेल संरक्षा विभाग धनबाद की एक टीम शुक्रवार को रेल संरक्षा जागरूकता अभियान के तहत 'क्या कहती है रेल' नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पारसनाथ दिगम्बर जैन मध्य विद्यालय,इसरी बाजार के छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।नाटक के द्वारा उन्होंने कहा कि हमे ईयर फोन या मोबाईल के साथ रेलवे ट्रैक के आस-पास नहीं चलना चाहिए।यदि रेल फाटक बंद हो तो उसके खुलने पर ही पटरी पार करनी चाहिये।प्लेटफार्म बदलते समय या बाहर निकलते समय पुल का प्रयोग करना चाहिये।साथ ही ज्वलनशील पदार्थ पेट्रोल,किरासन,गैस सिलेंडर लेकर ट्रेन में सफर नहीं करना चाहिये।ट्रेन में धूम्रपान नहीं करना चाहिये।ट्रेन



आने के समय से पूर्व स्टेशन पहुंच जाना चाहिये।हमारा जीवन अनमोल है।हमें ये उपाय अपनाकर जीवन की रक्षा करनी चाहिए।नुक्कड़ नाटक में शामिल सदस्यों द्वारा बड़े ही आकर्षक ढंग से बच्चों को उक्त बातें समझाई और अपने-अपने माता-पिता,भाई-बहनों को भी ये बात बताने को कहा।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार जैन, शिक्षक नेम कुमार जैन,अशोक कुमार सिन्हा,राजेश ठाकुर,अंकित जैन,महेश साव,शक्ति प्रसाद महतो, महेश कुमार,जितेन्द्र प्रसाद,बिनोद कुमार शिक्षिका निकी कुमारी,ममता कुमारी,मनोरमा कुमारी आदि उपस्थित थे।

Page 3_Page 3.qxd 4/18/2025 10:43 PM Page 1



## संक्षिप्त खबर

## निरसा के पत्रकारों ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

निरसा : समाचार संकलन के दौरान कांग्रेस पार्टी के धनबाद जिला कार्यकारी अध्यक्ष के पुत्रों एवं भाइयों द्वारा पत्रकारों पर किए गए जानलेवा हमले के विरोध में निरसा विधानसभा के पत्रकारों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज करवाया. घटना के विरोध में शनिवार को निरसा चिरकुंडा अंचल पत्रकार संघ के बैनर तले निरसा विधानसभा के पत्रकार निरसा प्रखंड कार्यालय पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन शनिवार को करेंगे.धरना प्रदर्शन के दौरान झारखंड के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को बीडीओ के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा. पत्रकारों ने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून को राज्य में जल्द से जल्द लागू किया जाए. पत्रकारों पर हमला करने वाले हमलावरों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया जाए, नहीं तो पत्रकार सड़क पर उतर कर इसका विरोध दर्ज करवाएंगे.

## केंद्रीय मंत्री मनसुख लाल मांडवीया का महुदा में भाजपा समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

महुदा : भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री श्रम, रोजगार, युवा एवं खेल मंत्री मनसुख लाल मांडवीया शुक्रवार को बोकारो से धनबाद जाने के क्रम में महुदा मोड़ शिव मंदिर के समक्ष भाजपा मंडल के कार्यकताओं के द्वारा फुलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया. इस मौके पर बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, भाजपा जिला महामंत्री धनेश्वर महतो ने फुलमाला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर उन्हें स्वागत किया. जिला महामंत्री धनेश्वर महतो ने बताया कि केंद्रीय मंत्री मनसुख लाल मांडवीया सांसद ढुल्लू महतो के परिवारिक कार्यक्रम में शामिल हुए थे. वहीं से डीजीएमएस धनबाद के एक अन्य कार्यक्रम में शामिल होने धनबाद जाने के क्रम में हमारे कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया. मौके पर महुदा मंडल महामंत्री जीतन रवानी, राजेश कुमार महतो, चितरंजन दूबे, बिनोद महतो, अविनाश पाठक, कमल प्रसाद महतो, मटुक मिश्रा, बहादुर महतो, करमू महतो, अनवर शेख, श्यामलाल महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.

## महिला स्वास्थ्य कर्मी पर कुदाल से हमला, गंभीर



पूर्वी सिंहभूम **(एजेंसी)**। जिले के जमशेदपुर एमजीएम थाना क्षेत्र के रूहीडीह स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (स्वास्थ्य केंद्र) में शुक्रवार को स्वास्थ्य केंद्र की इंचार्ज ज्योति कुमारी पर कुछ अज्ञात हमलावरों ने कुदाल से हमला कर दिया। हमले में ज्योति कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। फिलहाल उनकी हालत नाजुक बनी हुई है और टीएमएच में उनका इलाज जारी है। जमशेदपुर के रूहीडीह स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब स्वास्थ्य केंद्र की इंचार्ज ज्योति कुमारी पर कुछ अज्ञात हमलावरों ने अचानक कुदाल से जानलेवा हमला कर दिया। हमला इतना तेज था कि उनके सिर पर गहरा जख्म हो गया और वे लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ीं। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें पहले एमजीएम अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) रेफर कर दिया गया। घायल महिला के भाई प्रेम प्रकाश ने बताया कि सुबह के समय तीन से चार लोग अस्पताल परिसर में दाखिल हुए और बिना किसी बातचीत के सीधे ज्योति कुमारी पर हमला कर दिया। हमलावर मौके से तुरंत फरार हो गए। वहीं घटना की सूचना मिलते ही एमजीएम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाला जा रहा है। साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि ज्योति कुमारी स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ही अपने परिवार के साथ निवास करती थीं। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर, भारत सरकार की वर्ष 2018 में शुरू की गई योजना के तहत संचालित होता है, जिसका उद्देश्य कम आय वाले लोगों को मुफ्त इलाज और स्वास्थ्य बीमा सुविधा प्रदान करना है। पुलिस हमलावरों की पहचान और हमले के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। फिलहाल ज्योति कुमारी की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उनके परिजन उपचार को लेकर चिंतित हैं।

## राज्य के सभी जिला केन्द्रों पर विहिप का आक्रोश प्रदर्शन 19 को



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

रांची ।विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया पिछले एक सप्ताह से वक़्फ़ अधिनियम के बहाने से पश्चिम बंगाल में हिंदू लक्षित हिंसा और दंगों से हिंदुओं का उत्पीड़न बड़े स्तर पर चल रहा है।

हजारों की संख्या में पीड़ित हिंदू परिवार अपने ही राज्य में निर्वासित होने पर विवश हुए हैं। राज्य सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की कार्यवाही हिंदू परिवारों की सुरक्षा निमित्त दृष्टिगत नहीं हुई है। राज्य सरकार की ओर से पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है।

ऐसी हिंदू विरोधी सरकार को निलंबित कर राष्ट्रपति शासन लागू करने से ही हिंदू समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हो सकती है।

उन्होंने कहा कि इसे लेकर 19 अप्रैल को राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत बंगाल में हिंदू लक्षित हिंसा के विरोध और वहां राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद झारखंड के सभी जिला केन्द्रों पर सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक धरना, आक्रोश प्रदर्शन करेगा तथा जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेगा।

# पंजी टू में छेड़छाड़ कर खानदानी जमीन का दूसरे के नाम खोला गया डिमांड




पलामू**(एजेंसी)**। मोटी कमाई के लिए अंचल कार्यालय की लॉगिन खोलकर फर्जी तरीके से पंजी-टू में छेड़छाड़ कर दूसरे के नाम पर डिमांड खोल दिया जा रहा है। मामले में जब कार्रवाई के लिए आग्रह किया जा रहा है तो प्रभावित पक्ष को मुख्यालय में डीसीएलआर कार्यालय जाकर निदान ढूंढने की सलाह दी जा रही है। ऐसे में प्रभावित पक्ष पिछले छह माह से परेशान है और अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहा है।

यह मामला जिले के तरहसी प्रखंड क्षेत्र के मंझौली टू पंचायत के मंझौली गांव से जुड़ा हुआ है। दरअसल इस गांव में 2005 तक सुरेंद्र नारायण और सत्येंद्र नारायण के नाम से प्लॉट 380 खाता नंबर एक में 22 एकड़ 62 डिसमिल जमीन की रसीद कट रही थी। कुछ दिन पहले इस खाता प्लॉट की जमीन का डिमांड असमीना बीवी के नाम से खोल दिया गया है। दो एकड़ को एक एकड़ कर दिया गया है, जबकि 25 डेसिमल को 20 डेसिमल करके रसीद काट दी गई है। इस पूरे मामले पर जब अंचलाधिकारी बागेश्वर राम से कार्रवाई का आग्रह किया गया तो उन्होंने पल्ला झाड़ने हुए कहा कि अब इस मामले में कार्रवाई डीसीएलआर कार्यालय से होगी।

प्रभावित पक्ष अजीत सिंह और अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि अंचल कार्यालय की लॉगिन से छेड़छाड़ करके उसकी खानदानी जमीन को कुछ दिन पूर्व असमीना बीवी के नाम से डिमांड खोल दिया गया है। जमीन का डिमांड जब पहले से उनके परिजन के नाम पर था तो असमीना बीवी के नाम पर कैसे हो गया? सारा खेल फर्जी तरीके से हुआ है। अंचल कार्यालय से तीन नोटिस मिलने के बाद भी असमीना बीवी अपना पक्ष रखने के लिए नहीं पहुंची है बावजूद अंचल अधिकारी इस मामले में कार्रवाई नहीं कर उन्हें सिर्फ कार्यालय का चक्कर लगवा रहे हैं। इधर, इस मामले में सीओ बालेश्वर राम ने कहा कि पहले से आवेदन आया हुआ है। सुनवाई हो रही है। अगली तिथि में इसका निदान कर दिया जाएगा। ऐसे में प्रभावित पक्ष डीसीएलआर के पास भी जा सकते हैं।

## रांची के बीएसएनएल ऑफिस में देर रात लगी आग



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

रांची। रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र के शहीद चौक स्थित बीएसएनएल ऑफिस में गुरुवार की देर रात भीषण आग लग गयी। आग भवन के ग्राउंड फ्लोर पर लगी, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुरुवार देर रात करीब 11 बजे बीएसएनएल ऑफिस से धुआं निकलते देखा गया। इसके बाद कुछ ही देर में आग की लपटें उठने लगीं। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, कोतवाली थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की तीन गाड़ियों ने आग बुझाने की कोशिश की और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल इस अगलगी से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो भवन को भारी क्षति हो सकती थी। हालांकि इस आग लगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कोतवाली थाना प्रभारी आदिकांत महतो ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार देर रात आग लगी थी।आग को फायर ब्रिगेड के सहयोग से बुझा लिया गया है। अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

रांची । रांची के चान्हो थाना पुलिस ने गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम सन्तोष कुमार साहु बताया गया है। इसके पास से 450 ग्राम गांजा, 110 पीस गांजा भरा हुआ सिगरेट, चार सिरफ, 70 पीस वाईटनर और 45 चिलम बरामद किया गया है।

ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम रघुनाथपुर में सन्तोष कुमार साहु के घर और दुकान में डीएसपी अशोक कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गयी। छापेमारी के क्रम में गांजा और सिगरेट भरा गांजा बरामद किया गया है।

## बालाजी मंदिर के ऊपरी तल के सीढ़ी पास गिरी महिला श्रद्धालु की मौत

### मंदिर में यह दूसरी मौत की घटना, सुरक्षा पर उठने लगे सवाल

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

निरसा : 30 मार्च से 7 अप्रैल के बीच मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ का आयोजन हुआ था.

निरसा मैथन स्थित संजय चौक बाईपास स्थित श्री बालाजी मंदिर के ऊपरी तल पर पूजा करने के बाद सीढ़ी के पास गिरी महिला श्रद्धालु आरती देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. मंदिर में उपस्थित लोगों के द्वारा आरती देवी को डीवीसी के बीपी नियोगी अस्पताल लाया गया. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. इस संबंध में मृतक आरती देवी के छोटे पुत्र सौरव साव ने बताया कि वह चिरकुंडा स्थित ऊपर बाजार से अपनी मां के साथ मैथन संजय चौक स्थित बालाजी मंदिर पूजा करने आए थे. मंदिर के ऊपरी तल पर मेरी मां पूजा करने के बाद मंदिर की परिक्रमा कर रही थी,मैं भी वही था.तभी कुछ गिरने की आवाज आई मैं दौड़कर देखा तो सीढ़ी से नीचे मां गिरी हुई थी और सिर से काफी खून निकल रहा था. आनन फानन में उठाकर डीवीसी के बीपी नियोगी अस्पताल लाया गया.जहां डॉक्टरों ने मृत बता दिया.घटना के बाद पूरा परिवार गम में डूब गया है.






सूचना के मुताबिक आरती देवी के पति प्रदीप साव का निधन कुछ साल पहले ही हो गया था, उनके दो बेटे हैं.

मृतक आरती देवी के शव को स्वजनों ने चिरकुंडा लेकर चले गए मामले पर बालाजी धाम मंदिर कमेटी के अखिलेश्वर तिवारी का कहना है कि चुकी मैं वहां नहीं था. लेकिन मंदिर में जो लोग मौजूद थे उनका कहना है कि मंदिर के ऊपरी तल पर महिला परिक्रमा कर रही थी,इस दौरान उसे चक्कर आया और उसका सिर दीवार से टकरा गया. मालूम रहे कि मंदिर दो मंजिला है.इधर मामले के बाद जेएमएम नेता रामनाथ सोरेन ने मंदिर कमेटी पर सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठाए हैं.

## पारा टीचर की पत्थर से कुचकर हत्या, लोगों में आक्रोश



पश्चिमी सिंहभूम**(एजेंसी)**। पश्चिमी सिंहभूम जिले के अति नक्सल प्रभावित टेबो थाना क्षेत्र के पिंगु गांव के पारा शिक्षक सनिका टोपनो की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार को हरसिंग कोचा के जंगल से उनका शव बरामद हुआ। इस हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। पिंगु गांव निवासी 57 वर्षीय पारा शिक्षक सनिका टोपनो हर दिन की तरह सुबह करीब छह बजे पैदल ही लोवाहातु स्थित अपने विद्यालय के लिए निकले थे। लेकिन देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी जब उनका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने टेबो थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तलाश शुरू की। इसी क्रम में हरसिंग कोचा के घने जंगल में सनिका टोपनो का शव बरामद हुआ। शव के सिर को पत्थर से कुचला गया था। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शव मिलने के बाद पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर टेबो थाना लाया। शुक्रवार को शव को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक सनिका टोपनो अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं। परिजनों का कहना है कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी और वह बेहद शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। ग्रामीणों ने बताया कि वह न केवल एक अच्छे शिक्षक थे, बल्कि मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति भी थे। पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित सभी पहलुओं को खंगाल रही है। घटनास्थल का इलाका अत्यंत बीहड़ और नक्सल प्रभाव वाला होने के कारण शव को बरामद करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## एयर शो में शामिल होने रांची पहुंचे एपी सिंह



रांची**(एजेंसी)**। राजधानी रांची के नामकुम स्थित आर्मी मैदान में भारतीय वायु सेना की ओर होनेवाले वाले एयर शो में शामिल होने वायु सेना के एयर मार्शल एपी सिंह शुक्रवार को रांची पहुंचे। रांची पहुंचने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उनका स्वागत किया। रांची पहुंचने के बाद एयर मार्शल ने आर्मी ग्राउंड का मुआयना किया और एयर शो के जांबाज पायलटों से भी मुलाकात की।

उल्लेखनीय है कि एयर शो में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और जिला प्रशासन की ओर से राजधानी रांची के शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम को लेकर राजधानी के छात्र-छात्राओं और युवाओं में काफी उत्साह है। कार्यक्रम को लेकर जगह-जगह बैनर और बड़े बडे.होर्डिंग लगाये गये है।

## रांची और पश्चिमी सिंहभूम के बीच खिताबी टक्कर 19 को



पश्चिमी सिंहभूम**(एजेंसी)**। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के तत्वावधान में पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित अंतर जिला महिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता रोमांचक पड़ाव पर पहुंच गई है। इस प्रतिष्ठित टूनामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसमें मेजबान पश्चिमी सिंहभूम और गत वर्ष की उपविजेता रांची की टीम आमने-सामने होगी।

पश्चिमी सिंहभूम की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बोकारो और जमशेदपुर जैसी मजबूत टीमों को हराकर फाइनल में जगह बनाई है। वहीं रांची ने अपने घरेलू मैदान पर पिछले वर्ष की चैंपियन सिमडेगा और धनबाद को पराजित कर खिताबी मुकाबले में दमदार एंट्री की है। फाइनल मुकाबला 50 ओवरों का होगा, जिसकी शुरूआत सुबह नौ बजे से होगी।

मैच के बाद शाम चार बजे से पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह में पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता के विजेता को ट्रॉफी के साथ 80 हजार रुपये की नकद राशि, जबकि उपविजेता टीम को 60 हजार रुपये के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

## नकारात्मक समूह बनती जा रही है भाजपा : झामुमो

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

रांची ।झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव की ओर से मुख्यमंत्री के विदेश दौरे पर सवाल उठाने पर पलटवार किया है। विनोद पांडेय ने शुक्रवार को कहा कि हेमंत सरकार की किसी भी सकारात्मक पहल के प्रति भाजपा नेताओं में ईर्ष्या होती है। भाजपा की प्रतिक्रिया में कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। एक आदिवासी युवा मुख्यमंत्री का विदेश दौरा भाजपा के नेताओं को भला कैसे पच सकता है, ये तो उनके डीएनए में ही नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड जल्द ही कई अन्य देशों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। हेमंत सोरेन का नेतृत्व क्षमता बेमिसाल है। उनके व्यक्तित्व के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत होता जा रहा है। दूसरी ओर विपक्ष के नाम पर भाजपा नकारात्मक और निराशाजनक समूह बनता जा रहा है। भाजपा का एक ही काम है सद्भावना को बिगाड़ने की साजिश रचना। चुनावों में जनता से नकारे जाने के बाद प्रदेश में भाजपा नेताओं के पास कोई काम नहीं है।

# झारखंड के लोगों को अप्रैल में मिली प्रचंड गर्मी से राहत

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

रांची। झारखंड के लोगों को अप्रैल में लगभग पूरा माह प्रचंड गर्मी से राहत मिली है। काल बैसाखी के कारण इस माह राजधानी रांची सहित राज्य के सभी जिलों में कमोबेश हल्की बारिश, गर्जन, वज्रपात और 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चली। इससे राज्य भर में तापमान नियत्रंण में रहा और लोगों को प्रचंड गर्मी नहीं सहना पड़ा। राज्य भर में औसत तापमान लगभग 35 डिग्री रहा। राज्य के अत्यधिक गर्मी पड़ने वाले जिले पलामू, गढ़वा,पूर्वी सिंहभूम, धनबाद, सिमडेगा, चतरा सहित अन्य जिलों में तापमान इस बार पिछले साल की तुलना में कम रहा।



हालांकि उपर्युक्त जिलों में कुछ दिनों के लिए मौसम ने आग उगला। लेकिन अत्यधिक गर्मी पड़ने का सिलसिला मौसम में हुए बदलाव के चलते टूट गया।

वहीं मौसम विभाग विभाग के अनुसार 21 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन और वज्रपात तथा 30 से 40 किलोमीटर की गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को रांची में अधिकतम 31.1 डिग्री, जमशेदपुर में 37.7, डालटेनगंज में 39.4, बोकारो में 33.2 और चाईबासा में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### फतेहपुर के महादलित टोलों में आज लगेगा विकास शिविर, सारी तैयारियां पूरी



**शिविर में महादलित लाभुकों को ऑन स्पॉट दी जाएगी सरकार की योजनाओं का लाभ**

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया)ः फतेहपुर प्रखंड के महादलित टोलों में आज लगने वाले विकास शिविर की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शिविर में सरकारी की योजनाओं से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के लाभुकों को ऑन स्पॉट लाभ दिया जाएगा। शिविर में किसी तरह का कोई त्रुटि नहीं रह जाए इसे लेकर बीडीओ ने शुक्रवार को सभी विभागीय अधिकारियों, पंचायत सचिवों पचायत रोजगार सेवकों व विकास मित्रों के साथ अंतिम समीक्षा बैठक की। साथ ही उन्हें लाओ दिशा निर्देश जारी किया है। बीडीओ शशिभूषण साहू ने बताया कि शिविर को लेकर की गई तैयारियों की बिंदुबार समीक्षा की गई। साथ ही बैठक में मौजूद रहे सभी अधिकारियों और कर्मियों से बारी-बारी उन्हें दिए गए कार्यों के निष्पादन के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही शनिवार 19 अप्रैल को लगने वाले शिविर में कोई कमी नहीं रहे इस संबंध में उन्हें दिशा-निर्देश भी दिया गया। उन्होंने बताया कि महादलित टोला में 19 अप्रैल से लगने वाली विशेष विकास शिविर का नाम बदलकर अब डा. आंबेडकर समग्र सेवा योजना कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि सप्ताह के प्रत्येक बुधवार और शनिवार को अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति टोला पर राज्य सरकार की ओर से 22 तरह की योजनाओं पर काम किया जा रहा है। इन योजनाओं को सभी महादलित टोला पर पहुंचाने की योजना है। महादलित परिवार के वंचितों को इन योजनाओं का लाभ शिविर में ही ऑन द स्पॉट लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां शिविर की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। समीक्षा बैठक में बीपीआरओ प्रमोद कुमार साव, एमओ चंदन कुमार शास्त्री, पीओ दीपू कुमार, बीडब्ल्यूओ, बीएसओ सहित सभी विकास मित्र, पंचायत सचिव, पंचायत रोजगार सेवक आदि मौजूद थे.

### उदय हत्या मामले में अज्ञात के खिलाफ गुरपा थाना में प्राथमिकी दर्ज

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया)ः गुरपा थाना क्षेत्र के मंझलाकला गांव के छात्र उदय हत्या मामले में अज्ञात के खिलाफ उसके पिता उपेंद्र यादव के फर्द बयान पर गिरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता ने बताया कि छात्र उदय के शव के पोस्टमार्टम कराने पिता उपेंद्र यादव के साथ चले जाने के कारण शुक्रवार को उनका फर्द बयान हुआ। उनके फर्द बयान पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि उदय के हत्या मामले की हर बिंदु पर जांच की जा रही है। हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस के साथ ही फारेंसिक टीम और डाग स्क्वाड की टीम भी मामले की जांच में जुटी है। उन्होंने बताया कि पुलिस छात्र हत्या मामले का उद्भेदन करने में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फारेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद घटना की सच्चाई का पता चल पाएगा। गुरपा थाना क्षेत्र की नौडीहा झुरांग पंचायत के मंझलाकला गांव में गुरुवार को सुबह में गांव स्थित चार फिट पानी भरे गड्ढे से बरामद हुआ था। छात्र के किसी नुकीले हथियार से मारकर उस हत्या शव को गड्ढे में डाल दिया गया था।

### फतेहपुर के सलैयाकला व धरहराकला पंचायत में हम पार्टी का जन संवाद आज, मंत्री संतोष रहेंगे शामिल



**जन संवाद कार्यक्रम में मंत्री डॉ. संतोष मांझी क्षेत्र व जनता की समस्याओं से होंगे रु-ब-रु**

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया)ःफतेहपुर प्रखंड की सलैयाकला और धरहराकला पंचायत में शुक्रवार को हम पार्टी का जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया है। जन संवाद में मंत्री डॉ. संतोष मांझी भी शिरकत करेंगे और क्षेत्र व जनता की समस्याओं से रु-ब-रु होंगे। वे समस्याओं को संकलन कर उसका निराकरण के लिए संबंधित विभाग व पदाधिकारी को भी इससे अवगत कराएंगे। हम पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नंदलाल मांझी ने बताया कि पार्टी के स्थानीय कार्यकताओं के द्वारा लोकसभा चुनाव के बाद जन संवाद के लिए आग्रह किया गया था। 19 अप्रैल को फतेहपुर प्रखंड के सलैयाकला पंचायत और धरहराकला पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जन संवाद कार्यक्रम में सूबे के मंत्री डॉ. संतोष मांझी में शामिल रहेंगे। उनके समक्ष क्षेत्र के जनहित की समस्याओं को लोग रखेंगे जिसका उनके माध्यम से निराकरण कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए सलैयाकला और धरहराकला पंचायत में उनके नेतृत्व में पार्टी के प्रदेश सचिव अनिल यादव, प्रखंड अध्यक्ष विकास मांझी, सक्रिय सदस्य सुनील यादव, उपेंद्र मांझी, प्रवेश मांझी आदि ने जनसंपर्क अभियान चलाया और ग्रामीणों को जन संवाद कार्यक्रम में आकर अपनी व क्षेत्र की समस्या से रखने के लिए जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पार्टी के द्वारा जनहित की समस्याओं को निराकरण हेतु जन जागरण का कार्यक्रम पार्टी के द्वारा चलाया जाता रहता है। इसी क्रम में फतेहपुर प्रखंड के धरहराकला व सलैयाकला पंचायत में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें मंत्री जी शामिल होंगे और जनहित की समस्याओं को सुनने का काम करेंगे।

### गुड फ्राइडे दिवस का आयोजन

भागलपुर, (एजेंसी) ःगांधी शांति प्रतिष्ठान की ओर से शुक्रवार को गुड फ्राइडे दिवस का आयोजन प्रकाश चंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज ईसा मसीह का बलिदान दिवस है। आज ही के दिन ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था।

सूली पर लटकते हुए भी इन्होंने सूली पर चढ़ाने वाले लोगों के लिए भी क्षमा की याचना की थी। यह प्रेम और धर्म की पराकाष्ठा कही जा सकती है। अपने दुश्मन के प्रति भी प्रेम सदभाव का भाव रहे यह ईसा मसीह के विचारों से ही मिलता है। अध्यक्षता करते हुए प्रकाश चंद्र गुप्ता ने कहा की सभी संतो के विचार और संदेश मानव कल्याण का रहा है।

संत मानवीय मूल्यों की स्थापना कर समाज में प्रेम सद्भावना और भाईचारा स्थापित करने के लिए आते हैं। आज धर्म और विकास के नाम पर दुनिया में अशांति फैलाई जा रही है। इस अशांत वातावरण में शांति की स्थापना के लिए ईसा मसीह के विचार अत्यधिक प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर मृदुला सिंह, अनीता शर्मा, रेनू सिंह ,डॉक्टर जयंत जलद, संजय कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार और धन्यवाद ज्ञापन वासुदेव भाई द्वारा किया गया।

# दिल्ली से नेपाल में बेचने जा रहे चोरी का 67 मोबाइल के साथ महिला सहित पांच गिरफ्तार

राजेश मिक्की



गया : पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर रेल मंडल के आरपीएफ पोस्ट रक्सौल व सीआईबी के अधिकारी व जवानों के द्वारा चलाये गए आपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत की गई कार्रवाई में चोरी के 67 मोबाइल फोन के साथ एक महिला सहित पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। बरामद किए गए मोबाइल फोन का कुल कीमत करीब 10 लाख 5 हजार रुपये आंकी गई है। दिल्ली से नेपाल में बेचने जा रहे चोरी का 67 मोबाइल के साथ महिला सहित पांच गिरफ्तार अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज की गई है। इस बड़ी सफलता पर पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार ने अधिकारी व जवानों को हौसला बढ़ाते हुए उन्हें पुरस्कृत किये जाने की बात कही।

प्राप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ पोस्ट इंस्पेक्टर,सीआईबी इंस्पेक्टर,जीआरपी थानाध्यक्ष एवं स्टाफ संयुक्त कार्रवाई की गई थी। गिरफ्तार अपराधियों में फुलैची देवी पति देवधारी महतो ग्राम सबैठवा बहुअरवा बार्ड नम्बर 06, थाना कंगली जिला पश्चिम चम्पारण तथा सोनेलाल साह पिता रंगी साह , मनजीत कुमार पिता गोकुल महतो, बीरेन्द्र कुमार राम पिता विनोद राम व परमेश बैठा पिता फेकू बैठा ग्राम कठिया- मठिया थाना कंगली जिला पश्चिमी चम्पारन को रक्सौल स्टेशन के यार्ड में रोककर उनके द्वारा ले जा रहे एक पिट्ठू बैग एवं तीन झोले को चेक करने पर कुल 67 पीस विभिन्न कम्पनी का स्क्रीनटच एवं एंड्रॉयड मोबाइल फोन पाया गया। उक्त मोबाईल फोन के संबंध में उनके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया तथा न ही किसी तरह का कोई कागजात प्रस्तुत किया गया। पूछताछ में उनके द्वारा बताया गया कि वे लोग सभी दिल्ली से चोरी का मोबाइल खरीदकर नेपाल में बेचने के लिए ले जा रहे थे । उक्त मोबाईल फोन में रेल से चुराया गया मोबाइल भी होना उनके द्वारा बताया गया। मौके की सभी आवश्यक कार्यवाही उपरांत सभी लोगों को गिरफ्तार कर उक्त मोबाईल फोन को जब्त किया गया। इस सम्बंध में जीआरपी थाना रक्सौल में मामला दर्ज की गई।

## तेजस्वी यादव को इंडी महागठबंधन में कोई नेता नहीं मानेगाः मांझी



केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने महागठबंधन की बैठक पर दी प्रतिक्रिया

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गयाः तेजस्वी यादव भले ही ख्याली पुलाव पकाते रहे लेकिन उन्हें इंडी महागठबंधन में कोई नेता नहीं मानेगा।केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने महागठबंधन की बैठक के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी। हम पार्टी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि केंद्रीय मंत्री ने जीतन राम मांझी ने गुरुवार को हुई महागठबंधन की बैठक में नेता का चयन नहीं होने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महागठबंधन की बैठक तो हुई लेकिन नेता नहीं चुना गया। केवल कोऑर्डिनेटर चुना गया है, यह बताता है कि महागठबंधन में सीएम पद के कई दावेदार हैं। जिस तरह लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन का केवल कोऑर्डिनेटर चुना गया था लेकिन कोई नेता नहीं चुना गया था। वहीं हाल बिहार विधानसभा चुनाव में होगा।

एनडीए की तैयारी को लेकर केंद्रीय मंत्री श्री मांझी ने कहा कि हम पूरी एकजुटता से चुनाव लड़ेंगे और बिहार विधानसभा की 225 सीटों पर एनडीए की जीत होगी। नीतीश कुमार हमारे नेता हैं और उनके नेतृत्व में ही चुनाव लड़ा जाएगा। 2025 में एनडीए की जीत के बाद नीतीश कुमार फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे।

पश्चिम बंगाल में हो रही घटनाओं को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वहां जो कुछ हो रहा है उसके लिए खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं। पश्चिम बंगाल के घटनाक्रम पर केंद्र की पैनी नजर है और उन्हें ऐसा लगता है कि अगर जरूरत पड़े तो केंद्र सरकार को इस मामले में दखल देना चाहिए।

## विधायक, पूर्व विधायक व जिला पार्षद ने मृत छात्र उदय के परिजनों से मिलकर दिलाया मदद का भरोसा



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया)ःफतेहपुर प्रखंड क्षेत्र की नौडीहा झुरांग पंचायत के मंझलाकला गांव निवासी उपेन्द्र यादव के 12 वर्षीय पुत्र व कक्षा छह के छात्र उदय कुमार की मौत की खबर पाकर बोधगया विधायक व पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत, पूर्व विधायक अजय पासवान, पूर्व विधायक डॉ श्यामदेव पासवान व जिला पार्षद प्रेम कुमार मंझलाकला गांव स्थित उसके घर पहुंचे। वे यहां मृतक छात्र के पीड़ित परिवारों से मिलकर घटना पर गहरा दुःख जाहिर किया। साथ ही उन्हें सांत्वना दिया और हमेशा पीड़ित परिवारों के साथ सहयोग में खड़ा रहने का भरोसा दिलाया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद घटना स्थल का जायजा लिया। विधायक व पूर्व विधायक ने कहा कि छात्र उदय हत्या मामले की उच्च स्तरीय जांच करा मामले का उद्भेदन कराते हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने की मांग की गई है। जिला पार्षद ने छात्र उदय की मौत की जांच एसआईटी से कराने, जांच में हत्या का मामला सामने आने पर हत्यारों को फांसी की सजा दिलाने के साथ हो पीड़ित परिवारों को दस लाख रुपए मुआवजा देने की मांग सरकार व प्रशासन से की है।

## महिला संवाद कार्यक्रम : सरकारी योजनाओं की जानकारी से महिला प्रफुल्लित हुई

सहरसा, (एजेंसी) : महिला सशक्तिकरण और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा संचालित ₹महिला संवाद कार्यक्रम₹ का शुभारंभ शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025 को किया गया । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में 50 संवाद रथों को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का आगाज किया ।इसी क्रम में, सहरसा जिले के सभी 10 प्रखंडों में 12 संवाद रथों के माध्यम से 24 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है । अगले 60 दिनों तक, 16 जून 2025 तक, ये संवाद रथ जिले के 1468 ग्राम संगठनों तक पहुंचकर महिलाओं के साथ संवाद स्थापित करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य- महिला संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान करना और उनके गांवों या टोलों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित करना है ।




इस संवाद के माध्यम से प्राप्त समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने और सरकार की नीतियों में महिलाओं की आकांक्षाओं को बेहतर ढंग से समाहित करने का लक्ष्य है ।आज सहरसा में आयोजित संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया । संवाद रथ हर निर्धारित ग्राम संगठन में जाकर महिलाओं से उनकी समस्याओं, आकांक्षाओं और सुझावों को सुन रहा है । महिलाओं को राज्य सरकार की योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी दी गई ।इस संवाद कार्यक्रम ने महिलाओं को उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को साझा करने का एक मंच प्रदान किया । कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को अपनी आवाज उठाने का अवसर मिला, जिससे न केवल उनकी समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने में मदद मिलेगी ।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की । उन्होंने बताया कि उन्हें जीविका, महिला उद्यमिता, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी मिली । कई महिलाओं ने संवाद के दौरान अपने जीवन में सरकार की योजनाओं से आए सकारात्मक बदलावों को साझा किया । सतत जीविकोपार्जन योजना से लाभान्वित महिला, हाल ही में शिक्षक, नर्स और पुलिस व अन्य विभाग में नौकरी पाने वाली महिलाओं ने भी अपनी सफलता की प्रेरक कहानियां साझा की।कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने इन अनुभवों से प्रेरणा ली और सरकार की पहल की सराहना की ।

उन्होंने एक सुर में कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और विकास के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही है ।

## स्नाकोत्तर सत्र 2024-26 प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा परिणाम में हुई त्रुटि को लेकर अभाविप ने ज्ञापन सौंपा

पूर्णिया, (एजेंसी) : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूर्णियॉं के शिष्टमंडल ने दर्जनों छात्र-छात्राओं के साथ पूर्णियॉं विश्वविद्यालय पूर्णियॉं के वर्तमान कुलपति डॉ० विवेकानंद सिंह से मिलकर स्नातकोत्तर सत्र 2024-26 प्रथम सेमेस्टर के प्रकाशित परीक्षा परिणाम में व्यापक तौर पर गड़बड़ी को लेकर कुलपति महोदय को अवगत कराया और छात्र कल्याण पदाधिकारी प्रो० मरगूब आलम को ज्ञापन सौंपा।

मौके पर उपस्थित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीतीश निक्कू ने कहा कि स्नाकोत्तर प्रथम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में कई विषयों में 100% बच्चों को परीक्षा परिणाम में अनउत्तीर्ण और प्रमोटेड कर दिया गया है जिससे पूर्णियॉं विश्वविद्यालय अंतर्गत अध्यनरत सैकड़ों छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटकता दिखाई दे रहा है । इसलिए छात्र-छात्राओं के मन में बहुत आक्रोश भरा हुआ है और परीक्षा परिणाम से पूरी तरह असंतुष्ट हैं इसलिए हमलोगों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मिलकर सभी छात्र-छात्राओं के समस्याओं को विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने रखा है ।कुलपति से आश्वासन मिला है कि स्नाकोत्तर प्रथम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में जो भी त्रुटियां हुई है उसको एक सप्ताह के अन्दर इस पर ठोस निर्णय लेकर इसमें सुधार किया जाएगा साथ ही तब तक 2024-26 सत्र द्वितीय सेमेस्टर की नामांकन स्थगित रहेगी।प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपक कुमार ने कहा कि सत्र 2024-26 स्नाकोत्तर प्रथम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में व्यापक गड़बड़ी के चलते पूर्णियॉं विश्वविद्यालय अंतर्गत पठन-पाठन कर रहे हैं। छात्रों के हित को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के हम सभी कार्यकताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन को सभी विषयों के परीक्षा परिणाम में हुई त्रुटि को लेकर अवगत कराया है और एक सप्ताह के अंदर अगर परीक्षा परिणाम में संतोषजनक सुधार नहीं होता है तो हम सभी अभाविप के कार्यकर्ता छात्र हित को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ आंदोलन को बाध्य होगें। जहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दर्जनों कार्यकर्ता एवं दर्जनों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## बाबा साहेब के जयंती के अवसर पर तीन दर्जन शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता को मिला मेडल

पूर्वी चंपारण,(एजेंसी) : जिले के तुरकौलिया प्रखंड स्थित सभागार में बाबा साहेब के जयंती के उपलक्ष पर आयोजित संकल्प सभा में तीन दर्जन शिक्षक व समाजिक कार्यकर्ता को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

आयोजन की अध्यक्षता अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हेडमास्टर मुना राम व संचालन सचिव शिक्षक राजकुमार राम ने किया। कार्यक्रम में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचार को आत्मसात करने पर जोर दिया गया। मौके पर सामाजिक व शैक्षणिक क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले करीब तीन दर्जन सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक व कर्मचारी को सीओ संतोष कुमार, पत्रकार अजय कुमार, रघुनाथपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार पासवान, दारोगा मंजय कुमार के द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वालों में शिक्षक प्रीतेश रंजन, धर्मेंद्र सिंह, संगीता यादव,रूपनारायण राम, किरण राम, विजय राम,सकलदेव राम, दीपक पासवान, शिवनाथ राम, राजकुमार बैठा, मनीष कुमार, अवधेश मांझी, रामजीवन भारती, जटाशंकर राम, वीरेंद्र कुमार, परवेज आलम, राजेश मांझी, रूपलाल राम, सहित अनेक है। कार्यक्रम में हरसिद्धि, कोटवा, मोतिहारी, तुरकौलिया सहित अन्य प्रखंड के लोग शामिल हुए।

## पृष्ठ एक का शेष...

### समस्त विश्व को भारत से ही दिशा मिलेगी....

उन्होंने आगे कहा कि वे भारत के आचार्यों परम्परा में एक महान आचार्य मलूक दास महाराज के जयंती महोत्सव में सम्मिलित होना गौरव पूर्ण क्षण है। उन्होंने सभी से राष्ट्रधर्म एवं सनातन धर्म का पालन करने का अनुरोध किया।

गुरु शरणानन्द महाराज ने कहा कि बिना गुरु के भगवत कृपा पाना भव सागर को पार करने के समान है, इसलिए हर मनुष्य को गुरु दीक्षा अवश्य ग्रहण करनी चाहिए, और गुरुओं के बताए मार्ग पर चलना चाहिए क्योंकि गुरु ही भगवत कृपा पाने का एक सरल मार्ग है।

इससे पूर्व मलूक पीठ में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा समापन दिवस पर व्यासपीठ से बोलते हुए श्रीमज्जगद्गुरू अग्रदेवाचार्य एवं मलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेन्द्रदास देवाचार्य महाराज ने श्रीमद्भागवत के मुक्ति खण्ड पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा की सार्थकता यही है कि जीव अपने कर्मो का पालन करते हुए स्वयं को राग-द्वेष सहित सभी सांसारिक बन्धनों से स्वयं को मुक्त कर ले।

कथा के समापन के बाद मलूक दास महाराज के जयंती पर्व पर सम्मिलित होने पहुंचे योग गुरु बाबा रामदेव एवं कार्ष्णि पीठाधीश्वर गुरु शरणानन्द महाराज सहित अनेकों संत-महंतों द्वारा श्रीमद्जगद्गुरु मलूक दास महाराज की समाधि का पूजन एवं बधाई गायन भी किया गया। महोत्सव में गोरे लाल पीठाधीश्वर महाराज, संत लाडली शरण महाराज, संत रसिक माधव दास महाराज, गोपेश बाबा, अनुराग दास महाराज, धनंजय दास आदि संत उपस्थित रहे।

### विहिप अध्यक्ष ने मुर्शिदाबाद हिंसा को बताया दुर्भाग्यपूर्ण.....

कुमार ने ममता बनर्जी द्वारा केंद्र के कानूनों को लागू न करने के रुख पर भी आलोचना की। उन्होंने कहा, ₹एक मुख्यमंत्री जो सार्वजनिक रूप से केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानूनों को लागू करने से इनकार करती हैं, वह संविधान का सम्मान नहीं कर रही हैं। यह संविधानिक व्यवस्था के ध्वस्त होने का संकेत है। इसलिए हमने केंद्र सरकार से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि विहिप कार्यकर्ता देशभर के जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेंगे और राष्ट्रपति शासन की मांग को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कुमार ने उन्हें ह्यगैर-जिम्मेदारानाह्न करार दिया। उन्होंने कहा, ₹सुरक्षा बलों के खिलाफ जनभावनाओं को भड़काना गंभीर अपराध है। ममता बनर्जी ने मुस्लिम नेताओं के समक्ष बीएसएफ पर जो आरोप लगाए हैं, क्या उनके पास कोई सबूत है? अगर कोई रिश्वत देने का मामला है, तो एनआईए को जांच सौंपें। वरना इस तरह के बयान राष्ट्रीय संस्थाओं की साख को नुकसान पहुंचाते हैं।₹

कुमार ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस और राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) द्वारा मालदा में राहत शिविरों के दौरे का स्वागत किया और मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए पूछा, अगर राज्यपाल और एनसीडब्ल्यू जा सकते हैं, तो मुख्यमंत्री अब तक क्यों नहीं गईं?

बताया गया है कि मुर्शिदाबाद में वक्फ अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान यह हिंसा भड़की। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की है और अब तक 274 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट....

जवान सुरक्षित बच गए। वहीं, पीछे की दूसरी बाइक पर सवार जवान सतर्क हो गए और वहीं रुक गए।

ब्लास्ट के बाद जवानों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए पोजीशन ले ली, लेकिन नक्सलियों की ओर से किसी तरह की दूसरी हरकत नहीं हुई। इसके बाद जवानों ने कैंप को घटना की जानकारी दी और घायल साथी को लेकर बिसरा के लिए रवाना हो गए।इस बीच, बिसरा स्वास्थ्य केंद्र में मधुमक्खी के डंक से घायल जवान का इलाज चल रहा है। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने आसपास के इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। अधिकारियों का मानना है कि यह विस्फोट सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नक्सलियों की कोशिश थी, लेकिन सतर्कता से एक बड़ी घटना टल गई।

एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि पूरे इलाके में सर्च अभियान जारी है।

## संक्षिप्त खबर

### मिट्टी की कारीगरी से दौड़ रही रोजगार की गाड़ी

**पूरा परिवार मिट्टी से तैयार करते हैं सामान, पर्यटक को करते हैं आकर्षित**



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** मिहिजाम थाना क्षेत्र के आसनसोल मिहिजाम मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे मिट्टी की कारीगरी का हुनर सैलानियों को आकर्षित कर रहा है इस कार्य में लगे पूरे परिवार के लोग इसे अपने रोजगार का जरिया के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं और अपने हुनर के दम पर परिवार के रोजी-रोटी की गाड़ी को आगे बढ़ा रहे हैं। कारीगर सुधीर पंडित ने बताया कि कई वर्षों से हुए पूरे परिवार सहित इस कार्य में लगे हैं।मिट्टी से तैयार दीप से लेकर घड़ा, गुलदस्ता, झरना और अन्य सामान बनाते हैं। जिसकी खूब मांग है। ललिता देवी ने बताया कि 10 रुपए के दीप से लेकर 1200 रुपए तक के घड़े तैयार किए जाते हैं।काफी मांग लोगों के बीच है। आने जाने वाले सैलानी अपने वाहन को रोक कर मिट्टी से तैयार इन बर्तनों को खरीदते हैं और अपने साथ ले जाते हैं। पहले यह रोजगार धीरे-धीरे चलाया गया और यह रोजगार की मांग जब बढ़ी तब से सब परिवार मिलकर मिट्टी को विभिन्न आकार देते हैं और इसमें रंग भरकर इसे खूबसूरत बनाते हैं। इस कार्य को करने में मेहनत जरूर लगता है मगर सही-सही उसका दाम मिल जाने से इन लोगों को काफी अच्छा परिणाम मिल रहा है। गर्मी के बढ़ने से मिट्टी का घड़ा पानी के बोतल फूलों का गमला आदि के डिमांड सबसे ज्यादा हैं।बरसात के दिनों में उनके रोजगार का साधन की गति थोड़ी कमजोर पड़ जाती है।

### कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन, जिला पश्चिम बर्धमान द्वारा सलानपुर स्थित अल्लादी मोड़ ग्राम में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम में महिला एवं पुरुषों को ह्यूमन राइट्स एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका के बारे में बताया तथा डालसा से किस प्रकार कानूनी जानकारी या सुविधा प्राप्त कर सकते हैं, विस्तार से समझाया। वहां के वासियों ने बताया कि हमे इसके बारे में ज्ञात नही था कि इस प्रकार से हमे कानूनी सहायता प्राप्त हो सकती है। जिसके लिए मानवाधिकार एसोसिएशन के तहेदिल से धन्यबाद किया।इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष विनय मैहर, जिला प्रोगाम ऑफीसर अशोक कुमार सिंह, सचिव मधु सिंह, हरजीत सिंह, महिला सेक्रेटरी सरवानी दास, एजीएस प्रणव चांद आदि उपस्थित थे।

### पश्चिम बंगाल के हालात बद से बदतर, राष्ट्रपति शासन लागू हो : हरिमोहन मिश्रा

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** पश्चिम बंगाल में जब से ममता बनर्जी की सरकार बनी है, वहां के हालात बद से बदतर होती जा रही है। स्थिति यह है कि मुर्शिदाबाद जिले से हिंदू झारखंड की ओर पलायन कर रहे हैं। इस हालात को देखते हुए तत्काल पश्चिम बंगाल में सरकार बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की आवश्यकता है। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता सह गोड्डा जिला के प्रभारी हरिमोहन मिश्रा ने कही। शुक्रवार को अपने आवासीय कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने इसकी मांग केंद्र सरकार से की है। मिश्रा ने कहा कि हिंदू और हिंदुत्व की सुरक्षा के लिए पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने इस मुद्दे पर राज्य सरकार को भी घेरने का काम किया है। भाजपा नेता हरिमोहन मिश्रा ने कहा कि झारखंड के सीमावर्ती जिलों की स्थिति भी अच्छी नहीं है। खासकर पाकुड़ जिला इससे पूरी तरह से प्रभावित हो चुका है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं है कि पाकुड़ जिला के हिंदू भी झारखंड के अन्य जिलों में अपनी सुरक्षा को लेकर पलायन करेंगे। भाजपा नेता हरिमोहन मिश्रा ने राज्य सरकार पर असामाजिक तत्वों को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सत्तासीन सरकार एवं उसके मंत्री जिस तरीके से असामाजिक तत्वों को संरक्षण दे रहे हैं। उससे राज्य की हालत कभी भी बिगड़ सकती है। ऐसे में हिंदुओं को खुद जागरूक होना होगा तभी हमारी मां, बहने सुरक्षित रह पाएंगी अन्यथा बंगाल जैसे हालात यहां भी उत्पन्न हो सकते हैं। उन्होंने पुनः एक बार मांग की है कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाई जाए।

### किन्नर समुदाय अधिकारों के लिए निकाला प्राइड मार्च



**पश्चिमी सिंहभूम, (एजेंसी)।** कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा शहर में गुरुवार को पहली बार किन्नर समुदाय ने प्राइड मार्च निकाला। इस अनूठे और साहसिक कदम में पश्चिमी सिंहभूम सहित आसपास के जिलों से आए किन्नर प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। यह मार्च केवल एक जुलूस नहीं, बल्कि समाज में गरिमा, समानता और अधिकारों की मांग को लेकर उठाई गई एक सशक्त आवाज थी। प्राइड मार्च के दौरान किन्नर समुदाय ने सरकार से आग्रह किया कि उन्हें विभिन्न सरकारी विभागों में आरक्षण दिया जाए ताकि वे भी समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें। प्रतिनिधि कमली ने कहा कि कॉरपोरेट संस्थानों को भी किन्नरों के लिए रोजगार के दरवाजे खोलने चाहिए। उन्होंने कहा कि हम केवल दया नहीं, बल्कि समान अवसर चाहते हैं।

**भेदभाव के खिलाफ जागरूकता और संघर्ष:** मार्च के दौरान किन्नरों ने हाथों में तख्तियां लेकर और नारे लगाकर अपने अधिकारों की मांग को खुलेआम सामने रखा। सम्मान चाहिए, भीख नहीं, हम भी इंसान हैं, हमें भी अधिकार दो जैसे नारों ने पूरे वातावरण को आंदोलित कर दिया। उनका यह प्रयास समाज में फैली असमानता और भेदभाव के खिलाफ एक चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। यह आयोजन किन्नर समुदाय के लिए एक नए युग की शुरूआत माना जा रहा है। पहली बार इतने बड़े स्तर पर उन्होंने संगठित होकर समाज के समक्ष अपनी स्थिति स्पष्ट की और गरिमा के साथ जीने का अधिकार मांगा।

# मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने किया मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**मिहिजाम :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के नेतृत्व में मिहिजाम विकास की नई गाथा लिख रहा है। मिहिजामवासियों के लिए ऐतिहासिक दिन साबित हुआ जब मंत्री डॉ. अंसारी ने एक भव्य और अत्याधुनिक मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का विधिवत शिलान्यास किया। यह परियोजना ना सिर्फ व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी देगी।अब मिहिजाम नहीं रुकेगा। मिहिजाम को बना रहे हैं हाईटेक शहर।डॉ. अंसारी का यह संकल्प कार्यक्रम में गूंजता रहा। उन्होंने स्पष्ट किया




कि यह परियोजना मिहिजाम को छोटे कस्बे की छवि से बाहर निकालकर भविष्य के आधुनिक और आत्मनिर्भर शहर के रूप में स्थापित करेगी।

सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, व्यापारी वर्ग और समाजसेवी इस अवसर पर मौजूद रहे। लोगों के चेहरों पर खुशी और विश्वास साफ झलक रहा था। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा, मिहिजाम में मैंने विकास की नदी बहा दी है। चाहे सड़क हो, बिजली, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं या शिक्षा, हर क्षेत्र में मिहिजाम बदलाव की मिसाल बन गया है।

डॉ. अंसारी ने यह भी कहा कि यह मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स न केवल स्थानीय व्यापारियों के लिए एक बड़ा मंच होगा बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी ग्राहकों और व्यापारियों को आकर्षित करेगा। जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।सबसे अहम बात यह रही कि मंत्री ने एक बार फिर अपने समावेशी विकास के सिद्धांत को दोहराते हुए कहा, मेरे लिए जाति, धर्म, वर्ग कोई मायने नहीं रखता। विकास ही मेरा धर्म है।स्थानीय लोगों ने मंत्री का भव्य स्वागत करते हुए उनके प्रयासों के लिए आभार प्रकट किया और कहा कि मिहिजाम में अब साफ सड़कें, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट्स और साफ-सफाई जैसी सुविधाएं वास्तविकता बन चुकी है।मंत्री ने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में मिहिजाम के लिए स्मार्ट सुविधाएं, रोजगार केंद्र और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में और भी बड़ी योजनाएं लाई जाएंगी।मिहिजाम अब सिर्फ एक कस्बा नहीं, बल्कि झारखंड के लिए एक रोल मॉडल बनकर उभर रहा है।

## किसानों के बीच किया गया मूंग दाल के बीज का वितरण

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** जामताड़ा प्रखंड के कृषि विभाग के एग्री क्लीनिक सेंटर में कई किसानों के बीच गरमा मूंग का वितरण किया गया।बीज वितरण प्रभारी प्रखंड किसी पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी परिमल दंत, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक मोहम्मद इकबाल हुसैन, प्रखंड टेक्नोलॉजी पदाधिकारी ने उपस्थित सभी किया। बीज प्राप्त करने वाले किसानों में सिमति हेमरम, बस्ती टुडू ,सुनीता मुर्मू, मंगली देवी, मगोली हेंब्रम ,ज्योति हेमरम,उर्मिला मुर्मू, निष्पत्ति बाउड़ी, रूम मुर्मू आदि उपस्थित थे। जिन्हें गरमा मूंग दाल का बीज दिया गया एवं किस प्रकार बीज का उपयोग कर बुआई करें इस संबंध में जानकारी दी गई।



किसानों को ढ़ाई केजी मूंग दाल का बीज वितरण

## चेंबर उप समिति की बैठक में संविधान में संशोधन पर चर्चा

**रांची, (एजेंसी)।** चेंबर को और अधिक सशक्त बनाने और इसकी पहुंच जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक बढ़ाने के उद्देश्य से फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज अपने संविधान में संशोधन करेगा। सदस्यों की ओर से प्राप्त सुझाव पर चर्चा करते हुए पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया और पवन शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को चैंबर भवन में संविधान कमिटी की बैठक हुई। बैठक में सहमति बनी कि चेंबर की 28 अप्रैल को होनेवाली कार्यसमिति की बैठक में सदस्यों के सुझावों पर चर्चा कर, ईओजीएम की तिथि तय की जाएगी। ईओजीएम के माध्यम से संविधान संशोधन को सदस्यों की सहमति से अंतिम रूप दिया जायेगा। संविधान संशोधन में मुख्यतः कार्यकारिणी समिति, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव राज्य के प्रत्येक प्रमंडलों में कराने, क्षेत्रीय प्रमंडलों को सशक्त करने के लिए नियमित अंतराल पर क्षेत्रीय अधिवेशन की अनिवार्यता के अलावा चेंबर को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर बल दिया जाएगा।

## रेंगालबेड़ा में सांसद ने किया सड़क का शिलान्यास



**पश्चिमी सिंहभूम, (एजेंसी)।** जिले के सोनुवा में लंबे समय से सड़क की प्रतीक्षा कर रहे रेंगालबेड़ा गांव के लोगों को आखिरकार बड़ी सौगात मिली। शुक्रवार को सोनुवा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की सांसद जोबा मांझी और विधायक जगत मांझी ने मुख्यमंत्री सोनुवा कुइड़ा पथ से रेंगालबेड़ा तक 2.55 किमी लंबी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस सड़क पर लगभग 3.75 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मौके पर सांसद जोबा मांझी ने कहा कि यह सड़क ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग रही है। उन्होंने कहा कि पूरा गांव एक टापू की तरह है, जहां आने-जाने में ग्रामीणों को काफी दिक्कत होती थी। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि निर्माण कार्य की निगरानी खुद करें ताकि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं हो।

इस अवसर पर विधायक जगत मांझी ने कहा कि यह सड़क गांव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुनाव के दौरान किए गए हर वादे को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में और भी विकास योजनाएं गांव तक पहुंचाई जाएंगी। शिलान्यास कार्यक्रम में कई ग्रामीण उपस्थित रहे। मौके पर ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक नृत्य के साथ सांसद और विधायक का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया फूलचंद जामुदा, अमित अंगरिया, आरईओ के कनिष्ठ अभियंता पप्पू कुमार, उदय सिंह पूर्ति सहित अन्य मौजूद थे।

## वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** नवजीवन इंटरनेशनल समाजिक संस्थान के द्वारा काशीटांड़ गांव में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महिलाओं को राजनीतिक रूप से जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम साबित हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वं सहायता समूह की प्रमुख गीता देवी ने की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवजीवन इंटरनेशनल ट्रस्ट की अध्यक्ष बबीता झा उपस्थित रहीं। उन्होंने वन नेशन वन इलेक्शन की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए कहा कि यह योजना देश के संसाधनों की बचत, चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और प्रशासनिक गतिविधियों को बाधित किए बिना लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल है। बबीता झा ने कहा कि बार-बार चुनाव कराने से न केवल खर्च बढ़ता है, बल्कि विकास कार्यों में भी रुकावट आती है। यदि देशभर में एक साथ चुनाव हों तो इससे समय और संसाधनों की बड़ी बचत होगी और जनता को भी बार-बार मतदान प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे भी इस विषय पर जागरूक हों और अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को इसके फायदे समझाएं। वहीं उन्होंने कहा कि आज हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। आप लोगों के द्वारा जो हस्ताक्षर किया जाएगा उसे राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा।इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा सोरेन, वेदनाथ सोरेन, श्रुति कुमारी, पूना देवी, शांति देवी, यशोदा देवी, रश्मि देवी, संजोती हांसदा, बुनिया देवी और कमली देवी जैसे गणमान्य लोग भी मौजूद थे। सभी अतिथियों ने इस कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि महिलाओं की भागीदारी से समाज में सकारात्मक बदलाव आ सकता है। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा सोरेन ने कहा कि लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बहुत जरूरी है। जब महिलाएं राजनीतिक मुद्दों पर जागरूक होंगी, तभी वे सही निर्णय ले पाएंगी और देश के विकास में अहम भूमिका निभा सकेंगी। उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन जैसी पहलें सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं हैं, बल्कि हम सबकी साझा जिम्मेदारी है कि इस पर गंभीरता से चर्चा करें और आम जनमानस को इससे जोड़ें। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे अपने-अपने गांवों में जाकर लोगों को वन नेशन वन इलेक्शन के लाभों के बारे में जागरूक करेंगे और इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएंगे।



## तीन साइबर अपराधी रंगे हाथों गिरफ्तार, नकद राशि सहित कई सामान बरामद

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** जामताड़ा पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर पुलिस ने नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर के पास खरकोकुंडी गांव में महुआ के पेड़ के नीचे चल रहे साइबर अपराध अड्डे पर छापेमारी कर तीन साइबर अपराधियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया । गिरफ्तार अपराधी में करन दान, उम्र 21 वर्ष, पिता गौर दान, ग्राम सोनबाद, थाना जामताड़ा,फुरकान अंसारी, उम्र 27 वर्ष, पिता उस्मान मियां, ग्राम फिटकोरिया, थाना करमाटांड़, सद्दाम अंसारी, उम्र 30 वर्ष, पिता फारूक मियां, ग्राम फिटकोरिया, थाना करमाटांड़ सभी जिला जामताड़ा निवासी बताया जाता है। गिरफ्तार आरोपीयों के पास से 8मोबाइल फोन ,12 सिम कार्ड ,02 एटीएम कार्ड ,01 आधार कार्ड ,02 पैन कार्ड,नकद राशि 13,700 रुपए बरामद किया गया है।छापेमारी का नेतृत्व थाना प्रभारी सह अवर निरीक्षक मनोज कुमार महतो ने किया। उनके साथ सब-इंस्पेक्टर हीरालाल महतो, एएसआई स्टेनली हेम्ब्रम तथा अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। जानकारी हो किआरोपी गूगल पर विभिन्न ई-कॉमर्स कंपनियों, ई-पेमेंट सेवाओं तथा उपभोक्ता वस्तु कंपनियों के फर्जी कस्टमर केयर नंबर डालते थे। उपभोक्ताओं की कॉल आने पर वे तकनीकी सहायता के नाम पर उनके बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी चुराकर ठगी करते थे।

मुख्य रूप से ये लोग बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, गुजरात के लोगों को बैकुफ बना कर ठगी का काम किया करता था।इन लोगों के विरुद्ध जामताड़ा साइबर थाना कांड संख्या 30/25, 17 अप्रैल दर्ज किया है। इस संबंध में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सभी आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।हालांकि पुलिस द्वारा बिना रुके लगातार की जा रही छापेमारी एवं गिरफ्तारी सराहनीय है। लेकिन एक गंभीर प्रश्न अब भी खड़ा है आखिर क्यों इन साइबर अपराधियों को अपराध के अनुरूप सजा नहीं मिल पा रही है।इन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तो होती है लेकिन अक्सर गैर-गंभीर धाराओं, नॉन-स्टांप मामलों में कानूनी कार्रवाई होने के कारण ये जल्द ही छूट जाते हैं। इसका नतीजा यह है कि ये अपराधी नई-नई तकनीक और पैंतरों के साथ अपराध के साम्राज्य को और विस्तारित कर रहे हैं।विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक इस तरह के मामलों में त्वरित एवं कठोर सजा सुनिश्चित नहीं की जाएगी, तब तक साइबर अपराध की जड़ें और गहरी होती रहेंगी।



## टेरर फंडिंग केस में अमित अग्रवाल के मामले में हुई बहस, एनआईए को जवाब के लिए मिला समय




**रांची, (एजेंसी)।** चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपित अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल, अजय कुमार सिंह और सुदेश केडिया की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में अमित अग्रवाल की ओर से बहस हुई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एनआईए को मामले में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 23 अप्रैल निर्धारित की है। दरअसल, इन तीनों आरोपितों ने अपने खिलाफ किए गए चार्जफ्रेम एवं खारिज किए गए डिस्चार्ज पिटिशन को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। रांची की एनआईए कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल, सुदेश केडिया और अजय कुमार सिंह की डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने उन पर चार्जफ्रेम कर दिया है, जिसे उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। उल्लेखनीय है कि टेरर फंडिंग से जुड़े केस में रांची की एनआईए की विशेष अदालत में सुनवाई चल रही है। एनआईए ने टंडवा थाना में दर्ज प्राथमिकी को फरवरी 2018 को टेकओवर किया था। अनुसंधान के बाद एनआईए ने मामले में 17 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

## साकची गुरुद्वारा में सुखमणि साहिब पाठ शुरू

**पूर्वी सिंहभूम, (एजेंसी)।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में सिखों के पांचवें गुरु और शहीदों के सरताज श्री गुरु अर्जुन देवजी महाराज की महान शहादत को समर्पित सुखमणि साहिब के लड़ीवार पाठ का शुभारंभ साकची गुरुद्वारा साहिब में शुक्रवार को श्रद्धाभाव के साथ शुरू किया गया।

इस अवसर पर सुखमणि साहिब कीर्तनी जत्था और स्त्री सत्संग सभा की बीबियों ने 40 दिनों तक चलने वाले पाठ आरंभ करने से पूर्व कार्य सफलता के लिए गुरु चरणों में अरदास की।



स्त्री सत्संग सभा की कार्यकारी प्रधान अमरीक कौर और सुखमणि साहिब कीर्तनी जत्था की प्रधान राज कौर ने बताया कि 40 दिनों तक चलने वाले सुखमणि साहिब के पाठ की शुरूआत की गयी है। उन्होंने साकची सहित जमशेदपुर की संगत से पाठ में शामिल होने के लिए गुरुद्वारा साहिब में हाजरी लगाने की अपील की। वहीं गुरुद्वारा साहिब में रोजाना पाठ किये जायेंगे।

साकची गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी बाबा अमृतपाल सिंह मन्नन ने गुरु चरणों में अरदास की।

सुखमणि साहिब कीर्तनी जत्था की ओर से प्रधान राज कौर, गुरमीत कौर, कमलजीत कौर, रतनजीत कौर, रणजीत कौर राणी, रणजीत कौर, सरबजीत कौर, जसबीर कौर, सतविंदर कौर, दविंदर कौर, बलविंदर कौर भुर्जी, गुरदीप कौर, राजबीर कौर, सुरजीत कौर सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हुईं।

## संपादकीय

### घाटी की सुरक्षा

इसमें दो राय नहीं कि देश की अखंडता को चुनौती और कानून व्यवस्था के गंभीर संकट के बीच सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा अस्तित्व में आया होगा।हालांकि, नागरिक स्वतंत्रता के अतिक्रमण और कई बार सुरक्षा बलों के अभियानों में चूक के चलते हुई जनक्षति के चलते इसकी सार्थकता को लेकर विमर्श देश में चलता रहा है। इसके खिलाफ लंबे आंदोलन भी हुए और नागरिक स्वतंत्रता से जुड़े संगठन इसका मुखर विरोध भी करते रहे हैं।यद्यपि देश की सरकारें इसे अराजकता व अतिवाद के उपचार के साधन के रूप में देखती रही हैं। बहरहाल, अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सामान्य होती स्थिति के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अफस्पा हटाने के संकेत का स्वागत ही किया जाना चाहिए।जिसके बाद नागरिक स्थलों की सुरक्षा का जिम्मा पुलिस को सौंपा जा सकता है।निश्चित रूप से इसे घाटी में लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल करने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जा सकता है।गृह मंत्री ने यथाशीघ्र इस केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराने व कानून व्यवस्था पुलिस को सौंपे जाने के संकेत दिये हैं।निश्चित रूप से घाटी में पिछले कुछ समय में कानून व्यवस्था में सुधार देखा गया है।सीमा पर कड़ी चौकसी और आतंकवादी संगठनों का वित्त पोषण करने वाले व्यक्तियों व संगठनों पर नकेल कसी गई है। कइयों की संपत्ति की कुर्की, गिरफ्तारी तथा बैंक खातों को सील करने की कार्रवाइयां हुई हैं।जिसके चलते अलगावादियों की गतिविधियों पर किसी हद तक अंकुश लगाने में कामयाबी मिली है।ऐसे में राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिये अनुकूल वातावरण बनता दिख रहा है। ऐसे में अफस्पा हटाने का कदम राज्य में विधानसभा चुनाव के अनुरूप राजनीतिक गतिविधियां आरंभ करने में सहायक साबित हो सकता है।वैसे भी नागरिक प्रशासन से जुड़े स्थानों पर सैन्य बलों की तैनाती लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना की दृष्टि से अच्छी नहीं कही जा सकती है। उम्मीद के अनुरूप गृहमंत्री अमित शाह की जम्मू-कश्मीर से अफस्पा हटाने की टिप्पणी का विभिन्न राजनीतिक दलों व वरिष्ठ नौकरशाहों ने स्वागत ही किया है।जो राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया आरंभ करने की दिशा में पहला व निर्णायक कदम माना जा रहा है।जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाये जाने से पहले वर्ष 2008 से 2018 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे सीनियर ब्यूरोक्रेट एन.एन. वोहरा का मानना है- ह्यजम्मू कश्मीर में विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा हटाकर कानून-व्यवस्था राज्य पुलिस को सौंपने का संकेत एक सार्थक पहल होगी।उन्होंने देश के उन अन्य क्षेत्रों में ऐसी पहल की जरूरत बतायी, जहां आंतरिक सुरक्षा के लिये लंबे समय से सैन्य बलों को तैनात किया गया है। उनका मानना है कि सार्वजनिक व्यवस्था बनाये रखना राज्य पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य है।जिससे सेना को उसके वास्तविक काम पर लौटने में मदद मिल सकेगी।ह्वनिश्चित रूप से किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिक अधिकारों की बहाली सत्ता की प्राथमिकता होनी चाहिए। सैन्य बलों की कार्यशैली में नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता को लेकर भी प्रश्न उठते रहे हैं। निश्चित रूप से नागरिकों से जुड़े कानूनी पहलुओं का क्रियान्वयन व कार्यशैली लोकतांत्रिक दृष्टिकोण की मांग करते हैं।यही वजह है कि जाने-अनजाने में कई निर्दोष लोगों के सैन्य बलों की कार्रवाई की चपेट में आने की आशंका बनी रहती है।पुलिस की भूमिका जहां कानून व्यवस्था बनाये रखने की होती है, वहीं उसे स्थानीय विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का अनुभव भी होता है।

## (चिंतन-मनन)

### कर्म का फल हैं योनियां

जीवों में शरीर तथा इन्द्रियों की विभिन्न अभिव्यक्तियां प्रकृति के कारण हैं। कुल मिलाकर 84 लाख भिन्न-भिन्न योनियां हैं और ये सब प्रकृतिजन्य हैं। जीव के विभिन्न इन्द्रिय-सुखों से ये योनिया मिलती हैं जो इस या उस शरीर में रहने की इच्छा करता है। जब उसे विभिन्न शरीर प्राप्त होते हैं तो वह विभिन्न प्रकार के सुख तथा दुख भोगता है। उसके भौतिक सुख-दुख शरीर के कारण होते हैं, स्वयं उसके कारण नहीं। उसकी मूल अवस्था में भोग में कोई सन्देह नहीं रहता, अतः वही उसकी वास्तविक स्थिति है। वह प्रकृति पर प्रभुत्व जताने के लिए भौतिक जगत में आता है। वैपुंठ लोक शुद्ध है, किन्तु भौतिक जगत में प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के शरीर-सुखों को प्राप्त करने के लिए संघर्षरत रहता है।

यह कहने से बात और स्पष्ट हो जाएगी कि यह शरीर इन्द्रियों का कार्य है। इन्द्रियां इच्छाओं की पूर्ति का साधन हैं। यह शरीर तथा हेतु रूप इन्द्रियां प्रकृति द्वारा प्रदत्त हैं और जीव को पूर्व आकांक्षा तथा कर्म के अनुसार परिस्थितियों के वश वरदान या शाप मिलता है। जीव की इच्छाओं तथा कर्मों के अनुसार प्रकृति उसे विभिन्न स्थानों में पहुंचाती है। जीव स्वयं ऐसे स्थानों में जाने तथा मिलने वाले सुख-दुख का कारण होता है। एक प्रकार का शरीर प्राप्त होने पर वह प्रकृति के वश में हो जाता है।

# लाल सागर : नौवहन में बाधा घातक

–डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्रा–

**स्वेज नहर भू-मध्य सागर को लाल सागर से जोड़ती है। स्वेज नहर से प्रति वर्ष 17000 से ज्यादा जलपोत अपना आवागमन करते हैं।एक जानकारी के मुताबिक, लाल सागर से लगभग 12 प्रतिशत वार्षिक वैश्विक व्यापार किया जाता है। यदि हम भारत की बात करें तो हमारे देश का 200 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का व्यापार स्वेज नहर और लाल सागर के रास्ते से होता है। लाल सागर जल-डमरू वैश्विक कंटेनर यातायात के 30 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 12 प्रतिशत के लिए विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है। यूरोप के साथ भारत की लगभग 80 प्रतिशत वस्तुओं का व्यापार भी इसी मार्ग से होता है। इसी समुद्री मार्ग से भारत अपना 50 प्रतिशत निर्यात और 30 प्रतिशत आयात करता रहा है। वास्तव में लाल सागर में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की सामयिक आवश्यकता है।अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों ने इसी माह एक और जलयान को निशाना बनाकर जोरदार हमला कर दिया।**

यमन में हूती समुद्री लूटेरों से संबद्ध संघर्ष में निरंतर होती वृद्धि और लाल सागर में व्यावसायिक जलयानों पर जारी हमले बड़ी चुनौती के रूप में उभरे हैं।अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों ने 17 मार्च, 2024 के रोज एक और जलयान को निशाना बनाकर कथित रूप से हमला किया। हूती आतंकवादी इजराइल का समर्थन करने के लिए अमेरिका तथा ब्रिटेन को विशेष रूप से अपना विद्रोह प्रदर्शित करके इस क्षेत्र में घातक हमले कर रहे हैं। यमन में हूती विद्रोहियों की तेजी के साथ बढ़ती आक्रामक गतिविधियों ने न केवल अपने विरोधियों को ही प्रभावित किया है, बल्कि लाल सागर के इस संकट से इस क्षेत्र से होने वाला समुद्री व्यापार भी बाधित हो रहा है। मालवाहक जलयानों का इस क्षेत्र से आवागमन बाधित हुआ है, वहीं वैल्पिक मार्ग का इस्तेमाल कर रहे दुनिया भर के देशों के मालवाहक जलपोत लंबी दूरी तय करके आवाजाही कर रहे हैं, जिससे उनकी लागत में इजाफा हो रहा है। उल्लेखनीय है कि अदन दक्षिणी यमन का बंदरगाह शहर है, जहां देश की निर्वासित सरकार है। हूती विद्रोहियों ने इसी इलाके पर अनेक बार ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए हैं। परिणामस्वरूप अदन की खाड़ी से ईंधन और अन्य मालवाहक जलयानों की आवाजाही बाधित हुई है। हूती विद्रोहियों का कहना है कि वे इजराइल को हमास के खिलाफ गाजा पट्टी में अपना आक्रमण बंद करने के लिए मजबूर करना चाहते हैं। लाल सागर में हूती विद्रोहियों के आक्रमण से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की समस्या उत्पन्न हो गई है।जलयान कंपनियां परेशान तथा डरी हुई हैं क्योंकि लंबा जलमार्ग अपनाने से उनका समय एवं लागत, दोनों बढ़ जाते हैं, जिसका प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रभाव आयात-निर्यात पण्राली पर पड़ेगा। ये हमले वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी बड़ी और कड़ी चुनौती बन चुके हैं। अमेरिका से मिली एक जानकारी के अनुसार 23 दिसम्बर, 2023 को हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से इजराइल जाने वाले सभी देशों के जलपोतों पर हमला करने की चेतावनी दी थी। लाल सागर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के रास्तों पर दो एंटीबैलेस्टिक मिसाइलें भी फायर करके इजराइल समर्थक देशों को आगाह किया था। सामरिक, आर्थिक, व्यापारिक और कूटनीतिक दृष्टि से लाल सागर विश्व भर के सबसे संवेदनशील एवं महत्त्वपूर्ण समुद्री मागरे में गिना जाता है। स्वेज नहर भू-मध्य सागर को लाल सागर से जोड़ती है। स्वेज नहर से प्रति वर्ष 17000 से ज्यादा जलपोत अपना आवागमन करते हैं।एक जानकारी के मुताबिक, लाल सागर से लगभग 12 प्रतिशत वार्षिक वैश्विक व्यापार किया जाता है। यदि हम भारत की बात करें तो हमारे देश का 200 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का व्यापार स्वेज नहर और लाल सागर के रास्ते से होता है। लाल सागर जल-डमरू वैश्विक कंटेनर यातायात के 30 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 12 प्रतिशत के लिए विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है। यूरोप के साथ भारत की लगभग 80 प्रतिशत वस्तुओं का व्यापार भी इसी मार्ग से होता है। इसी समुद्री मार्ग से भारत अपना 50 प्रतिशत निर्यात और 30 प्रतिशत आयात करता रहा है। वास्तव में लाल सागर में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की सामयिक आवश्यकता है।अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों ने इसी माह एक और जलयान को निशाना बनाकर जोरदार हमला कर दिया। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंग्डम मैरीटाइम ट्रेड आपरेशंसइ केंद्र ने इस बारे में बताया कि वास्तव में आकस्मिक हमला अदन के अपतटीय क्षेत्र में हुआ। अमेरिकी सेना की मध्य कमान के अनुसार यमन में हूती के नियंत्रण वाले क्षेत्र में पांच ड्रोन नौका और एक ड्रोन को तबाह कर दिया गया है। यह अभी तक नष्ट की जाने वाली ड्रोन नौकाओं की सबसे अधिक संख्या है जो असामान्य है। भारतीय नौसेना अरब सागर के विभिन्न क्षेत्रों में समुद्री सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक अपने युद्धपोत तैनात किए हुए है।समुद्री टोह लेने के लिए विमानों की भी तैनाती कर दी गई है। भारतीय तट से लगभग 1400 समुद्री मील (लगभग 2600 किलोमीटर) दूर लगातार लगभग 40 घंटे तक चलाए गए अपने अभियान के दौरान उसने न केवल माल्टीज ध्वज वाले अपहृत व्यापारिक जलयान एम. वी. रूएन के चालक दल के 17 सदस्यों को सुरक्षित रिहा कराया, बल्कि 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को भी आत्मसमर्पण के लिए बाध्य कर दिया। इस अभियान में भारतीय वायु सेना ने भी सक्रिय भूमिका निभाई जिसने सी-17 एयरक्राफ्ट के जरिए मार्कोस (विशेष समुद्री कमांडो) को एम. वी. रूएन पर एयर ड्राप करवाया। इस एयर क्राफ्ट के सक्रिय सहयोग से दो लड़ाकू नौकाओं को भी उनके सटीक स्थान तक पहुंचाया। भारतीय नौसेना ने अनेक विदेशी जलयानों की सुरक्षा में भी सहयोग दिया है और उन्हें हूती विद्रोहियों के कब्जे से छुड़वाया है।उल्लेखनीय है कि जलयान एमवी रूएन का विगत वर्ष 14 दिसम्बर को सोमालिया के समुद्री डकैतों द्वारा अपहरण कर लिया गया था। भारतीय नौसेना ने मजबूत कूटयोजना के साथ समर तंत्र अपना कर यह अभियान सफलता के साथ पूरा किया। बुल्गारिया की विदेश मंत्री मारिया ग्रेब्रियल ने अपहत जलयान और उसके सात नागरिकों सहित चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचाने के लिए भारतीय नौसेना का आभार व्यक्त किया। इसके प्रतिउत्तर में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा-दोस्त इसी के लिए होते हैंइ वास्तव में यह जलपोत लगभग 10 लाख अमेरिकी डॉलर की कीमत वाला तथा करीब 37800 टन माल ले जाने की क्षमता से युक्त है। इस अभियान में भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस कोलकाता की विशेष भूमिका रही क्योंकि उसने एम. वी. रूएन जलपोत के स्टीयरिंग सिस्टम और नेवीगेशनल सहायता व्यवस्था को अक्षम बना दिया था।निःसंदेह लाल सागर में हूती विद्रोहियों की घातक गतिविधियों के कारण जहां इस क्षेत्र से होकर की जाने वाली तेल आपूर्ति में व्यवधान पड़ा है, वहीं विदेश व्यापार भी प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से प्रभावित हुआ है। इस संकट से उभरने के लिए लाल सागर में सभी प्रकार के जलपोतों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की सामूहिक और सामयिक जरूरत है। आसपास के समुद्री मागरे की सुरक्षा के लिए सभी देशों को समय रहते सजग, सतर्क और सशक्त बनाना होगा ताकि आर्थिक और व्यापारिक विरोधी गतिविधियों पर समय रहते सही ढंग से लगाम लगाई जा सके।

# अंतरराष्ट्रीय दबाव को समय रहते पहचाने सरकार

–सनत जैन–

**यदि इन सब बातों को हम नजर अंदाज करके वह करना चाहते हैं, जो भारतीय संविधान, लोकतांत्रिक व्यवस्था और मानव अधिकारों के अनुरूप नहीं है। ऐसी स्थिति में अंतरराष्ट्रीय जगत का दबाव पहले भी पडता रहा है। एक बार फिर यही अंतरराष्ट्रीय दबाव 1977 के बाद 2024 में देखने को मिल रहा है।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जर्मनी और अमेरिका की सरकारों द्वारा जिस तरह की टिप्पणी की गई है। भारत सरकार ने जिस तरह से जर्मन और अमेरिका की सरकार को प्रतिक्रिया से अवगत कराया है। उसको लेकर अंतरराष्ट्रीय जगत में बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिलने लगी है। भारत सरकार ने जर्मन और अमेरिका के राजनायिकों को दिल्ली के विदेश मंत्रालय में तलब करके, भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने पर नाराजी जताई है। यह भारत का आंतरिक मामला नहीं है। वैश्विक व्यापार संधि के बाद सारी दुनिया के देश आपस में जुड़े हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय समझौते के रूप में भारत ने दर्जनों समझौते मानव अधिकार और लोकतंत्र वैश्विक व्यापार इत्यादि के मसले पर कर रखे हैं। भारत की वर्तमान न्यायपालिका और लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर अंतरराष्ट्रीय जगत में इसी तरह की प्रतिक्रिया होनी थी, जो हुई है। भारतीय न्यायपालिका और भारत सरकार दोनों को ही अमेरिका और जर्मनी द्वारा की गई टिप्पणी को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो इसका असर अंतरराष्ट्रीय संबंधों और व्यापार मे पडना तय है। भारत सरकार राजनीतिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं करेगा। यह संदेश भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय जगत को देने की कोशिश की है। भारत की कानूनी प्रक्रिया पर अमेरिका ने जिस तरह से अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। वह केवल भारत का मामला नहीं है। भारतीय न्याय पालिका से सारे दुनिया के देश जो भारत से किसी भी तरह से कोई रिश्ता रखते हैं। किसी भी देश का कोई नागरिक या कंपनी भारत के साथ रिश्ता रखती है। भारत की न्यायिक व्यवस्था उसे प्रभावित करती है। जिस तरह से भारत की न्यायपालिका को अंतरराष्ट्रीय जगत में स्वतंत्र भारतीय न्यायपालिका के स्थान पर, सरकार के प्रभाव में काम कर रही न्यायपालिका के रूप में देखा जा रहा है। उससे सारी दुनिया के देशों की चिंता बढ़ रही है। भारत में जो नियम कायदे कानून लागू है। वह भारतीयों के साथ-साथ पूरी दुनिया के देशों के उन नागरिकों और उन कंपनियों के ऊपर भी लागू होते हैं। जो भारत के साथ व्यापार, पर्यटन, बैंकिंग, मानव अधिकार और धार्मिक आधार में जुड़े होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय संस्थान जो भारत को आर्थिक मदद देते हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं एक लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत के साथ जिस तरह अंतरराष्ट्रीय कानून की सहभागिता को देखते हुए रिश्ते बनाते हैं। यदि उन्हें लगता है, कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था खत्म हो रही है। न्यायपालिका पर सरकार की दखलंदाजी है। मानव अधिकार कानूनों का पालन ठीक तरीके से नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में अंतरराष्ट्रीय दबाव बनना एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। 1975 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू किया था। वह घोषित आपातकाल था। संसद का कार्यकाल बढ़ाया गया था। इसके विरोध में अंतरराष्ट्रीय जगत में उस समय भी इसी तरह की के प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी। तत्कालीन सरकार पर दबाव बनाया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को आपातकाल को खत्म करना पड़ा था। तत्कालीन सरकार को लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव कराने पड़े। जेल में बंद सारे मीसा बंदियों को छोड़ना पड़ा था। उस समय इंदिरा गांधी ऐसा नहीं करती, तो अमेरिकी प्रतिबंधों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय जगत के कई प्रतिबंधों का सामना भारत को करना पड़ता। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद भारत के ऊपर अमेरिकी प्रतिबंध पहले से ही लागू थे। जिसके कारण भारत सरकार को 1977 में दबाव में आना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण ही भारत सरकार को चुनाव कराने पड़े थे। आपातकाल खत्म करना पड़ा था। अभी अघोषित आपातकाल की तरह स्थिति है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर जो सहमति भारत सरकार ने दी है। भारतीय कानून भी अंतरराष्ट्रीय कानून का समर्थन करते हैं। विशेष रूप से मानव अधिकार, वैश्विक व्यापार एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर जो सहमति हमने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दे रखी है। उसी के कारण अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की वर्तमान स्थिति पर टीका टिप्पणी की जा रही है। यदि इसको सही तरीके से नहीं देखा गया, तो आगे चलकर भारत के लिए मुसीबतें खड़ी हो सकती हैं। भारत सरकार का यह कहना है, जर्मन और अमेरिका ने भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप किया है। यह सही प्रतीत नहीं होता है। जिस तरह से विपक्षी दलों के ऊपर सरकारी एजेंसियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। न्यायपालिका से पीड़ित पक्ष को राहत नहीं मिल रही है। विभिन्न कानूनो के माध्यम से नागरिकों को आरोप के आधार पर कई महीने और सालों तक जेल में बंद करके रखा जा रहा है। न्यायालय से आरोपियों को जमानत नहीं मिल रही है। उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। तारीख पर तारीख दी जा रही है। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं, नागरिकों की स्वतंत्रता और अधिकार धीरे-धीरे खत्म होते जा रहे हैं। संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्रता के साथ काम नहीं कर पा रही हैं। ऐसी स्थिति में अंतरराष्ट्रीय जगत से इस तरह के सुर उठते हैं। भारत सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। भारत सरकार के साथ-साथ भारत की न्यायपालिका, चुनाव आयोग, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग जैसे संस्थान जो स्वतंत्र संस्थान माने गए हैं। इन्हें स्वतंत्रता के साथ यदि काम नहीं करने दिया जाएगा। इसमें निष्पक्ष लोगों की नियुक्ति नहीं होगी। ऐसी स्थिति में भारत अंतर्राष्ट्रीय जमात में अलग-थलग पड़ सकता है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। इसका अपना एक लिखित संविधान है। संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकार और सरकार के गठन को लेकर एक निश्चित प्रक्रिया निर्धारित है। भारत में 75 वर्षों का लोकतांत्रिक इतिहास है।

# मुद्दा : जन सरोकार व संघ का विस्तार

–अवधेश कुमार–

**शाखाओं की संख्या एक लाख करने का लक्ष्य है। राममंदिर के उद्घाटन समारोह से पहले अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत को घरों में बांटने के दौरान संघ एवं समवैचारिक संगठनों के 44 लाख 98 हजार कार्यकर्ता 5 लाख 98, 778 गांवों तक पहुंचे थे। 19 करोड़ 38 लाख परिवारों तक अक्षत पहुंचाया गया और 22 जनवरी को पांच लाख 60 हजार स्थानों पर 9.85 लाख कार्यक्रम हुए। अन्य अनेक संगठनों की समस्या है कि भारत के जनमानस को न समझने के कारण उचित भूमिका नहीं निभाते या विपरीत चले जाते हैं।**

नागपुर में संपन्न राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिनिधि सभा के दौरान संपूर्ण भारत और भारत में अभिरु चि रखने वाले विश्व भर के मीडिया का एकत्रीकरण था। सामने लोक सभा चुनाव के कारण ऐसा लग रहा था कि वहां से इसके संबंध में कुछ रणनीति ऐसी बनेगी, ऐसा वक्तव्य आएगा जो समाचार, बहस और विचार की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण होगा। लंबे अनुभव के बावजूद पत्रकारों और मीडिया संस्थानों की धारणा बदली नहीं है कि चुनाव या राजनीतिक दल या सरकार को फोकस करके संघ के आयोजन नहीं होते। यह संभव नहीं कि चुनाव हो और इसमें संघ की अभिरु चि नहीं हो या उसमें उनकी कोई भूमिका हो ही नहीं। यह भूमिका किस रूप में हो सकती है? इस बारे में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले का वक्तव्य ध्यातव्य है-चुनाव देश के लोकतंत्र का महापर्व हैं। संघ के स्वयंसेवक सौ प्रतिशत मतदान के लिए समाज में जन-जागरण करेंगे। समाज में इसके संदर्भ में कोई भी वैमनस्य, अलगाव, बिखराव या एकता के विपरीत कोई बात न हो, इसके प्रति समाज जागृत रहे। राजनीति और चुनाव को सर्वोपरि मान लेने वाले इस माहौल में सहसा विश्वास करना कठिन है कि देश का सबसे बड़ा स्वयंसेवकों का संगठन मतदाता जागरूकता या समाज में सौमनस्य आदि की दृष्टि से ही चुनाव के दौरान काम करेगा। यह पत्रकारों और मीडिया संस्थानों की जिम्मेवारी है कि देखें कि ऐसा होता है या नहीं? ऐसे सभी संगठनों, जो सीधे दलीय चुनावी राजनीति में शामिल नहीं हैं, की यही यथेष्ट भूमिका हो सकती है। मतदान में किसी दल या उम्मीदवार को अवश्य सहयोग करिए लेकिन संगठन के रूप में चुनावी भूमिका नहीं होनी चाहिए। आप मतदाताओं के बीच जाएं, उन्हें मुद्दों के प्रति जागरूक करें, मतदान के लिए प्रेरित करें तथा इस बीच राजनीतिक दलों के परस्पर आक्रामक तीखे बयानों, आरोपों तथा समाज के अंदर मतदान के लिए वैमनस्य फैलाने वालों या तनाव और हिंसा पैदा करने वालों के असर को कम करने की कोशिश करें। संघ स्वयं को अगर समाज में एक संगठन की जगह समाज का संगठन मानता है तो उसके लिए कोई राजनीतिक दल दुश्मन नहीं हो सकता। हां, राजनीतिक दलों की नीतियां उसके विरुद्ध हैं यानी उसके अनुसार देश हित में नहीं हैं, तो तात्कालिक विरोध किया जा सकता है। प्रतिनिधि सभा ऐसी बैठक होती है जिसमें संघ के सभी शीर्ष पदाधिकारी, प्रांत स्तर के पदाधिकारी और 36 आनुषंगिक संगठनों के प्रमुख या प्रतिनिधि उपस्थित होते हैं। इस नाते 1500 वैसे प्रमुख प्रतिनिधियों की एक जगह उपस्थिति, विमर्श और निर्णय अत्यंत महत्त्व के होंगे। इसमें सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले का पुनर्निर्वाचन हुआ और वे 2027 तक पद पर रहेंगे। संघ पर निष्पक्षता से अध्ययन करने वाले इसका खंडन करते हैं कि यहां चुनाव होता ही नहीं। चुनाव नियमित होते हैं किंतु ज्यादातर अन्य संगठनों या राजनीतिक दलों की तरह पदों की होड़ न होने के कारण नकारात्मक प्रतिस्पर्धा नहीं होती। प्रतिनिधि सभा से घोषित कार्यक्रमों में अहिल्याबाई होल्कर के जन्म के 300वें वर्ष में मई, 2024 से अप्रैल, 2025 तक जन्म वर्ष मनाया जाना है। कितने राजनीतिक दलों, बुद्धिजीवियों और पत्रकारों को अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के महत्त्व का आभास है? कौन राष्ट्रीय संगठन समाज विशेषकर महिलाओं को प्रेरणा देने की दृष्टि से इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करेगा? इसके अलावा जो विषय वहां चर्चा में थे उनमें स्वयंसेवकों द्वारा वर्ष में किए गए मुख्य कार्य, श्रीराम मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का राष्ट्रीय जागरण की दृष्टि से प्रभाव, संदेशखालि की भयावह घटना और मणिपुर, पंजाब आदि शामिल थे। अगर होसबोले कहते हैं कि स्वतंत्र भारत में संदेशखालि जैसी घटनाएं झकझोर देने वाली हैं, दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए तथा इसमें सभी दलों को अपने राजनीतिक स्वाथरे को छोड़कर महिला सुरक्षा और समाज के इस विषय पर एक मत से ऐसी कार्रवाई करनी चाहिए कि भविष्य में ऐसा करने की कोई सोच भी नहीं सके तो इससे कौन असहमत हो सकता है?दुर्भाग्य से राजनीतिक, बौद्धिक एवं आंदोलनात्मक एक्टिविस्टों की दुनिया में इतना तीखा विभाजन है कि यह सोचकर कहीं भाजपा को इसका चुनावी लाभ न मिल जाए अनेक दल, संगठन, बुद्धिजीवी और पत्रकार इसे बड़ा मुद्दा बनाने से बचते हैं। ऐसे लोग संघ पर कोई टिप्पणी करेंगे तो समाज उसे स्वीकार नहीं कर सकता। स्वाभाविक है कि 2025 की विजयदशमी को संघ के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं, तो उसकी चर्चा होगी और उसके अनुसार योजनाएं बनेंगी।

हालांकि संघ यही कह रहा है कि उसे जब तक संसार है तब तक काम करते रहना है, उसमें अनेक 100 वर्ष आएंगे तो 100 वर्ष का कोई ऐसा विशेष महत्त्व नहीं है किंतु उसका ध्यान रखते हुए ज्यादा से ज्यादा शाखा और संपर्क विस्तार हो यही लक्ष्य सामने आ रहा है और उसकी पुष्टि प्रतिनिधि सभा में हुई। संघ द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार 2023 की 68, 651 शाखाओं के मुकाबले संघ की शाखाओं की संख्या बढ़कर 73, 117 पर पहुंच गई। जिन स्थानों पर शाखा लगती हैं, उनकी संख्या 42, 613 से बढ़कर 45, 600 हो गई। प्रतिनिधि सभा में तय हुआ कि 2025 की विजयादशमी से पूर्ण नगर, पूर्ण मंडल तथा पूर्ण खंडों में दैनिक शाखा तथा साप्ताहिक मिलन का लक्ष्य पूरा होगा। शाखाओं की संख्या एक लाख करने का लक्ष्य है। राममंदिर के उद्घाटन समारोह से पहले अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत को घरों में बांटने के दौरान संघ एवं समवैचारिक संगठनों के 44 लाख 98 हजार कार्यकर्ता 5 लाख 98, 778 गांवों तक पहुंचे थे। 19 करोड़ 38 लाख परिवारों तक अक्षत पहुंचाया गया और 22 जनवरी को पांच लाख 60 हजार स्थानों पर 9.85 लाख कार्यक्रम हुए। अन्य अनेक संगठनों की समस्या है कि भारत के जनमानस को न समझने के कारण उचित भूमिका नहीं निभाते या विपरीत चले जाते हैं। दूसरी ओर संघ उसे समझ कर उसके अनुसार भूमिका निभाता है, और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने की कोशिश करता है। आप संदेशखालि को इसलिए महत्त्व नहीं देंगे कि इससे भाजपा को लाभ हो जाएगा तो जनमानस, जो उनकी आवाज उठाएगा, उसके साथ जाएगा।

7_Page 3.qxd 4/18/2025 10:22 PM Page 1



# बालों की खोई हुई खूबसूरती वापस पाना चाहते है तो अपनाए शहद

चेहरे के साथ-साथ बाल भी हमारी पर्सनैलिटी को बढ़ाते हैं। इसके बिना हमारी खूबसूरती अधूरी सी लगती है, लेकिन कई बार उम्र बढ़ने से पहले ही हमें झड़ते बाल, रूखे-बेजान बाल, रूसी और खुजलीज्जैसी कई समस्याएं face करनी पड़ती हैं। अगर आप इसके लिए ढेर सारे उपाय भी कर चुके हैं और कोई फायदा नहीं हुआ, तो अब आजमाएं कुछ Natural। इसमे honey important रोल प्ले कर सकता है। ये आपके बालों की खोई हुई खूबसूरती वापस ला सकता है।

1. बालों की लंबाई (Hair Growth)

शहद एक natural Antio&idant हैं। इससे scalp हेल्दी होते हैं और बालों की growth भी अच्छी होती है। इसके लिए 2 बड़े चम्मच शहद में एक चम्मच पुदीने का तेल और एक चम्मच नारयिर तेल मलिाएं। इस हेयर मास्क को गीले या सूखे बालों पर लगाएं। इसे थोड़ी देर बाद पानी में सेब का सरिका मलिाकर बाल धो लें। इसके बाद कंडीशनर लगाएं।

2. बालों को Highlight करना

बनिा कसिी हार्थ केमकिल का इस्तेमाल कएि भी आप अपने घने बालों को हाइलाइट कर सकती हैं। शहद में मौजूद ग्लोकज ऑक्सीडोज इसमें Natural तरीके से मदद करता है। इससे की में स्सा साफ पानी मिलाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें और बाद में इसे बालों पर 20 मनिट के लिए लगा कर छोड़ दें। बाद में इनहे कंडीशनर से धो लें। अगर आप Bride blond color चाहती हैं, तो इस मक्सिचर में नींबू मलिाएं। अगर Reddish Blonde चाहती हैं, तो इस मिश्रण में दालचीनी ए

शहद natural softener का भी काम करता है।

ये बालों को रुखा होने से बचाता है। High sugar content के कारण बालों को मजबूत बनाने में शहद अहम रोल अदा करता है। इसके लिए वर्जनि Olive oil में शहद मलाकर हल्का गर्म करें। इसे साफ बालों पर लगाएं। शॉवर कैप से बालों को कवर करें और 30 मनिट तक ऐसे ही छोड़ दें। ए धो लें।

4. बालों में Dandruff

शहद के anti bacterial गुणों के कारण ये ह्यष्ड्डद्यश्च को Infection और बैक्टीरया से भी बचाता है। इसका मतलब ये है द्धक इसके इस्तेमाल से डैंड्रफ या खुजली आदकी परेशानी से भी नजित मलिती है। इसके लिए शहद को पानी में मलिाकर scalp पर लगाएं। 2-3 घंटे बालों को ऐसे ही रहने दें। इसके बाद बाल धो लें। अगर बालों में चपिचपिहाट रहे, तो सेब के सरिके में पानी मलिाकर बाल धोएं।

5. बालों में Shine

शहद आपके बालों को चमकदार बनाने में भी मदद करता है। अगर बाल dull, रुखे-सूखे और बेजान हैं, तो आप Honey पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए पांच बड़े चम्मच शहद में दो कप पानी मलिाएं और साफ धुले हुए बालों पर इस मिश्रण को लगाएं। शॉवर कप लगाएं और 30 मनिट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद बाल धो लें। आपको फर्क नजर आएगा।








# सुंदरता का बहुत बड़ा राज छुपा है इन ब्यूटी फूड्स में..

हर कोई चाहता है की वो सुन्दर और खूबसूरत दिखे। इसके लिए वे कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। इसलिए आज हम आपको ब्यूटी प्रोडक्ट्स नही बल्कि ऐसे ब्यूटी फूड्स क बारे में बता रहे हैं जिन्हे रोजाना खाने से आप पा सकती हैं बेहद खूबसूरत और आकर्षक त्वचा।

आइए जाने किस फ़ूड में छुपा है सुंदरता का राज:

सेब



सेब हेल्थ के साथ सुंदरता के लिए बहुत लाभकारी है यह एक एंटीऑक्सीडेंट है जिसके सेवन से धूप से त्वचा का बचाव होता है और स्किन कैंसर के खतरे को भी रोकता है।

डार्क चॉकलेट

डार्क चॉकलेट, ग्रीन टी और रेड वाइन में एंटी ऑक्सीडेंट्स पाया जाता है। जिससे चेहरे पर अच्छा निखार आता है। इससे त्वचा में नमी आती है और धूप से झुलसी त्वचा को भी साफ़ करता है।

शकरकंद खाएं

शकरकंद में विटामिन ए पाया जाता है। यह एक एंटी रिंकल एजेंट है। इससे त्वचा कोमल बनती है।

दही का सेवन करे

रोजाना दही खाएं इससे त्वचा के दाग-धब्बे व झांइया दूर होती है। दही में जिंक और कैल्शियम पाया जाता है जिसके सेवन से सेहत अच्छी होती है साथ ही खूबसूरत त्वचा बनती है।

ब्रोकली खाएं

इसमें एक ऐसा एसिड पाया जाता है जो पैरों को मुलायम बनाने के साथ खूबसूरत बनता है।



# लंबे व मजबूत नाखून पाना चाहते है तो अपनाएं ये चीजें

आजकल हर महिला चाहती है कि उसके नाखून तेजी से बढ़ें और दूखने में खूबसूरत लगें। लंबे नाखूनों नेलपॉलिश बहुत अच्छी लगती है और दिखने में भी वह बहुत खूबसूरत लगते है। लंबे नाखून हाथ की खूबसूरती भी बढ़ा देते है। ऐसे नाखूनों पर नेल आर्ट करना बहुत ही आसान होता है। मगर कई लड़कियों की समस्या होती है कि उनके नाखून अच्छी तरह से बढ नहीं पाते या फिर अगर बढ़ते भी हैं तो वह जल्द टूट जाते हैं। यह समस्या आपके आहार में ढेर सारे पोषक तत्व न शामिल होने के कारण होते है। आज हम आपको मजबूत और लंबे नाखून पाने के घरेलू उपचार बताएंगे।


1. लहसुन लहसुन को दो टुकड़ों में काट कर अपने नाखूनों पर 10 मिनट तक रगड़ें। इससे आपके नाखून 10 दिनों में अच्छे खासे बढ़ जाएंगे। पर इस प्रक्रिया आपको रोजाना सुबह और शाम करनी पड़ेगी।

2. संतरे का रस अंडे के सफेद भाग को एक कटोरी में निकाले और उसमें 2 चम्मच संतरे का रस निचोड़ें। इस घोल को अपने नाखूनों पर 5 मिनट तक लगा कर रखें। इसमें विटामिन सी होता है जो कोलाजिन का प्रोडक्शन करता है जिससे नाखूनों में मजबूती आती है।

3. जैतून तेल अपने नाखूनों पर जैतून का तेल लगा कर मालिश करें। इसमें विटामिन ई होता है जो नाखूनों को पोषण प्रदान करता है और खून का फ्लो नाखूनों तक बढाता है जिससे नाखून बढ़ना शुरु हो जाते हैं।

4. टमाटर नाखूनों पर टमाटर की स्लाइस को 10 मिनट तक रगड़ें। इससे नाखून जल्द बढ़ेंगे।

5. अलसी का तेल एक मुलायम ब्रश की मदद से अपने नाखूनों पर अलसी का तेल लगाएं। 5 मिनट तक इस तेल को लगाए रखें। इसेस आपके नाखूनों को प्रोटीन, विटामिन ई और ओमेगा 3 मिलेगा जिससे नाखूनों में मजबूती आएगी।



6. नारियल का तेल नारियल तेल में फैटी एसिड तथा अन्य पोषण पाए जाते हैं, जिसे नाखूनों पर लगाने से फायदा होता है।

7. एप्पल साइडर वेनिगर 1 चम्मच घिसा लहसुन लें और उसमें 1 चम्मच एप्पल साइडर वेनिगर मिलाएं। इसे अपने नाखूनों पर लगाएं और 10 मिनट तक ऐसे ही रहने दें।

# झुर्रियों से यूं बचाएं अपने Soft hands

चेहरे के मुकाबले हमारे हाथों पर झुर्रियां जल्दी आ जाती हैं। यह बात तो आपने भी नोटिस की होगी। इसका कारण यह है कि हम लोग अपने चेहरे की तो केयर करते हैं लेकिन हाथों और पैरों के मामले में अनदेखी बरतते हैं, जिसकी वजह से हाथों पर उम्र से पहले ही झुर्रियां नजर आने लगती हैं। हाथों को, बल्कि शरीर के सभी हिस्सों को चेहरे जैसी ही देख-रेख की जरूरत होती है। आज हम आपको बताएंगे कि आप किस तरह उम्र से पहले ही पड़ने वाली झुर्रियों से हाथों को बचा सकते हो। इन आसान तरीकों को अपनाने से आपके हाथ मुलायम रहेंगे।

-सख्त साबुन

हम दिन में बहुत बार हाथ धोते हैं लेकिन हाथों को धोने के लिए बार-बार हार्ड साबुन का इस्तेमाल न करें जबकि इसके उल्ट लोग सारा दिन साबुन से ही हाथ घिसते हैं। यह हमारे हाथों की त्वचा को सख्त और बेजान बना देता है। हाथ रूखे-सुखे लगने लगते हैं इसलिए जितना ज्यादा हो सके सख्त और ज्यादा खूशबू वाले साबुन से बचें क्योंकि इसमें बहुत ज्यादा तेज कैमीकल्स का इस्तेमाल किया जाता है।

-डिटर्जेंट

आप घर पर कपड़े तो धोते ही होंगे तो क्या हाथों को मुलायम बनाए रखने के लिए आप कुछ खास तरीकों को इस्तेमाल करती है? डिटर्जेंट में बहुत तेज कैमीकल्स का इस्तेमाल किया जाता है। अगर आप की स्किन सेंसटिव है तो यह आपकी त्वचा को जख्म भी दे सकता है इसलिए कपड़े धोने से पहले हाथों में दस्ताने जरूर पहन लें। इससे न तो आपके हाथ फटेंगे और न ही यह अपनी नमी खोएंगे।

-हैंड सेनिटाइजर

बदलते जमाने के साथ साथ आजकल लोग हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल ज्यादा करने लगे हैं। हाथ सेनिटाइजर से धोना अच्छी बात है लेकिन अगर वह बढ़िया क्वालिटी का हो तो नहीं तो यह आपके हाथों की त्वचा को खराब कर सकते हैं।

-मोएस्चराइजर क्रीम साबुन से हाथ धोने के बाद अक्सर लोग मोएस्चराइजर क्रीम का इस्तेमाल करना भूल जाते हैं लेकिन मोएस्चराइजर का इस्तेमाल न करने से हाथ सख्त से हो जाते हैं। आप जितनी बार हाथ धोते हैं, उतनी बार मोएस्चराइजर लगाएं ताकि हाथ मुलायम रहें।

## संक्षिप्त खबरें

## टैरिफ वॉर से ग्लोबल ट्रेड में गिरावट की आशंका, गुड्स ट्रेडिंग पर सबसे ज्यादा असर



नई दिल्ली, (एजेंसी) : अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वॉर की वजह से ग्लोबल ट्रेड के भी प्रभावित होने के आशंका बन गई है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने आशंका जताई है कि इस टैरिफ वॉर के कारण इस साल ग्लोबल ट्रेड के वॉल्यूम में 0.20 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। इसमें गुड्स ट्रेडिंग पर सबसे ज्यादा असर पड़ सकता है, जबकि सर्विस ट्रेडिंग पर टैरिफ वॉर का प्रत्यक्ष असर ज्यादा नजर नहीं आएगा।

विश्व व्यापार संगठन की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका और चीन टैरिफ को लेकर जिस तरह से एक दूसरे पर हमलावर हुए हैं, उससे गुड्स सेक्टर की ट्रेडिंग में ग्लोबल लेवल पर तेज गिरावट आ सकती है। इस कारण ग्लोबल मार्केट में गुड्स ट्रेडिंग 1.20 प्रतिशत तक फिसल सकती है। इसी तरह डब्ल्यूटीओ ने कॉमर्शियल सर्विसेज ट्रेडिंग के ग्लोबल वॉल्यूम में ग्रोथ रेट के अनुमान को घटा कर 4 प्रतिशत कर दिया है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि सर्विसेज की ट्रेडिंग में टैरिफ वॉर का प्रत्यक्ष असर नहीं होगा। इसके बावजूद इस वजह से वैश्विक कारोबार में बने तनाव के कारण सर्विसेज की ट्रेडिंग भी परोक्ष रूप से प्रभावित होगी।

बताया जा रहा है कि टैरिफ वॉर को लेकर ग्लोबल मार्केट में बनी अनिश्चितता से ट्रेडर्स के बीच असमंजस की स्थिति बन गई है। हालांकि, चीन के अलावा दूसरे देशों पर अमेरिका ने रेसिप्रोकल टैरिफ को 3 महीने के लिए टाल दिया है, लेकिन इस अवधि के बाद क्या होगा, इसको लेकर कारोबारी जगत में चिंता बनी हुई है। डब्ल्यूटीओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि टैरिफ वॉर के कारण बनी अनिश्चितता से ग्लोबल ट्रेड के वॉल्यूम पर तो असर पड़ेगा ही, ग्लोबल ट्रेड का ग्रोथ भी प्रभावित होगा। इसी वजह से रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्लोबल ट्रेड के ग्रोथ का अनुमान भी करीब 1.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3.5 प्रतिशत के स्तर तक आ सकता है। इसके पहले विश्व व्यापार संगठन ने 2025 में ग्लोबल ट्रेड में 5 प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान लगाया था।

## नेपाल के 'लिटिल बुद्ध' राम बहादुर बमजन यौन शोषण के मामले में निर्दोष साबित



काठमांडू, (एजेंसी) : नेपाल में लिटिल बुद्ध के नाम से मशहूर आध्यात्मिक नेता राम बहादुर बमजन को जनकपुर हाई कोर्ट ने बाल यौन शोषण के एक मामले में बरी कर दिया है। जस्टिस खेमराज भट्ट और नरिश्वर भंडारी की खंडपीठ ने जिला अदालत के फैसले को दोषपूर्ण बताते हुए तर्क दिया कि तय सीमा की समाप्ति के बाद बमजन के खिलाफ मामला दायर किया गया था।

लिटिल बुद्ध के नाम से मशहूर बमजन 2005 में भोजन या पानी के बिना ही महीनों तक ध्यान में रहने के बाद अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में आए थे। विदेशी मीडिया खास कर भारत के मीडिया में बमजन के बारे में लगातार खबर आने के बाद तपस्या करते बमजन का दर्शन करने दूर-दूर से लोग नेपाल के उस जंगल में जाने लगे।वह पिछले कुछ समय से अपने ही आश्रम में रहने वाले बालकों के यौन शोषण और अपने चार शिष्यों के गायब होने सहित विभिन्न आरोपों की जांच के घेरे में हैं। उन पर अगस्त, 2016 में सलाहीं में अपने पठारकोट आश्रम में 15 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार करने और उसे चुप रहने की धमकी देने का आरोप था।

सलाहीं की जिला अदालत ने एक जुलाई, 2024 को इसी मामले में बमजन को यौन शोषण का दोषी ठहराया था, जिसे जनकपुर हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी।हाई कोर्ट ने जिला अदालत के फैसले को पलटते हुए लिटिल बुद्ध को यौन शोषण के आरोपों से बरी कर दिया। बुधवार को हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सलाहीं जिला अदालत से तपस्वी बमजन के खिलाफ दी गई 10 साल की जेल की सजा और 5 लाख रुपये का जुमार्ना लागू नहीं किया जा सकता है, क्योंकि फैसले में ही त्रुटि है।

हाई कोर्ट ने कहा कि मामला 1 फरवरी, 2017 तक दायर किया जाना चाहिए था, जबकि यह माला 5 फरवरी, 2017 को दायर किया गया था। बमजन पर दस बच्चों का यौन शोषण करने का आरोप लगाया गया था। कथित तौर पर उनके एक आश्रम में रहने के दौरान किए गए अपराध प्रारंभिक सजा बाल अधिनियम, 2018 पर आधारित थी, लेकिन हाई कोर्ट ने माना कि इस मामले में बाल अधिनियम को पूर्वव्यापी रूप से लागू नहीं किया जा सकता, क्योंकि कानूनी समय सीमा पारित होने के बाद शिकायत दर्ज की गई थी।

## यूक्रेन के प्रति नरम पड़े ट्रम्प, कहा- युद्ध के लिए जेलेंस्की जिम्मेदार नहीं

वाशिंगटन, (एजेंसी) :अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्र्म्प के यूक्रेन के प्रति सुर बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए जेलेंस्की जिम्मेदार नहीं हैं। वह जल्द ही यूक्रेन के साथ एक मिनरल्स डील (खनिज उत्पादन से संबंधित) पर हस्ताक्षर करने की तैयारी कर रहे हैं।इस समय इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी अमेरिका की यात्रा पर हैं।मेलोनी के साथ वार्ता के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि वह जेलेंस्की को युद्ध के लिए जिम्मेदार नहीं मानते। लेकिन इस बात से भी खुश नहीं हूं कि उस क्षेत्र में युद्ध हो रहा है। साथ ही उन्होंने जल्द ही युक्रेन के साथ मिनरल्स डील पर हस्ताक्षर करने की बात कही। ट्रम्प ने यह बयान इटली की प्रधानमंत्री के सामने दिया है, इसलिए भी इसे खासा अहम माना जा रहा है।गौरतलब है कि राष्ट्रपति की शपथ लेने के बाद से ही डोनाल्ड ट्रम्प युद्ध को लेकर जेलेंस्की पर खासे हमलावर रहे हैं। उन्होंने बीते दिनों व्हाइट हाउस में जेलेंस्की को युद्ध के लिए जिम्मेदार बताया था। इस दौरान ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच वाकयुद्ध तक हो गया था। उसके बाद जेलेंस्की ने ट्रम्प को यूक्रेन आकर रूस द्वारा मचाई गई तबाही को देखने का न्यौता दिया था।

# खत्म होने वाला है हुंडई समेत 21 कंपनियों का लॉक इन पीरियड, स्टॉक मार्केट में बढ़ेगी हलचल

नई दिल्ली, (एजेंसी) :घरेलू शेयर बाजार में अगले कुछ दिनों में करीब 21 कंपनियों का लॉक इन पीरियड खत्म होने वाला है। इन 21 कंपनियों में हुंडई मोटर इंडिया, डॉ अग्रवाल्स हेल्थ केयर, स्विगी जैसी बड़ी कंपनियां हैं। लॉक इन पीरियड खत्म होने के बाद इन कंपनियों के एंकर इन्वेस्टर्स के पास उपलब्ध करीब 2.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक के शेयर स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध हो जाएंगे, जिससे बाजार में बड़ी हलचल नजर आ सकती है।



स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग सजेशन, रिसर्च और ट्रेडिंग कंटेंट उपलब्ध कराने वाली कंपनी नुवामा अल्टरनेटिव एंड क्वांटेटिव रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार हुंडई मोटर इंडिया, अग्रवाल्स हेल्थ केयर और स्विगी के अलावा स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स, हरिओम पाइप, होनासा कंज्यूमर (मामाअर्थ), वारी एनर्जीज, सैगिलिटी इंडिया, एसीएमई सोलर होल्डिंग्स, एएसके आटोमोटिव, ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक, रेनबो चिल्ड्रेन्स मेडिकेयर, सेलो वर्ल्ड, डेंटा वाटर एंड इंफ्रा, अजैक्स इंजीनियरिंग, डिफ्यूजन इंजिनियर्स, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, गोदावरी बायो रिफाईनरीज दीपक बिल्डर्स एंड इंजिनियर्स, एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर और ब्लू जेट हेल्थ के एंकर इन्वेस्टर्स के लिए लॉक इन पीरियड खत्म होने वाला है।

दरअसल, जब भी कोई कंपनी आईपीओ लॉन्च करती है, तो उसमें कुछ बड़े संस्थागत निवेशकों को एंकर इन्वेस्टर के रूप में शामिल किया जाता है। इन इन्वेस्टर्स के सामने आईपीओ में हिस्सेदारी खरीदने के बाद एक निश्चित अवधि तक अपने शेयर को होल्ड करन की शर्त होती है। मतलब एक निश्चित अवधि तक एंकर इन्वेस्टर अपने पास रखे शेयर को बेच नहीं सकते हैं। इस अवधि को ही लॉक इन पीरियड कहा जाता है। लॉक इन पीरियड खत्म होने के बाद एंकर इन्वेस्टर्स को ओपन मार्केट में शेयर बेचने की अनुमति मिल जाती है। आमतौर पर लॉक इन की अवधि 3 या 6 महीने की होती है।

हुंडई मोटर्स इंडिया ने पिछले साल अक्टूबर के महीने में अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च किया था। इस कंपनी के करीब 81,821.65 करोड़ रुपये अनुमानित कीमत वाले 50.78 करोड़ शेयर का 6 महीने का लॉक इन पीरियड खत्म होने वाला है। इसी तरह डेंटा वॉटर एंड इंफ्रा, डॉ. अग्रवाल्स हेल्थ केयर, स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स और अजैक्स इंजीनियरिंग जैसी कंपनियों के एंकर इन्वेस्टर्स का 3 महीने का लॉक इन पीरियड खत्म होगा।

## प्रधानमंत्री ओली की माओवादी को चेतावनी, कहा-द्वंदकाल के दौरान किए गए अपराधों को माफ नहीं किया जाएगा

काठमांडू, (एजेंसी) : प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने विपक्षी दल माओवादी को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि नेपाल के दशकों तक लंबे सशस्त्र संघर्ष के दौरान तत्कालीन विद्रोही समूह माओवादी द्वारा किए गए जघन्य अपराधों को किसी भी बहाने माफ नहीं किया जा सकता है।नेपाल के पूर्व सैनिकों और पुलिस संगठन के छठे राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सशस्त्र संघर्ष के कारण पीड़ित हुए एक-एक नेपाली नागरिक को न्याय दिलाने के लिए उनकी सरकार कटिबद्ध है। माओवादी विद्रोहियों द्वारा आम नागरिकों और नेपाल के सुरक्षा बलों के साथ किए गए अमानवीय और जघन्य अपराधों को आम माफी नहीं दी जा सकती है। इसके लिए नेपाल सरकार ने बार बार अंतराष्ट्रीय जगत के सामने प्रतिबद्धता भी व्यक्त की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संक्रमणकालीन न्याय संपादन के लिए गठित सत्य निरूपण आयोग और लापता व्यक्तियों की जांच के लिए आयोग की जवाबदेही सुनिश्चित करने के साथ ही न्याय प्रदान करने के लिए प्रभावी ढंग से काम किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि संक्रमणकालीन न्याय आयोगों के पुनर्गठन में और कोई देरी नहीं होगी।प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि देश ने द्वंद्व काल के पृष्ठ को बदल दिया है और लोकतंत्र को गले लगा लिया है। किसी भी भ्रम या बहाने के तहत हत्या, हिंसा, धार्मिक अतिवाद या अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब हम गठबंधन सरकार में हैं। हमारे पास एकता और राष्ट्र निर्माण की विरासत है और हम एक संप्रभु, एकीकृत नेपाल को नई पीढ़ी को सौंपेंगे। हम राष्ट्रीय गरिमा से समझौता नहीं करेंगे या अपनी सीमाओं को कम करने की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने नेपाल जैसे विविध देश में सामाजिक सद्भाव के महत्व पर प्रकाश डाला और पूर्व सैन्य और पुलिस कर्मियों से देश के मार्गदर्शक सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक सद्भाव के बिना राष्ट्रीय एकता संभव नहीं है। सरकार इस मिशन का नेतृत्व कर रही है और हमें अपने पूर्व सैनिकों और सुरक्षा समुदाय से अटूट समर्थन की आवश्यकता है।

## बंधक छोड़ने व इजरायली सेना की वापसी पर हमास युद्ध बंद करने को तैयार

गाजा शहर, (एजेंसी) : गाजा में इजरायल द्वारा की जा रही ताबड़तोड़ हमले की कार्रवाई से फिलीस्तीनी कट्टरपंथी संगठन हमास बैचेन हो गया है। उसने शर्त रखी है कि गाजा से इजरायली सेना पूरी तह से वापस हो। साथ ही फिलिस्तीनी बंदियों को भी छोड़ा जाए तो बदले में इजरायली बंदियों को भी रिहा कर देंगे। इसके बाद युद्ध भी समाप्त कर दिया जाएगा। हालांकि हमास के इस नए प्रस्ताव पर इजरायल की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हमास के वरिष्ठ पदाधिकारी खलील अल हैया ने गुरुवार की रात एक टेलीविजन पर कहा कि यह प्रस्ताव उनकी ओर से दिया जा रहा है। यदि इस पर सहमति बनती है तो पिछले डेढ़ साल से अधिक समय से गाजा में चल रहे संघर्ष को खत्म किया जा सकता है। हालांकि हमास ने यह भी साफ किया है कि वह इजरायल की उस मांग को मंजूर नहीं करेंगे, जिसमें हमास को अपने हथियार डालने होंगे। गौरतलब है कि बीते दिनों इजरायल द्वारा 45 दिन के अस्थाई संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा था। इसमें शर्त रखी गई थी कि हमास को पूरी तरह से हथियार डालने होंगे। इसे हमास ने खारिज दिया था।

## अमेरिका में पांच लाख का इनामी खालिस्तान समर्थक आतंकी पासिया गिरफ्तार

वाशिंगटन, (एजेंसी) : अमेरिका में खालिस्तान समर्थक संदिग्ध आतंकी व गैंगस्टर हैप्पी पासिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर भारत के चंडीगढ़ के साथ ही पंजाब में कई हमले करने का आरोप है। उसे इमिग्रेशन एंड कस्टम इंफोर्समेंट ने कस्टडी में ले लिया है। उसकी गिरफ्तारी पर भारतीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पांच लाख रुपये का इनाम रखा था। गिरफ्तारी शनिवार की रात को की गई। जांच एजेंसियों को पता चला है कि पासिया पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ मिलकर भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देता था। एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक वह पाकिस्तान में छिपे खालिस्तानी आतंकी हरिवंदर सिंह रिंदा के लिए भी काम करता था। इसके निशाने पर पंजाब के जालंधर के एक पूर्व पुलिस अधीक्षक और उनका परिवार था। उसे जल्द ही भारत लाया जाएगा।

## कोरबा : एसईसीएल ने पेस्ट फिल टेक्नोलॉजी अपनाने के लिए 7040 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किए


कोरबा,(एजेंसी) : कोल इंडिया की आनुषंगिक कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने कोयला खनन के लिए पेस्ट फिल टेक्नोलॉजी अपनाने के लिए टीएमसी मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ 7040 करोड़ रुपये के समझौते पर आज बिलासपुर में हस्ताक्षर किए हैं। इस तकनीक के उपयोग से एसईसीएल देश की पहली कोयला पीएसयू बन जाएगी जो पर्यावरण अनुकूल खनन प्रथाओं को अपनाएगी।इस समझौते के तहत एसईसीएल के कोरबा क्षेत्र में स्थित सिंघाली भूमिगत कोयला खदान में पेस्ट फिल तकनीक का उपयोग करके बड़े पैमाने पर कोयला उत्पादन किया जाएगा।




क्या है पेस्ट फिल टेक्नोलॉजी-पेस्ट फिल एक आधुनिक भूमिगत खनन विधि है जिसमें सतह की जमीन अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं होती है। कोयला निकालने के बाद खाली जगहों को विशेष रूप से तैयार पेस्ट से भरा जाता है, जो फ्लाई ऐश, कुचले हुए ओवरबर्डन, सीमेंट, पानी और बाइंडिंग रसायनों से बनाया जाता है। यह प्रक्रिया जमीन के धंसने से रोकती है और खान की संरचनात्मक स्थिरता सुनिश्चित करती है।सिंघाली भूमिगत खान को 1989 में 0.24 मिलियन टन प्रति वर्ष की उत्पादन क्षमता के लिए मंजूरी दी गई थी और 1993 में परिचालन शुरू किया गया था। वर्तमान में खान में 8.45 मिलियन टन निकासी योग्य जी-7 ग्रेड गैर-कोकिंग कोयले के भंडार हैं। इस खान में पारंपरिक ढंग से खनन करना संभव नहीं था क्योंकि खदान के ऊपर का सतही क्षेत्र घनी आबादी वाला है - जिसमें गाँव, उच्च-तनाव वाली बिजली की लाइनें और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़क है - जिससे सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी चिंताओं के कारण पारंपरिक गुफा निर्माण विधियाँ अव्यवहारिक हो जाती हैं।

हरित खनन की दिशा में कदम-7040 करोड़ रुपये के निवेश के साथ यह परियोजना भारत में हरित खनन प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम है। एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने कहा, ₹मुझे दृढ़ विश्वास है कि पेस्ट फिल तकनीक न केवल भूमिगत खनन के भविष्य को सुरक्षित करेगी, बल्कि एक नवीन और पर्यावरण अनुकूल समाधान भी प्रदान करेगी। यह परियोजना हरित खनन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और आने वाले वर्षों में कोयला उद्योग के भविष्य को आकार देगी।₹

## सराफा बाजार में सोना ने फिर बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड, चांदी के भाव में मामूली गिरावट



नई दिल्ली, (एजेंसी) :वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट आने की आशंका और अमेरिका-चीन के बीच टैरिफ वॉर को लेकर जारी तनातनी के कारण घरेलू सरार्फा बाजार में सोने के भाव में लगातार तूफानी तेजी बनी हुई है। 24 कैरेट सोना आज पहली बार 97 हजार के स्तर को पार करके कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज पहली बार 89 हजार रुपये के ऊपर पहुंचा हुआ है। हालांकि, सरार्फा बाजार में आज चांदी के भाव में मामूली गिरावट दर्ज की गई है।आज की तेजी के कारण सोना 1,290 रुपये से लेकर 1,400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। भाव में आए इस उछाल के बाद देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना महंगा होकर 97,580 रुपये से लेकर 97,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,450 रुपये से लेकर 89,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर चांदी के भाव में मामूली गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सरार्फा बाजार में 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## नेपाल में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह की सभी समितियों की मान्यता खारिज की



काठमांडू, (एजेंसी) : नेपाल में राजशाही के पक्ष में लंबे समय से राजनीति कर रही राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) और पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह के बीच दरार पैदा हो गई है। पार्टी ने पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह के सभी संगठन समूह, अभियान आदि की मान्यता को खारिज कर दी है। इतना ही नहीं, पार्टी ने फैसला लिया है कि पूर्व राजा के अभियान में जुड़ने पर पार्टी की सदस्यता स्वतः खारिज हो जाएगी। पार्टी की केन्द्रीय समिति की बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में शुक्रवार को पत्रकार सम्मेलन में जानकारी दी गई। पार्टी प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ ने बताया कि अब से नेपाल में राजसंस्था की वापसी के लिए पार्टी के नेतृत्व में ही कोई भी अभियान या आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्टी के नेताओं को पार्टी गतिविधि के अलावा अन्य किसी भी प्रकार के अभियान या आंदोलन में शामिल होने पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के ऐसे सभी पदाधिकारियों का पद स्वतः खत्म हो जायेगा, जो अन्य किसी समूह संगठन या अभियान में सक्रिय हैं। पार्टी ने अपने सभी नेताओं को इस तरह के अभियानों से अलग होने की हिदायत भी दी गई है। पार्टी की तरफ से 20 अप्रैल को काठमांडू के निषेधित क्षेत्र में संसद भवन के आगे प्रदर्शन करके सामूहिक गिरफ्तारी देने की घोषणा की गई है।

दरअसल, पिछले दिनों पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह ने राजशाही के पक्ष में राजनीति करने वाली आरपीपी पार्टी को दरकिनार करते हुए उसी पार्टी के कुछ नेताओं को अपने निवास में बुलाकर अलग अभियान की घोषणा करने को कहा था। शाह के निर्देशन के बाद पार्टी के उपाध्यक्ष रवीन्द्र मिश्र, महामंत्री धवल शमशेर राणा, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश चंद लोहनी, केंद्रीय सदस्य नवराज सुवेदी को बुलाकर राजसंस्थ पुनर्स्थापना संयुक्त संघर्ष समिति का गठन किया गया था। इसमें सुबेदी के नेतृत्व में गठित इस समिति में रविन्द्र मिश्र को निदेशक समिति का संयोजक बनाया गया, जबकि धवल शमशेर के नेतृत्व में आंदोलन समिति की घोषणा की गई। इसी तरह पूर्व राजा ने दुर्गा प्रसाई को जनांदोलन समिति का कमांडर बनाया था।

पिछले 28 मार्च को काठमांडू में हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद उस समिति के संयोजक नवराज सुवेदी अभी तक हाउस अरेस्ट हैं, जबकि रविन्द्र मिश्र और धवल शमशेर को पुलिस ने उसी रात को गिरफ्तार किया था। इसी तरह पूर्व राजा के आंदोलन का कमांडर बनाए गए दुर्गा प्रसाई को भारत के असम से गिरफ्तार करके नेपाल लाया गया है।

संक्षिप्त खबरें

## प्रयागराज का हरिस सोनीपत में बना टेनिस चैंपियन



प्रयागराज, (एजेंसी) : जिले के संत जोसफ कॉलेज के कक्षा 7 के छात्र हरिस खान ने सोनीपत में 14 से 18 अप्रैल तक चली एआईटीए (चैंपियनशिप सीरीज-7) के अंडर-12 टेनिस टूनामेंट में शानदार प्रदर्शन कर एकल खिताब अपने नाम किया। हरिस ने फाइनल में सौर्य शेरवत को 2-6, 6-0, 7-5 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की।

यह जानकारी शुक्रवार को धूमनगंज हरवारा निवासी छात्र के पिता महफूज खान ने दी। उन्होंने बताया कि इससे पहले चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में हरिस ने टॉप सीडेड अदयान कुमार सोनी को 6-4, 6-2 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। हरिस ने लगातार दूसरे सप्ताह अपनी जीत का क्रम जारी रखते हुए ये सफलता हासिल की है। ये जीत उनके अथक परिश्रम व प्रतिभा का प्रमाण है। उन्होंने प्रयागराज का नाम रोशन किया। इस जीत के साथ हरिस ने अपने टेनिस कैरियर में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है और भविष्य में और बड़ी सफलताएं हासिल करने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि बेटा हरिस इलाहाबाद जिमखाना अकादमी में सैफ इकबाल से प्रशिक्षण प्राप्त करता है।

## सीएसके ने चोटिल गुरजपनीत की जगह डेवाल्ड ब्रेविस को टीम में किया शामिल



नई दिल्ली, (एजेंसी) : इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के बीच चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में बड़ा बदलाव हुआ है। फ्रेंचाइजी ने चोटिल युवा तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह की जगह दक्षिण अफ्रीका के युवा खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस को शामिल किया है।आईपीएल की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार चेन्नई सुपर किंग्स ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों के लिए चोटिल गुरजपनीत सिंह के स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को अनुबंधित किया है। वह 2.2 करोड़ रुपये में सीएसके का हिस्सा बनेंगे। दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस इस सत्र से पहले हुई मेगा नीलामी में अनसोल्ड रहे थे। उन्हें किसी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा था। अब सीएसके ने उन्हें अपने साथ जोड़ा है।

डेवाल्ड ब्रेविस ने कुल 81 टी20 मैच खेले हैं और 162 के उच्चतम स्कोर के साथ 1787 रन बनाए हैं। उन्होंने 2023 में दक्षिण अफ्रीका के लिए अपना टी20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया और अब तक दो टी20 मुकाबले खेले हैं। ब्रेविस आईपीएल में इससे पहले मुंबई इंडियंस की ओर से खेल चुके हैं, जहां उन्होंने 10 मैच खेले थे। इससे पहले सीएसके के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ भी चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह टीम ने युवा आयुष म्हात्रे को शामिल किया था। वहीं कप्तानी की जिम्मेदारी महेंद्र सिंह धोनी के हाथों में है।

सीएसके की टीम आईपीएल के मौजूदा सीजन में संघर्ष कर रही है। टीम ने अब तक खेले अपने सात मैचों में से मात्र दो में जीत दर्ज की है, जबकि 5 में उसे हार का सामना करना पड़ा है। टीम 4 अंक के साथ पॉइंट टेबल में सबसे नीचे 10वें पायदान पर है

## हॉकी और बास्केटबॉल टूनार्मेंट में श्याम लाल कॉलेज और आईजीआईपीईएसएस की जीत से शुरूआत




नई दिल्ली, (एजेंसी) : राजधानी के श्याम लाल कॉलेज ने चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी और बास्केटबॉल टूनामेंट में शुक्रवार को हंसराज कॉलेज को 4-0 से हरा दिया। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज की ओर से आयोजित टूनामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि ध्यानचंद अवॉर्डी हॉकी ओलंपियन अशोक दीवान और प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह, एसजीटीबी खालसा कॉलेज प्रिंसिपल ने किया।

श्याम लाल कॉलेज की तरफ से अतुल चौधरी, प्रियांशु रावत, प्रत्यूष सिंह जग्गी और आकाश ने एक-एक गोल किए। इस मैच का प्लेयर ऑफ मैच का अवार्ड श्याम लाल कॉलेज के खिलाड़ी प्रत्यूष सिंह जग्गी को मिला।महिला वर्ग के मैच में इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज (आईजीआईपीईएसएस) ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 1-0 से हराया। विजेता टीम की तरफ से एकमात्र गोल आंचल ने किया और प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड भी आंचल को मिला।

## इस साल टी20 में 500 रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने अभिषेक

मुम्बई (एजेंसी) : सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आईपीएल के इस सत्र में अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। अभिषेक ने मुंबई इंडियंस के खिलाप 40 रनों की पारी खेली। इस पारी के साथ ही इस युवा बल्लेबाज ने एक रिकार्ड भी बना लिया। अभिषेक अब तक इस साल टी20 क्रिकेट में सबसे पहले 500 रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस साल 12 पारियों में 511 रन बनाए हैं। उनके अलावा अब तक इस साल कोई भी और भारतीय बल्लेबाज 400 रनों तक भी नहीं पहुंच पाया है।

# फिडे महिला ग्रैंड प्रिक्स : कोनेरू हम्पी की शानदार जीत, दिव्या देशमुख की दमदार वापसी



पुणे (एजेंसी) : फिडे महिला ग्रैंड प्रिक्स 2024 के चौथे दौर में भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने अपने अनुभव और स्थितिगत ताकत का शानदार प्रदर्शन करते हुए रूस की पोलिना शुवालोवा को पराजित किया है। वहीं दिव्या देशमुख ने भी रोमांचक अंदाज में बाजी अपने नाम की, जबकि द्रोणवल्ली हरिका और वैशाली रमेशबाबू का अखिल भारतीय मुकाबला बराबरी पर छूटा।

हम्पी की सटीक रणनीति, पोलिना को किया परास्त

इतालवी ओपनिंग के साथ शुरू हुए इस मुकाबले में हम्पी ने पोलिना के खिलाफ धीरे-धीरे स्थिति मजबूत की। आठवें मोड़ पर पोलिना की एक चूक ने हम्पी को बढ़त दिलाई। 12वीं चाल में रानियों का आदान-प्रदान हुआ और इसके बाद हम्पी ने अपने जुड़े हुए प्यादों और सातवीं पंक्ति तक घुसपैठ करने वाली किश्ती से खेल पर पकड़ बना ली। 26वीं चाल तक तस्वीर साफ हो गई थी और 37 चालों में हम्पी ने बाजी अपने नाम कर ली। मैच के बाद हम्पी ने इसे ह्यआरामदायक खेल बताया।

दिव्या देशमुख की 70 चालों तक चली जंग

दिव्या देशमुख ने कारो-कान बचाव एक्सचेंज वेरिएशन में शानदार खेल दिखाया। उन्होंने ज्यादातर समय बढ़त बनाए रखी और अंत में डबल किश्ती और राजा की मदद से 70 चालों के बाद मेलिया सलोमे को हराया। इस जीत के साथ दिव्या भी अंक तालिका में शीर्ष की ओर पहुंच गई हैं।

हरिका और वैशाली का मुकाबला रोमांचक ड्रॉ-

अखिल भारतीय भिड़ंत में द्रोणवल्ली हरिका और वैशाली रमेशबाबू आमने-सामने थीं। ग्रुनफेल्ड बचाव से शुरू हुए इस मुकाबले में हरिका ने लंबे समय तक बढ़त बनाए रखी, लेकिन वैशाली ने धैर्य नहीं खोया। 34वीं चाल के बाद हरिका कोई निर्णायक बढ़त नहीं बना सकीं और खेल बराबरी पर समाप्त हुआ।

अंक तालिका में कड़ी टक्कर-

चीन की झू जिनर इस समय 3.5 अंकों के साथ अंक तालिका में सबसे आगे हैं। हम्पी और दिव्या दोनों ही जिनर से केवल आधा अंक पीछे हैं। शुक्रवार को हम्पी और हरिका के बीच एक अहम अखिल भारतीय मुकाबला खेला जाएगा, वहीं दिव्या पोलिना से भिड़ेंगी।

## आईपीएल 2025 : गुजरात टाइटंस ने दासुन शनाका को ग्लेन फिलिप्स की जगह टीम में किया शामिल




नई दिल्ली, (एजेंसी) : इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सीजन में गुजरात टाइटंस (जीटी) ने बड़ा बदलाव करते हुए श्रीलंका के दासुन शनाका को टीम में शामिल किया है। शनाका को ग्लेन फिलिप्स की जगह टीम में लिया गया है, जो ग्रोइन इंजरी के चलते टूनामेंट से बाहर हो गए हैं और स्वदेश लौट चुके हैं।ग्लेन फिलिप्स को इस सीजन गुजरात टाइटंस ने 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा था। हालांकि, उन्हें एक भी मुकाबले में खेलने का मौका नहीं मिला और इसी बीच वो ग्रोइन इंजरी का शिकार हो गए। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने उन्हें पूरे टूनामेंट से बाहर कर दिया।दासुन शनाका इससे पहले 2023 के सीजन में भी गुजरात टाइटंस की ओर से खेल चुके हैं। उस वक्त उन्हें कुछ ही मुकाबलों में मौका मिला था। अब एक बार फिर फ्रेंचाइजी ने उन पर भरोसा जताया है। शनाका को उनके बेस प्राइस 75 लाख रुपये में टीम में शामिल किया गया है।दासुन शनाका श्रीलंका के अनुभवी ऑलराउंडर हैं। उन्होंने अब तक 102 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी गेंदबाजी के लिए पहचाने जाने वाले शनाका, गुजरात टाइटंस की प्लेइंग इलेवन में बतौर ऑलराउंडर अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## बार्सिलोना ओपनः कार्लोस अल्कराज क्वार्टरफाइनल में, लासलो जिरे को सीधे सेटों में हराया



बार्सिलोना, (एजेंसी) : स्पेनिश स्टार कार्लोस अल्कराज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। गुरुवार को खेले गए मुकाबले में उन्होंने सर्बिया के लासलो जिरे को 6-2, 6-4 से हराया।पहले सेट में किया दबदबा, दूसरे में दिखा संघर्ष

वर्ल्ड नंबर-2 अल्कराज ने मुकाबले की शानदार शुरूआत करते हुए पहले सेट में जिरे को कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए पहला सेट 6-2 से अपने नाम किया। इस सेट में जिरे एक भी विनर नहीं लगा सके, जबकि अल्कराज ने 8 विनर जमाए।

दूसरे सेट में जिरे ने वापसी की कोशिश की और 4-2 की बढ़त भी बना ली। हालांकि इसके बाद अल्कराज ने लय पकड़ते हुए लगातार चार गेम जीते और सेट के साथ मुकाबला भी अपने नाम किया।

मैच के बाद अल्कराज ने कहा, ₹4-2 से पिछड़ने के बाद मैंने अपनी असली टेनिस खेली। खुशी है कि सही वक्त पर अपना स्तर बढ़ा सका। उम्मीद है कि आगे भी इसी तरह खेल जारी रखूंगा।

अब क्वार्टरफाइनल में अल्कराज का मुकाबला वर्ल्ड नंबर-7 एलेक्स डी मिनाउर या ब्रिटेन के जैकब फर्नले में से किसी एक से होगा। यह मुकाबला शुक्रवार को खेला जाएगा।

डेविडोविच फोकीना ने रुब्लेव को चौंकाया

दूसरी ओर, स्पेन के अलेहांद्रो डेविडोविच फोकीना ने वर्ल्ड नंबर-8 आंद्रे रुब्लेव को 7-5, 6-4 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। छह मुकाबलों में यह पहली बार था जब डेविडोविच फोकीना ने रुब्लेव को शिकस्त दी।

उन्होंने पहले सेट में तीन बार ब्रेक हासिल किया और दूसरा सेट भी शानदार अंदाज में 5-4 की बढ़त के बाद बिना कोई पॉइंट गंवाए मैच अपने नाम कर लिया।खाचनॉफ भी क्वार्टरफाइनल में

## आईएसएसएफ विश्व कपः महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3पी में आठवें स्थान पर रहीं श्रीयंका सदांगी



लीमा, (एजेंसी) : पेरिस ओलंपिक निशानेबाज श्रीयंका सदांगी यहां आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन चरण के तीसरे दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) फाइनल में आठवें स्थान पर रहीं। वह इस डबल लेग वाले दक्षिण अमेरिकी प्रवास पर पहली बार व्यक्तिगत विश्व कप फाइनल में जगह बनाने वाली नवीनतम भारतीय निशानेबाज बन गईं, लेकिन स्टैंडिंग पोजिशन राउंड के 10वें शॉट के बाद बाहर हो गईं, जो 45 शॉट के फाइनल का 40वां शॉट था। फाइनल में श्रीयंका ने अपने पहले प्रयास में 10.5 के साथ अच्छी शुरूआत की, लेकिन जैसे-जैसे फिनिश की ओर बढ़ना शुरू हुआ, श्रीयंका हारती गईं। उनका सबसे अच्छा मौका तब था जब वे दूसरे प्रोन पोजीशन के दो और शॉट के साथ छठे स्थान पर पहुंच गई थीं, लेकिन 9.8 और 9.3 के रिटर्न ने उनकी चुनौती को प्रभावी ढंग से खत्म कर दिया। उन्होंने अपना अंतिम शॉट 9.9 के साथ पूरा किया और 400.7 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहीं ब्राजील की जियोवाना मेयर के साथ बाहर हो गईं।

पेरिस खेलों में रजत पदक जीतने वाली यूएसए की सेगेन मैडालेना ने स्वर्ण पदक जीता। सेगेन के प्रयास ने यूएसए को तीन स्वर्ण और छह पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया। गुरुवार को तीसरे दिन प्रतियोगिता के अंत में भारत दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

भारतीय निशानेबाजों के लिए कुल मिलाकर चुनौतीपूर्ण दिन रहा, उनमें से कोई भी पुरुष 3पी फाइनल में नहीं पहुंच सका और पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) स्पर्धा में क्वालीफाइंग के पहले दौर के बाद उन्हें बहुत कुछ करना था।

महिलाओं की 3पी स्पर्धा में भी पहले दो नीलिंग और प्रोन पोजीशन के बाद भारतीयों को संघर्ष करना पड़ा, लेकिन श्रीयंका, आशी चौकसे और पिछले विश्व कप स्वर्ण विजेता सिफ्ट कौर समरा ने फाइनल स्टैंडिंग पोजीशन में शानदार गति पकड़ी और क्वालीफाइंग मार्क के लिए दौड़ लगाई। श्रीयंका 588 के ठोस स्कोर के साथ सातवें स्थान पर पहुंचने में सफल रहीं,आशी नौवें स्थान पर रहीं जबकि सिफ्ट 11वें स्थान पर रहीं, दोनों 587 पर रुकीं और इस तरह मामूली अंतर से चूक गईं। पुरुषों की 3पी में ऐश्वर्या तोमर, नीरज कुमार और चैन सिंह क्रमशः 17वें, 18वें और 19वें स्थान पर रहे। पहले दो निशानेबाजों ने 587 के समान स्कोर बनाए और कुछ अंकों से अंतिम क्वालीफाइंग मार्क से चूक गए, जबकि चैन ने 586 स्कोर बनाए। इस दिन 25 मीटर की स्पर्धा भी हुई, जिसमें अनीश, विजयवीर सिद्धू और गुरप्रीत सिंह सभी ने पुरुषों की रैपिड-फायर पिस्टल में क्वालीफाइंग के पहले दिन शीर्ष छह क्वालीफाइंग मार्क से बाहर रहकर अपना स्थान बनाया।

# वाराणसी की पूजा यादव ने रचा इतिहास, भारतीय महिला हॉकी टीम में बनाई जगह




नई दिल्ली, (एजेंसी) : वाराणसी के ग्रामीण इलाके से ताल्लुक रखने वाली 21 वर्षीय पूजा यादव ने भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाकर इतिहास रच दिया है। वह पूर्वांचल क्षेत्र की पहली महिला खिलाड़ी बनी हैं, जिन्हें भारतीय हॉकी टीम में शामिल किया गया है। पूजा को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुनी गई 26 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह मिली है। यह दौरा 26 अप्रैल से 4 मई 2025 तक पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा।

सेलेक्शन पर बोलीं पूजा – सपनों को दबाएं नहीं, मेहनत करो और उड़ान भरो

अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए पूजा यादव ने कहा, ह्लजब मुझे टीम में चुने जाने की खबर मिली, तो यकीन नहीं हुआ। घर से हर कोई मुझे फोन कर बधाई देने लगा। मेरे माता-पिता और भाई-बहन बेहद खुश हैं। पहले कभी सोचा नहीं था कि ऐसा कुछ होगा, लेकिन अब वे मुझ पर गर्व कर रहे हैं।ह्व पूजा ने आगे कहा, ह्लमैं गर्व महसूस कर रही हूं कि मैं पूर्वांचल से भारतीय टीम में जगह बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी हूं। मैं चाहती हूं कि मेरी यह कामयाबी गांव-कस्बों की बाकी लड़कियों के लिए भी प्रेरणा बने। उन्हें अपने सपनों को दबाना नहीं चाहिए। अगर परिवार साथ दे और कड़ी मेहनत हो, तो कोई भी मुकाम दूर नहीं।

नेशनल कैंप में सीनियर खिलाड़ियों के साथ अनुभव

पूजा यादव ने 23 मार्च 2025 से बेंगलुरु स्थित साई सेंटर में सीनियर नेशनल कैंप में अभ्यास शुरू किया था। इस दौरान उन्होंने 65 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की सूची में भी जगह बनाई थी। सीनियर खिलाड़ियों के साथ अनुभव को लेकर पूजा ने कहा, ह्लयह मेरे लिए शानदार अनुभव रहा। सीनियर खिलाड़ियों को देखना और उनके साथ खेलना मेरे खेल को कई गुना बेहतर कर रहा है। सभी बहुत मददगार हैं और हमें लगातार बेहतर करने की सलाह देते रहते हैं।

नेहा बनीं मेंटर और रूम पार्टनर

पूजा ने बताया कि नेहा दीदी से उन्हें खास प्रेरणा मिली है। ह्लमैं मिडफील्डर हूं और हमेशा सुषिला दी और नेहा दी को आदर्श मानती थी। अब उनके साथ प्रैक्टिस करना सपना सच होने जैसा है। नेहा दी मेरी रूम पार्टनर भी हैं और उन्होंने खेल के साथ डाइट, रणनीति और भारतीय टीम में खेलने के अनुभव को लेकर बहुत कुछ सिखाया है।

क्रिकेट से हॉकी तक का सफर

पूजा का सफर भी बेहद दिलचस्प रहा है। उन्होंने बताया, ह्लमैं बचपन में क्रिकेट बहुत खेला करती थी, लेकिन स्कूल में हॉकी खेलने का मौका मिला और वहीं से शौक बना। 2015 में खेलना शुरू किया, पहले राज्य की जूनियर टीम में जगह बनाई और फिर सीनियर टीम में भी शामिल हुई। कई बार जूनियर नेशनल टीम से चूकने के बाद भी मैंने हार नहीं मानी। 2025 की सीनियर महिला नेशनल हॉकी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अब नेशनल कैंप तक पहुंची हूं।

ऑस्ट्रेलिया टूर पर फोकस

पूजा का अगला लक्ष्य अब ऑस्ट्रेलिया दौरे में अच्छा प्रदर्शन करना है। उन्होंने कहा, ह्लफिलहाल मेरा ध्यान सिर्फ इसी दौरे पर है। कोशिश करूंगी कि हर मौके का पूरा फायदा उठाऊं और आगे एफआईएच हॉकी प्रो लीग के लिए टीम में अपनी जगह बनाए रख सकूं।

## सऊदी ग्रां प्री से पहले लुईस हैमिल्टन ने फेरारी को लेकर दिया बयान, कहा- टीम पर सबसे ज्यादा रहती है निगाहें

जेद्दाह, (एजेंसी) : सात बार के फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियन लुईस हैमिल्टन ने सऊदी अरब ग्रां प्री से पहले फेरारी को लेकर बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि फेरारी को अक्सर 'क्राइसिस टीम' कहकर बुलाया जाता है और लोग इसकी मुश्किलों को ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं। हैमिल्टन इस सीजन में फेरारी टीम के साथ दौड़ रहे हैं और उन्होंने टीम की ताकत और जुनून की भी तारीफ की।

'फेरारी इतिहास की सबसे बड़ी टीम, इसलिए ज्यादा चर्चा होती है'

हैमिल्टन ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ₹एक तरह से ये उम्मीद की ही जाती है। फेरारी फॉर्मूला 1 इतिहास की सबसे महान टीम है। जाहिर है, इसके बारे में ज्यादा स्टोरीज लिखी जाती हैं और लोग अपनी-अपनी राय देते हैं। सब कुछ हमेशा सुचारू नहीं रहा है।

उन्होंने आगे कहा, ₹इस टीम में कई शानदार चीजें हैं। हम इसके अंदर की ऊर्जा और जुनून को संभालना चाहते हैं। साथ ही इसे सुरक्षित भी रखना जरूरी है, क्योंकि इस टीम पर बाकी टीमों के मुकाबले ज्यादा ध्यान रहता है।

जेद्दाह सर्किट हैमिल्टन का फेवरेट ट्रैक

हैमिल्टन ने जेद्दाह कॉर्निश सर्किट को अपना पसंदीदा ट्रैक बताया। हालांकि, इस ट्रैक को इसकी संकरी लेआउट और हाई-स्पीड कॉर्नर्स की वजह से खतरनाक भी माना जाता है।

हैमिल्टन ने कहा, ₹मुझे ये ट्रैक बेहद पसंद है। ये बहुत तेज है और ड्राइवरों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण भी। गर्मी, तापमान, हाई-स्पीड कॉर्नर्स में जी-फोर्स और तेजी से बदलते हालात इसे और मुश्किल बनाते हैं। इसे शब्दों में बयान कर पाना आसान नहीं।

रेस में वन-स्टॉप स्ट्रैटेजी का दबदबा

हैमिल्टन ने सर्किट की सतह को काफी स्मूद बताया और कहा कि ज्यादातर रेस में वन-स्टॉप स्ट्रैटेजी ही देखने को मिली है। हालांकि, अगर तापमान बढ़ता है तो टीमें दो पिट-स्टॉप करने पर मजबूर हो सकती हैं, जिससे रेस और रोमांचक बन सकती है।

शंघाई में पहली जीत, लेकिन अभी लंबा सफर

हैमिल्टन ने हाल ही में शंघाई स्प्रिंट रेस में अपनी पहली जीत दर्ज की है, लेकिन रविवार को हुई मेन रेस में बहरैन में वो पांचवें स्थान से आगे नहीं बढ़ सके। मीडियम टायर पर कार का प्रदर्शन बेहतरीन था, लेकिन सेफ्टी कार की एंट्री ने टीम की रणनीति बिगाड़ दी और हार्ड टायर लगाने पड़े, जिससे वो पोडियम की रेस में पिछड़ गए।

हैमिल्टन ने कहा कि बहरीन में कार का अनुभव सकारात्मक रहा, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि आगे की रेस में उसी तरह का प्रदर्शन दोहराया जा सकेगा।

संक्षिप्त खबरें

## युवाओं को शाखा से जोड़ने के लिए विशेष प्रयोग शुरू करेगा संघ



**अलीगढ़ में विद्यार्थी शाखा के स्वयंसेवकों के साथ चर्चा करेंगे सरसंघचालक डॉ. भागवत**

अलीगढ़/लखनऊ (एजेंसी): राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य का आधार नित्य प्रति लगने वाली शाखा है। इसलिए युवाओं को संगठन से जोड़ने और शाखा पर विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विशेष प्रयोग शुरू करेगा। शताब्दी वर्ष के निमित्त प्रान्त ईकाइयों को युवाओं के विशेष कार्यक्रम करने के लिए भी कहा गया है। इस दृष्टि से सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले भी विभिन्न जिलों में प्रवास कर रहे हैं। कानपुर के बाद अब ब्रज प्रान्त में सरसंघचालक भागवत का प्रवास इस दृष्टि से देखा जा रहा है। होसबाले लखनऊ में प्रवास करेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत संगठन की दृष्टि से अलीगढ़ के प्रवास पर हैं। वह गुरुवार को अलीगढ़ के संघ कार्यालय केशव सेवा धाम पहुंचे। सरसंघचालक यहां पर 21 अप्रैल तक रहेंगे और संघ पदाधिकारियों के साथ अलग–अलग श्रेणी सह बैठकें करेंगे। बैठक में युवाओं के बीच कार्यविस्तार को लेकर चर्चा होगी। सरसंघचालक डॉ. भागवत 19 अप्रैल को नगर की दो शाखाओं पर जाएंगे। ब्रज प्रान्त के प्रचार विभाग ने इसकी पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार सरसंघचालक हीरालाल इण्टर कालेज में लगने वाली सनातन शाखा और पंचनगरी में लगनी वाली आजाद शाखा के विद्यार्थी स्वयंसेवकों के साथ चर्चा वार्ता करेंगे।

लखनऊ में शाखा टोली के कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे दत्तात्रेय होसबालेराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले दो दिवसीय प्रवास के तहत लखनऊ आ रहे हैं। सरकार्यवाह 20 अप्रैल को आशियाना स्थित स्मृति उपवन में शाखा टोली के कार्यकताओं का मार्गदर्शन करेंगे। सरकार्यवाह के कार्यक्रम को लेकर लखनऊ विभाग में शाखास्तर पर तैयारियां चल रही हैं। समस्त कार्यक्रम गणवेश में होंगे। इसलिए गणवेश पूर्ण कराने के साथ शारीरिक कार्यक्रमों का अभ्यास भी शाखाओं पर चल रहा है। इसके अलावा 21 अप्रैल को दत्तात्रेय होसबाले गुरु गोखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा सम्मान समारोह में शामिल होंगे। लखनऊ के विभाग कार्यवाह अमितेश ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लखनऊ विभाग के शाखा टोली एकत्रीकरण में सरकार्यवाह रहेंगे। यह सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं है। इसमें केवल शाखा टोली के कार्यकर्ता बुलाये गये हैं।

## गीता और नाट्यशास्त्र को वैश्विक मान्यता, भारत की दस्तावेजी विरासत में एक निर्णायक मील का पत्थर

नई दिल्ली, (एजेंसी):गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को की मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड में शामिल कर लिया गया है। यह वैश्विक मान्यता भारत की दस्तावेजी विरासत में एक निर्णायक मील का पत्थर है।

शुक्रवार को इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार समिति झ्र यूनेस्को मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड के सदस्य प्रोफेसर (डॉ.) रमेश चंद्र गौर ने कहा कि यह भारत के लिए गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को आधिकारिक तौर पर यूनेस्को के प्रतिष्ठित मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में अंकित किया गया है। ये दो आधारभूत ग्रंथ अब इस वर्ष मान्यता प्राप्त 74 नई प्रविष्टियों में ाामिल हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर शिलालेखों की कुल संख्या 570 हो गई है।

उन्होंने कहा कि गीता, एक कालातीत दार्शनिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शक है, जिसने दुनिया भर में नैतिक विचार, नेतृत्व और व्यक्तिगत परिवर्तन को आकार दिया है। लगभग 80 भाषाओं में अनुवादित, यह विद्वानों, साधकों और निर्णय लेने वालों के साथ समान रूप से प्रतिध्वनित होता रहता है।

डॉ रमेश चंद्र गौर ने बताया कि नाट्यशास्त्र, प्रदर्शन, सौंदर्यशास्त्र और शास्त्रीय कलाओं पर एक अद्वितीय ग्रंथ है, जो रंगमंच और प्रदर्शन परंपराओं पर सबसे व्यापक दस्तावेजों में से एक है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य, नाटक और संगीत पर इसका प्रभाव गहरा है, और वैश्विक प्रदर्शन सिद्धांत के लिए इसकी प्रासंगिकता स्थायी बनी हुई है। इन अतिरिक्त प्रविष्टियों के साथ, भारत के पास अब अंतर्राष्ट्रीय रजिस्टर में 14 शिलालेख हैं - जो हमारी सभ्यतागत ज्ञान प्रणालियों की गहराई, निरंतरता और वैश्विक महत्व का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सबसे महत्वपूर्ण मील के पत्थरों में से एक है। भारत की बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता में योगदान देना - जिसमें रामचरितमानस, श्रीमद्भगवद्गीता, नाट्यशास्त्र और पंचतंत्र जैसे महाकाव्य और क्लासिक्स शामिल हैं - एक सम्मान और एक गहरी जिम्मेदारी दोनों है। ये मान्यताएँ न केवल प्रतीकात्मक जीत हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्थायी विरासत हैं।

उल्लेखनीय है कि नाटकों के संबंध में शास्त्रीय जानकारी को नाट्यशास्त्र कहते हैं। इस जानकारी का सबसे पुराना ग्रंथ भी नाट्यशास्त्र के नाम से जाना जाता है जिसके रचयिता भरत मुनि थे। भरत मुनि का जीवनकाल 400 ईसापूर्व से 100 ई के मध्य किसी समय माना जाता है।

महाभारत के युद्ध से ठीक पहले भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो उपदेश दिया वह श्रीमद्भगवद्गीता के नाम से प्रसिद्ध है। यह महाभारत के भीष्मपर्व का अङ्ग है। गीता में 18 अध्याय और 700 श्लोक हैं। गीता की गणना प्रस्थानत्रयी में की जाती है, जिसमें उपनिषद् और ब्रह्मसूत्र भी सम्मिलित हैं। भारतीय परम्परा के अनुसार गीता का स्थान वही है जो उपनिषद और धर्मसूत्रों का है।

## पुंछ के लसाना वन क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों को मार गिराने के लिए चलाया गया अभियान तेज

पुंछ, (एजेंसी): जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के लसाना वन क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों को ढूंढने तथा मार गिराने के लिए भारतीय सेना की रोमियो फोर्स और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने गुरुवार को लगातार चौथे दिन अपना संयुक्त अभियान जारी रखा है।

अधिकारियों के अनुसार पुंछ को जम्मू से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित लसाना गांव के पास आतंकवादियों ने रोमियो फोर्स के जवानों पर गोलीबारी की थी, जिसमें एक सुरक्षाकर्मी घायल हो गया था। सोमवार रात को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी के बाद मंगलवार को तलाशी अभियान फिर से शुरू हुआ था, जो आज भी जारी है। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और घने जंगल वाले इलाकों में व्यापक तलाशी अभियान चला रहे हैं।

ऑपरेशन के बारे में जम्मू के पुलिस महानिरीक्षक बीएस टूटी ने कहा कि जिला पिछले डेढ़ से दो साल से आतंकवाद की नई लहर से निपट रहा है। उन्होंने कहा कि इलाके में आतंकवादियों का पता लगाने के लिए एक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज सेना के साथ बैठक हुई और हमने एक कार्ययोजना बनाई है। उन्होंने कहा कि हमने कुछ इलाकों को चिन्हित किया है, जहां आतंकवादियों की मौजूदगी है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई की जाएगी और आने वाले दिनों में आपको इसके नतीजे भी देखने को मिलेंगे।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में एक नक्सल दम्पति सहित 40 लाख के इनामी 22 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



सुकमा, (एजेंसी): छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के माड़ और नुआपाडा डिवीजन में सक्रिय एक नक्सल दम्पति सहित 22 इनामी नक्सलियों ने शुक्रवार को सीआरपीएफ डीआईजी और एसपी सुकमा के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें दम्पति महिला के साथ आठ अन्य महिला नक्सली भी शामिल हैं। इन आत्मसमर्पित नक्सलियों पर छग शासन ने कुल 40 लाख 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने इसकी पुष्टि की है।

इन आत्मसमर्पित 01 पुरुष और 01 महिला नक्सली पर 08-08 लाख, 01 पुरुष और 01 महिला नक्सली पर 05-05 लाख, 02 पुरुष और 05 महिलाओं पर 02-02 लाख, 01 पुरुष नक्सल पर 50 हजार इस तरह से इन सभी 22 नक्सलियों पर कुल 40 लाख 50 हजार रुपये के इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाली

नौ में से सात महिला नक्सलियों पर कुल 15 लाख रुपये का इनाम था।

छत्तीसगढ़ शासन की 'छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति' और 'नक्सल मुक्त पंचायत' सुकमा पुलिस के चलाए जा रहे 'नियद नेल्ला नार' योजना से प्रभावित होने और अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव के साथ नक्सलियों के अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय 09 महिला सहित 22 नक्सलियों ने बिना हथियार नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने का निर्णय लिया।

इसके उद्देश्य से इन नक्सलियों ने आज 18 अप्रैल को सुकमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीआरपीएफ सुकमा रेंज डीआईजी आनंद सिंह राजपुरोहित, एसपी किरण चव्हाण, सीआरपीएफ कमाण्डेन्ट 226 वहिनी धन सिंह बिष्ट, सीआरपीएफ द्वितीय वहिनी द्वितीय कमान अधिकारी आनामी शरण, सीआरपीएफ 226 वहिनी द्वितीय कमान अधिकारी बिरेन्द्र कुमार खंतवाल, एएसपी नक्सल ऑप्स उमेश प्रसाद गुप्ता, सीआरपीएफ उप कमाण्डेन्ट 219 वहिनी टी. भगद सिह, कोबरा 203 वहिनी उप कमाण्डेन्ट महेन्द्र सिंह भाटी, एएसपी नक्सल अभियान मनीष रात्रे, सीआरपीएफ 241 वाहिनी सहायक कमाण्डेन्ट नीरज पनवार, एवं सीआरपीएफ 227 वाहिनी सहायक कमाण्डेन्ट कमलेश कुमार साहू के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। उक्त सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन के नए पुनर्वास नीति 'छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति-2025' तहत प्रत्येक को 50-50 हजार रुपये के मान से प्रोत्साहन राशि व कपड़े प्रदान किया गया और अन्य सुविधाएं प्रदान किए जाएंगे।

एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि एक नक्सली दंपति सहित 22 इनामी नक्सलियों ने आज आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर छग शासन ने कुल 40 लाख 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था।

## छत्तीसगढ़ के 110 आईपीएस अधिकारियों में से एसपी रैंक के सिर्फ 15 ने दी अपनी संपत्ति का ब्यौरा, दुर्ग एसएसपी सबसे अमीर

| जिला | एसपी | कुल संपत्ति |
|---|---|---|
| रायपुर | लाल उम्मेद सिंह | 1 करोड़ 68 लाख |
| दुर्ग | जितेंद्र शुक्ला | 2 करोड़ 10 लाख |
| राजनांदगांव | मोहित गर्ग | 1 करोड़ 95 लाख |
| कबीरधाम | धर्मेंद्र सिंह | 1 करोड़ 41 लाख |
| कोरबा | सिद्धार्थ तिवारी | 45 लाख 87 हजार |
| रायगढ़ | दिव्यांग कुमार पटेल | 95 लाख |
| बस्तर | शलभ कुमार सिन्हा | 70 लाख |
| कांकेर | इंदिरा कल्याण ऐलासेला | 45 लाख |
| सरगुजा | योगेश पटेल | 25 लाख |
| कोरिया | सूरज सिंह परिहार | 98 लाख |
| जशपुर | शशि मोहन सिंह | 52 लाख |
| सूरजपुर | प्रशांत कुमार ठाकुर | 37 लाख |
| मुंगेली | भोजराम पटेल | 80 लाख |
| बेमेतरा | रामकृष्ण साहू | 80 लाख |
| गौरेला पेंड्रा मरवाही | भावना गुप्ता | 16 लाख |

रायपुर, (एजेंसी): छत्तीसगढ़ में कुल 110 आईपीएस अफसर हैं, जिनमें एसपी, एसएसपी, डीआईजी, आईजी, एडीजी और डीजीपी शामिल हैं। इन अधिकारियों में से अभी तक पुलिस अधीक्षक (एसपी) रैंक के 33 में से 15 अधिकारियों ने अपनी संपत्ति की जानकारी दी है। गृह मंत्रालय को भेजे गए इन अधिकारियों के संपत्ति के ब्यौरे के अनुसार दुर्ग एसएसपी सबसे अमीर हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रॉपर्टी की जानकारी मांगी थी।

गृह मंत्रालय के मुताबिक 33 जिलों के एसपी में से सबसे अधिक संपत्ति दुर्ग एसएसपी के पास है। दुर्ग जिले के एसएसपी जितेंद्र शुक्ला के पास करीब दो करोड़ 10 लाख रुपये की संपत्ति है। वहीं सबसे कम जीपीएम जिले की एसपी भावना गुप्ता के पास केवल 16 लाख रुपये की संपत्ति है। धमतरी, बिलासपुर और दंतेवाड़ा के एसपी ने अभी जानकारी नहीं दी है। वहीं 5 जिलों के एसपी के पास कोई संपत्ति नहीं है। दस पुलिस अधीक्षकों के पास अपना मकान भी नहीं है।

इस ब्यौरे के मुताबिक 33 जिलों के पुलिस अधीक्षकों में से 11 ने अपनी संपत्ति की जानकारी नहीं दी है। इनमें बिलासपुर, गरियाबंद, बलौदाबाजार, बालौद और सक्ती सहित अन्य जिलों के पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। जिन्होंने संपत्ति की जानकारी नहीं दी, उनमें आंजनेय वार्ष्णेय (धमतरी), रजनेश सिंह (बिलासपुर), विवेक शुक्ला (जांजगीर चांपा), बैंकर वैभव रमनलाल (बलरामपुर), निखिल कुमार रखेजा (गरियाबंद), विजय अग्रवाल (बलौदाबाजार), सूरजन कुमार भगत (बालौद), त्रिलोक बंसल, वाय.पी सिंह, अंकिता शर्मा, चंद्रमोहन सिंह का नाम शामिल है।

## नूंह के फिरोजपुर झिरका में 19 से 21 अप्रैल को होगा तब्लीगी जमात का जलसा


नूंह, (एजेंसी): तब्लीगी जमात का जलसा पहली बार हरियाणा के नूंह में होने जा रहा है। नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका में 19 से 21 अप्रैल तक होने वाले इस जलसे में तब्लीगी जमात से जुड़े देश-विदेश के लगभग 15 लाख मुस्लिम शामिल होने का दावा किया जा रहा है। इसके लिए 121 एकड़ जमीन पर इंतजाम किए गए हैं। खास बात यह रहेगी कि जलसा के अंदर पुलिस की एंट्री नहीं है। पुलिस बाहर से ही सुरक्षा व्यवस्था देखने का काम करेगी।

जमात कार्यक्रम के मीडिया कोर्डिनेटर रफीक मास्टर ने शुक्रवार को बताया कि कार्यक्रम में हजरत निजामुद्दीन से मौलाना साद साहब जलसा को संबोधित करेंगे। तब्लीगी जमात का यह तीन दिवसीय जलसा फिरोजपुर झिरका में होगा। जलसा के लिए 121 एकड़ जमीन पर टेंट लगाया गया है, जिसमें एक सौ एकड़ में बैठने, पार्किंग अन्य व्यवस्था की गई है। रफीक मास्टर के मुताबिक कार्यक्रम की तैयारियां पिछले चार महीनों से चल रही है, जलसा में कोई कमी ना रहे इसके लिए एक्सपर्ट टीम की सहायता भी ली जा रही है।

उन्होंने बताया कि तीन दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में चिकन के अलावा किसी अन्य पशु की बिरयानी बेचने पर रोक रहेगी। तब्लीगी जमात की शिक्षा की शुरूआत मेवात से ही मानी जाती है। वर्ष 1926-27 में हजरत मौलाना इलियास ने नूंह में इस्लामिक शिक्षा का प्रचार किया था और नूंह को ही इस्लामी शिक्षा का केंद्र बनाया था। मेवात से शुरू होकर यह तब्लीगी जमात आज दुनिया के लगभग 150 देशों में फैली हुई है।

रफीक मास्टर ने कहा कि तब्लीकी जमात हरियाणा, राजस्थान, यूपी और दिल्ली के कुछ क्षेत्रों को मेवात ही मानती है और कई राज्यों में जलसे भी करवाती है। पिछली बार यह जलसा राजस्थान में हुआ था। रफीक मास्टर ने बताया कि मौलाना साद के अलावा और मौलाना इस कार्यक्रम में पहुंचेंगे और पूरी जमात को इस्लामिक रास्तों पर चलने के लिए प्रेरित करेंगे।

# 1 मई से सैटेलाइट आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम शुरू करने पर अभी कोई फैसला नहीं: मंत्रालय




नई दिल्ली, (एजेंसी):सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि 1 मई से सैटेलाइट आधारित टोल कलेक्शन के राष्ट्रव्यापी कार्यान्वयन के संबंध में मंत्रालय या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। दरअसल, मीडिया के कुछ वर्गों में इस आशय का समाचार प्रसारित किया गया कि 1 मई 2025 से सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम शुरू किया जाएगा और यह मौजूदा फास्टैग आधारित टोल संग्रह प्रणाली की जगह लेगा, जिसके बाद सरकार की ओर से यह स्पष्टीकरण जारी किया गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का कहना है कि टोल प्लाजा के माध्यम से वाहनों की निर्बाध, बाधा रहित आवाजाही को सक्षम करने और यात्रा के समय को कम करने के लिए ह्यएएनपीआर-फास्टैग आधारित बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टमह्न को चुनिंदा टोल प्लाजा पर लागू किया जाएगा।

उन्नत टोलिंग प्रणाली में ह्यस्वचालित नंबर प्लेट पहचानह्न (एएनपीआर) तकनीक शामिल होगी, जो वाहनों की नंबर प्लेट पढ़कर उनकी पहचान करेगी और मौजूदा ह्यफास्टैग प्रणालीह्न टोल कटौती के लिए रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) का उपयोग करती है। इसके तहत वाहनों को टोल प्लाजा पर रुके बिना, उच्च प्रदर्शन वाले एएनपीआर कैमरों और फास्टैग रीडर्स के माध्यम से उनकी पहचान के आधार पर चार्ज किया जाएगा। नियमों का पालन न करने की स्थिति में उल्लंघनकताओं को ई-नोटिस दिए जाएंगे, जिसका भुगतान न करने पर फास्टैग निलंबित हो सकता है और वाहन से संबंधित अन्य दंड भी लगाया जा सकता है। एनएचएआई ने ह्यएएनपीआर-फास्टैग-आधारित बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टमह्न के कार्यान्वयन के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं, जिन्हें चयनित टोल प्लाजा पर स्थापित किया जाएगा। इस प्रणाली के प्रदर्शन, दक्षता और उपयोगकर्ता की प्रतिक्रिया के आधार पर देशभर में इसके कार्यान्वयन के बारे में निर्णय लिया जाएगा।

# आईपीयू में दाखिले के लिए 26 अप्रैल से शुरू होंगी प्रवेश परीक्षाएं



नई दिल्ली, (एजेंसी):गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (आईपीयू) के विभिन्न प्रोग्राम में दाखिले के लिए 26 अप्रैल से प्रवेश परीक्षाएं (सीईटी) शुरू हो रही हैं।

यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एस. एल. भंडारकर ने शुक्रवार को बताया कि ये परीक्षाएं पहले ही की तरह पेपर-पेन मोड में ओएएमआर शीट पर आयोजित की जाएंगी। प्रश्न बहुविकल्प श्रेणी के होंगे। उतर गलत होने पर निगेटिव मार्किंग भी होगी।

डॉ. भंडारकर ने बताया कि ये परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाएंगी। सुबह की पाली 10 बजे से साढ़े बारह बजे की और शाम की पाली ढाई बजे से पांच बजे की होगी।

26 अप्रैल (शनिवार) को सुबह की पाली में एमबीए और बी. टेक (बायोटेक) के लिए प्रवेश परीक्षाएं हैं। शाम की पाली में एमए (अंग्रेजी) और बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी के लिए प्रवेश परीक्षाएं हैं।

27 अप्रैल (रविवार) को सुबह की पाली में एमसीए, एमसीए (एसई), बैचलर औफ डिजाइन और बीएसई (नर्सिंग) के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

शाम की पाली में एमओटी (न्यूरोलॉजी), एमपीओ, बी. फार्म, एम. टेक (सीईटी एंड वीएलएसआई), एम. टेक (बायोटेक्नॉलॉजी), एम. टेक (केमिकल इंजीनियरिंग), एमए (अर्थशास्त्र), एडवांस डिप्लोमा इन चाइल्ड गाइडेंस एंड काउंसलिंग, एमएससी (योग), मास्टर ऑफ डिजाइन, एमएड (स्पेशल एजुकेशन) और लेटरल एंट्री टू बैचलर ऑफ डिजाइन के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

## सेना के जवानों से हथियार छीनने की कोशिश, मारपीट की शिकायत पर जांच के आदेश

राजौरी, (एजेंसी): राजौरी जिले में सेना के जवानों से कुछ लोगों ने हथियार छीनने की कोशिश की और उनके साथ हाथापाई भी की।इसके बाद जवानों पर आतंकवादियों की तलाश में चलाये जा रहे अभियान के दौरान इग्नू के एक प्रोफेसर पर हमला करने का आरोप लगा है।इस पर सेना ने घटना की जांच के आदेश देते हुए कहा है कि यदि कोई भी सैनिक दुर्व्यवहार का दोषी पाया जाता है, तो मौजूदा कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।दरअसल, इग्नू के प्रोफेसर डॉ. लियाकत अली ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' के जरिये आरोप लगाया कि राजौरी जिले के नौशेरा में सेना की इकाई 58 आरआर के जवानों ने कल रात चेक प्वाइंट पर कार की तलाशी के नाम पर मारपीट की। तलाशी के दौरान उनकी कार में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली।उनके साथ में आईटीबीपी में तैनात रिश्तेदार भी थे, जिनके साथ भी सेना के जवानों ने मारपीट की। सैनिकों ने आईटीबीपी के जवान को नाले में ले जाकर पीटा भी।

इस घटना की जानकारी मिलने के बाद सेना ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि उन्हें इस संवेदनशील क्षेत्र में एक वाहन में आतंकवादियों की संभावित आवाजाही के बारे में जानकारी मिली थी।

## राज्यपाल मुर्शिदाबाद के लिए रवाना, मालदा पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम

कोलकाता, (एजेंसी): मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के बाद फैली हिंसा के बीच राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस शुक्रवार सुबह मुर्शिदाबाद के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यपाल से मुर्शिदाबाद यात्रा टालने का आग्रह किया था जिसे उन्होंने नजरअंदाज कर दिया।

राज्यपाल शुक्रवार सुबह 09 बजे सियालदह रेलवे स्टेशन से ट्रेन के जरिये मालदा रवाना हुए। मालदा सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद शनिवार को वे मुर्शिदाबाद के प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे।

राजभवन सूत्रों के अनुसार, शनिवार को राज्यपाल शमशेरगंज, धुलियान, सुत्ती और फरक्का जैसे इलाकों का दौरा कर सकते हैं। इन इलाकों में हाल ही में वक्फ कानून के खिलाफ विरोध के दौरान हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें तीन लोगों की मौत हुई थी। राज्यपाल की मृतकों के परिजनों से मिलने की योजना है। राजभवन सूत्रों का कहना है कि राज्यपाल शनिवार रात ही कोलकाता लौट सकते हैं।

दूसरी ओर, राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम शुक्रवार को मालदा पहुंची। टीम की सदस्य हिंसा के कारण घर छोड़ने को मजबूर हुए लोगों से मुलाकात कर रही हैं और शिविरों का निरीक्षण कर रही हैं।

उल्लेखनीय है कि मुर्शिदाबाद में हिंसा के मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने 20 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। हाई कोर्ट ने विस्थापितों की वापसी के लिए कमेटी बनाने का निर्देश दिया है और प्रभावित इलाकों में केंद्रीय बलों की तैनाती भी सुनिश्चित की गई है।

## आज विश्व धरोहर दिवस, देश के सभी ऐतिहासिक स्मारकों में प्रवेश निःशुल्क

नई दिल्ली, (एजेंसी): आज विश्व धरोहर दिवस है। यह दिन दुनियाभर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों को समर्पित है। इस दिन केंद्र सरकार ने सभी ऐतिहासिक स्मारकों में प्रवेश निःशुल्क रखा है। इसमें ताजमहल, कुतुबमीनार, लालकिला शामिल है। इस मौके पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर देश-प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों को संजोए रखने व संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की है।

# देवप्रभा आउटसोर्सिंग के खिलाफ अरूप चटर्जी का आंदोलनकारी रुख

## विधायक ने स्थाई पुनर्वास व रोजगार की मांग की





नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : निरसा विधायक सह बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के महामंत्री अरूप चटर्जी ने कुजामा बस्ती में देवप्रभा आउटसोर्सिंग के खिलाफ जनसभा को संबोधित किया। चटर्जी ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन और ठेकेदार बस्ती के पास मशीन लगाकर उत्खनन कर रहे हैं, जो गैरकानूनी है। उन्होंने मांग की कि लोगों को स्थाई पुनर्वास और रोजगार दिया जाए। जब तक लोगों को स्थाई रूप से पुनर्वास नहीं किया जाता, तब तक उत्खनन का काम बंद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक लोगों को स्थाई पुनर्वास और रोजगार नहीं मिल जाता, तब तक उत्खनन का काम नहीं करने दिया जाएगा। जरूरत पड़ी तो आउटसोर्सिंग का चक्का जाम कर दिया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने केओसीपी में भूख हड़ताल पर बैठी सीमा देवी के समर्थन में 25 अप्रैल को एरिया 9 और 10 का चक्का जाम करने का आह्वान किया है। मौके पर सुरेश प्रसाद गुप्ता, नागेश्वर पासवान, सपन पासवान, सुरेंद्र पासवान,कुंदन पासवान, सत्येंद्र चौहान, पवन कुमार, विक्की कुमार,विक्रम कुमार, विशाल गुप्ता,जमुना, राधा देवी, श्वेता कुमारी, गौरी देवी,रेणु कुमारी आदि थे।

## बलियापुर में नव निर्वाचित पदाधिकारियों का किया स्वागत



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

बलियापुर : आमझर पंचायत में शुक्रवार को झामुमो पंचायत पदाधिकारियों ने स्वागत समारोह का अयोजन किया। जिसमें 23 पंचायत के अध्यक्ष ,सचिव उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष हैदर अली वे संचालन प्रखंड सचिव निर्मल रजवार ने किया। मौके परे ईश्वर मरांडी, भुवन रवानी, शेख खातिर ,प्रखंड उपाध्यक्ष रमेश महतो,प्रखंड उपाध्यक्ष कादिर ,सह सचिव अशोक मोहली, संगठन सचिव सोनाराम हांसदा, त्रिलोचन महतो, सुदाम रजवार, विकाश महतो , इमरान भारती, राजेश हेंब्रम, विजय महतो,बाबर खान, देवी लाल मांझी, समरेश सिंह,रविलाल हेंब्रम, श्याम लाल टुडु, संजय बाउरी , भीम टुडु, सरफूदीन अंसारी, रंजीत रजवार, परमेश्वर हेंब्रम, कमलेश सिंह, धीरज सिंह, युधिष्ठिर महतो आदि मौजूद थे।

## डेकोरेटर्स एसोसिएशन के सदस्यों का होगा दुर्घटना बीमा : संरक्षक विश्वनाथ सिंह



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन पाथरडीह शाखा के संरक्षक विश्वनाथ सिंह के संगठन के शाखा अध्यक्ष गौतम सेन के आवासीय कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान विश्वनाथ सिंह के कार्यों की प्रशंसा की गई और संगठन के विकास में उनके योगदान को उजागर किया गया। जिला महासचिव विश्वनाथ सिंह ने प्रेस वार्ता में कहा कि संगठन के 2000 सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि संगठन ने सदस्यों के लिए दुर्घटना बीमा प्रावधान लागू किया है, जो 46 साल में पहली बार हुआ है। इसके तहत तीन सदस्यों को बीमा क्लेम भी दिलाया गया है। सिंह ने आगे कहा कि आगामी समय में लेबर बीमा और अग्नि बीमा के लिए भी योजना तैयार की जाएगी, जिससे सदस्यों के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके। मौके पर सचिव बिरेन्द्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष जनार्दन सिंह, विकास सरकार, बिक्रम महतो, अनवर हुसैन आदि थे '

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा युवा नेता शिवांश श्रीवास्तव ने की केंद्रीय मंत्री से मुलाकात



**झरिया में इंडोर व आउटडोर स्टेडियम की मांग**

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : भाजपा युवा नेता शिवांश श्रीवास्तव ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा खेल एवं युवा मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने धनबाद के झरिया विधानसभा में इंडोर और आउटडोर स्टेडियम बनाने की मांग की, जिससे युवाओं को खेल के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकें।श्रीवास्तव ने आउटसोर्सिंग कंपनियों में मजदूरों के शोषण के मुद्दे पर भी मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि इन कंपनियों में मजदूरों से 12 घंटे काम करवाया जाता है और उन्हें हाई पेड कमिशन (एचपीसी) के अनुसार वेतन नहीं दिया जाता है, जो कि श्रम कानूनों का उल्लंघन है। मंत्री ने उनकी मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए आश्वासन दिया कि इन मुद्दों पर ध्यान दिया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर झरिया विधायक रागिनी सिंह, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न यादव , जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह उपस्थित थी।

### बस्ताकोला क्षेत्र में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ



**125 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच, मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या अधिक**

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : बस्ताकोला क्षेत्र में सीएसआर किओर के सहयोग से मुकुंदा पंचायत भवन में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 125 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इस शिविर में आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष पहुंचे थे। अधिकांश मरीज सर्दी, खांसी और मौसमी बुखार से पीड़ित थे। पंचायत के मुखिया रिंकू देवी ने कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाग लिया। स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने और लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर जांच शिविर में क्षेत्रीय अस्पताल तिसरा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर शाश्वती पंडित, डॉ सौरभ आनंद, डॉ राजेंद्र टुडू, डॉक्टर अर्पिता कुमारी, चीफ फार्मासिस्ट अंजनी कुमार प्यारेलाल चौहान गौतम निषाद प्रकाश रजक, बालमुकुंद, यदुनंदन, मुखिया प्रतिनिधि हीरालाल गोराई, पंचायत समिति सदस्य हीरालाल मोदक थे।

### मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा की नई कार्यकारिणी गठित, डॉ. मनीष बने अध्यक्ष



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा की (सत्र 2025-26) नई कार्यकारिणी गठित की गई। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए डॉ. मनीष शर्मा को चुना गया। वह एक शिक्षाविद् हैं और मनीष कोचिंग सेंटर के संचालक हैं। डॉ. शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए कई सम्मानों से नवाजा गया है, जिनमें झारखंड फाउंडेशन द्वारा नागरिक सम्मान और युवा रत्न सम्मान शामिल हैं। वह विभिन्न संस्थाओं में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। डॉ. मनीष शर्मा को बधाई देने वालों में मंच के पूर्व अध्यक्ष अमित अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, विशाल पलसानिया, राजीव संवतिया, गणेश अग्रवाल, दिनेश शर्मा, असीम अग्रवाल, विवेक लिल्हा, किरण शर्मा, दीपक अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, रूपेश शर्मा और निशा शर्मा सहित कई प्रमुख सदस्य मौजूद थे। सभी ने डॉ. शर्मा के अध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त किया और उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

# एस के बक्शी की पुण्यतिथि पर संकल्प सभा आयोजित

## नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित कर संघर्ष को आगे बढ़ाने का किया आह्वान




नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : चासनाला स्थित बीसीकेयू कार्यालय में शुक्रवार को संकल्प सभा आयोजित की गई। इस दौरान पोलित ब्यूरो की सदस्य वृंदा करात ने पार्टी का झंडा फहराया। इसके बाद नेताओं ने एस के बक्शी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुंदरलाल महतो ने की और संचालन संतोष घोष ने किया। सभा को संबोधित करने वालों में पोलित ब्यूरो के सदस्य वृंदा करात ,टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ,झरिया के पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ,लाल झंडा के नेता सुजित भट्टाचार्य ,प्रकाश विप्लव ,योगेंद्र महतो ,काशीनाथ चटर्जी आदि नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि बख़्शी दा एक जुझारू संघर्षशील मजदूर नेता के साथ-साथ गहरे मार्क्सवादी चिंतक थे। कोयलांचल के उपेक्षित एवं वंचित तथा सर्वहारा मजदूर किसानों के सर्वमान्य नेता थे ,आज जरूरत है कि उनके बताए हुए रास्ते पर संघर्ष को आगे बढ़ाने की,और समाज के पिछड़े वर्गों के साथ लेकर चलने में अहम भूमिका रही है,गरीब के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। दूसरे दल के लोग भी उन्हें सम्मान करते थे।

### झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने शुरू किया कॉल सेंटर

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

बलियापुर : बलियापुर में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के मुकुंदा विद्युत सब स्टेशन ने उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए एक कॉल सेंटर शुरू किया है। इस कॉल सेंटर का नंबर 8987796573 है, जहां उपभोक्ता अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। विद्युत कॉल सेंटर आमतौर पर 24 घंटे काम करते हैं ताकि ग्राहक किसी भी समय अपनी समस्याएं दर्ज करा सकें। कॉल सेंटर पर प्रशिक्षित कर्मचारी ग्राहकों की समस्याओं का समाधान करते हैं और उन्हें आवश्यक जानकारी प्रदान करते हैं। कॉल सेंटर के माध्यम से ग्राहकों से उनके अनुभव के बारे में फीडबैक भी लिया जा सकता है। कॉल सेंटर का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें संतुष्ट करना है। कॉल सेंटर के माध्यम से समस्याओं का निदान समय पर किया जा सकता है, जिससे ग्राहकों को सुविधा होती है।

## कुजामा में ग्रामीणों ने नए पुल के निर्माण को रोकने की मांग



**नए पुल की नहीं, मूलभूत सुविधाओं की जरूरत कुजामा के ग्रामीणों ने जताया विरोध**

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल धनबाद द्वारा झरिया प्रखंड के कुजामा नदी से लोदना बाजार को जोड़ने वाली चटकारी जोड़ीया पर 2 करोड़ 28 लाख 19 हजार 300 की लागत से बनने वाले पुल का निर्माण कार्य शुक्रवार को ग्रामीणों ने रोक दिया। नदी पार कुजामा कुम्हार बस्ती के लोगों ने निर्माण कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें नए पुल की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि पहले से ही एक पुल मौजूद है। ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी और बिजली की कमी से जूझ रहे हैं।ग्रामीणों को इन मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है। इस परियोजना ने कुजामा कुम्हार बस्ती के लोगों को उजाड़ दिया है।ग्रामीणों ने नए पुल के निर्माण योजना को रोकने के लिए विरोध प्रदर्शन किया। उनका मानना है कि नए पुल की आवश्यकता नहीं है और यह उनके लिए एक समस्या हो सकती है। कुछ लोगों को लगता है कि पुल के निर्माण से उनके जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## सीमा को बहाल करें नहीं तो 25 से काम करेंगे ठप: अरूप चटर्जी



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

धनबाद : सीमा कुमारी की बहाली की मांग को लेकर पिछले बारह दिनों से जारी भूख हड़ताल को समर्थन देने निरसा विधायक अरूप चटर्जी केओसीपी कार्यालय पहुंचे. बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के महामंत्री सह निरसा विधायक ने बीसीसीएल को चेतावनी दी। कहा कि बीसीसीएल में कार्यरत रही सीमा कुमारी को पुनः काम पर नहीं रखने पर 25 अप्रैल से एरिया-9 और 10 का कार्य अनिश्चितकालीन रूप से ठप कर दिया जाएगा। सभा के माध्यम से उन्होंने बीसीसीएल की नीति के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। कहा कि सीमा को उनके पिता के निधन के बाद अनुकंपा पर 30 जून 2023 को नौकरी दी गई थी। लेकिन 17 महीने काम करने के बाद उम्र विवाद का हवाला देकर मैनेजमेंट ने उन्हें हटा दिया।उन्होंने कहा कि मैनेजमेंट का यह फैसला अन्यायपूर्ण है। यदि बीसीसीएल मैनेजमेंट उन्हें अविलंब पुनः कार्य पर नहीं रखती है तो यूनियन 25 अप्रैल से एरिया-9 और 10 का कार्य पूरी तरह बंद कर देगी। सभा में मजदूरों ने भी एकजुटता दिखाई और सीमा के पक्ष में आवाज बुलंद किया. यूनियन ने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे मजदूर वर्ग के सम्मान और अधिकार की लड़ाई है।

# टाटा स्टील फाउंडेशन ने जामाडोबा में आयोजित किया प्लेसमेंट ड्राइव, 132 युवाओं ने लिया हिस्सा



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : टाटा स्टील फाउंडेशन और मॉडल करियर सेंटर (एमसीसी), जमशेदपुर के सहयोग से जामाडोबा में एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में एमआरएफ टायर्स और विस्ट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड में रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। टाटा स्टील फाउंडेशन और एमसीसी के इस प्रयास से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और वे अपने करियर में आगे बढ़ सकेंगे। इस तरह के प्लेसमेंट ड्राइव से न केवल युवाओं को फायदा होता है, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होता हैं। प्लेसमेंट ड्राइव में 18 से 35 वर्ष की आयु के उम्मीदवारों को लक्षित किया गया था, जिनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट (10+2), आईटीआई, डिप्लोमा या स्नातक थी।132 उम्मीदवारों ने इंटरव्यू प्रक्रिया के लिए पंजीकरण कराया, जिसमें 86 पुरुष और 46 महिलाएं शामिल थीं। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से संबंधित, कार्यस्थल दहेज (गुजरात) और बेंगलुरु (कर्नाटक)। व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर संपन्न हुई। टाटा स्टील फाउंडेशन का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें सार्थक नौकरी के माध्यम से सशक्त बनाना है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में फाउंडेशन ने तीन प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किए थे, जिसमें 376 उम्मीदवारों ने भाग लिया था और 105 प्रतिभागियों का चयन प्रतिष्ठित कंपनियों में किया गया था। इस तरह के प्लेसमेंट ड्राइव से न केवल युवाओं को फायदा होता है, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होता है।

## कॉमरेड एस के बक्शी की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : मजदूर नेता कॉमरेड एस के बक्शी की चौथी पुण्यतिथि बेड़ा कोलियरी में मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया और विभिन्न नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में कॉमरेड आनंदमई पाल ने अध्यक्षता की और आशीत चटर्जी, पतित पावन माजी, प्रभास पाल समेत कई वक्ताओं ने एस के बक्शी के जीवन और कार्यों को याद किया। इसके अलावा, एमओसीपी पार्टी कार्यालय और गोलकडीह यूनियन कार्यालय में भी एस के बक्शी की पुण्यतिथि मनाई गई, जहां पशुपतिनाथ देव, कन्हैया लाल सिंह, तुलसी रवानी और अन्य उपस्थित थे।

## सिंदरी विधायक ने डीएसई को लिखा पत्र उर्दू शिक्षक की बहाली की मांग की

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

बलियापुर : सिंदरी के विधायक चंद्रदेव महतो ने धनबाद के जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र लिखकर बलियापुर प्रखंड के उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय भिखराजपुर में उर्दू शिक्षक की बहाली की मांग की है। विधायक का कहना है कि विद्यालय में उर्दू शिक्षक नहीं होने से उर्दू की पढ़ाई बाधित हो रही है, जबकि अधिकांश छात्रों की मातृभाषा उर्दू है। इस पत्र के माध्यम से विधायक ने जिला शिक्षा अधीक्षक का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया है।

# केंद्रीय मंत्री मनसुख भाई का धनबाद आगमन, गुजराती समाज सहित भाजपाईयों ने किया स्वागत





**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : भारत सरकार के श्रम,रोजगार,युवा एवं खेल मंत्री मनसुख भाई मांडवीया आज अपने दौरे के क्रम में धनबाद पहुंचे. इस दौरान जगह जगह उनका भव्य स्वागत किया गया. धनबाद के स्वामीनारायण मंदिर बैंक मोड में कोल फिल्ड गुजराती समाज के द्वारा केंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत किया गया.केंद्रीय मंत्री ने सर्वप्रथम मंदिर में माथा टेका. स्वामी नारायण भगवान से आशीर्वाद लिया. यहां उन्होंने गुजराती समाज को सम्बोधित भी किया. मौके पर धनबाद विधायक राज सिन्हा,झरिया विधायक रागिनी सिंह, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो मौजूद रहे.केंद्रीय मंत्री ने अपना भाषण गुजराती भाषा में ही दिया.

वहीं मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्वामी नारायण भगवान की शिक्षा पद्धति से प्रेरणा लेकर हम अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं. बता दें कि केंद्रीय मंत्री खान सुरक्षा महानिदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे. इससे पूर्व रणधीर वर्मा चौक पर धनबाद विधायक राज सिन्हा के अगुवाई में भाजपाइयों ने ढोल नगाड़ों के बीच केंद्रीय मंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया.

# जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडवीया से मिलकर पत्र सौंपा

## शारदा सिंह ने बीसीसीएल ठेका मजदूरों के शोषण से कराया अवगत



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

महुदा : जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने शुक्रवार को धनबाद में केंद्र सरकार के श्रम, रोजगार, युवा एवं खेल मंत्री मनसुख भाई मांडवीया से मिलकर बीसीसीएल के ठेका मजदूरों पर हो रहे शोषण का समाधान करने को लेकर पत्र सौंपा. जिप अध्यक्ष ने श्रम मंत्री श्री मांडवीया को एक आवेदन देकर बताया है कि धनबाद में बीसीसीएल महारत्न कंपनी है. लेकिन दुर्भाग्य है की यहां के ठेका मजदूरों के साथ सिर्फ शोषण होता आया है. यहां ठेका मजदूरों को किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं मिलता है.सहीं तरीके से वेतनमान भी नहीं मिलता है. ठेका मजदूरों ने कई बार धरना प्रदर्शन भी किया, लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन के कान में जूं तक नहीं रेंगा. स्थानीय मजदूरों को भारत सरकार के तय दर से भी कम मानदेय भुगतान किया जा रहा है. मजदूरों द्वारा आवाज उठाने पर उनको काम से हटा दिया जाता है. उन्होंने आग्रह पूर्वक उचित कदम उठाने की मांग किया है. इस सबंध में जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने बतायी कि श्रम मंत्री ने अश्वासन दिया है कि मजदूरों के साथ अन्याय नहीं होगा. इस मुद्दे पर बीसीसीएल अधिकारीयों के साथ वार्ता करके इसका समाधान निकालेंगे.

## संक्षिप्त खबर

# रनिंग और सिगनल कर्मचारियों सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

## ट्रेन मैनेजर को आर्थिक अपग्रेडेशन का लाभ मिले : एसएनपी श्रीवास्तव

### पेट्रोलिंग सीमा 12 किमी से अधिक नहीं हो : मो. ज्याउद्दीन



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद :ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन तथा उसकी अनुषंगी जोनल यूनियन के साथ रेलवे बोर्ड पीएनएम बैठक के दूसरे दिन कई कैटेगरी के रेलकर्मियों की समस्याओं को उठाया गया तथा विस्तृत चर्चा की गई. रेलकर्मियों के समस्याओं के समाधान के लिए वार्ता तंत्र की इस सर्वोच्च फोरम में पूर्व मध्य रेलवे के इसीआरकेयू के महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव, केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एसएसडी मिश्रा तथा अपर महामंत्री मो ज्याउद्दीन शामिल हुए और विभिन्न कैटेगरी के रेलकर्मियों के मांगों पर अपने विचार रखे. उक्त जानकारी देते हुए एआईआरएफ ईसीआरकेयू के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा और मीडिया प्रभारी एनके खवास ने बताया कि इसीआरकेयू लगातार रेलकर्मियों के मांगों के समाधान के लिए संघर्ष कर रहा है और हर संभव उपलब्ध फोरम पर अपनी बात उठा रहा है. रेलवे बोर्ड पीएनएम बैठक के अंतिम दिन निम्नलिखित मुद्दों पर रेलवे बोर्ड का ध्यान आकर्षित किया गया. अध्यक्ष रेलवे बोर्ड सतीश कुमार के संभाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ. दोनों पक्षों ने सौहार्द पूर्ण तरीके से रेलकर्मियों की समस्याओं के निराकरण प्रक्रिया पर अपनी आस्था जताई.

# आजीविका महिला ग्राम संगठन से जुड़े महिलाओं ने राष्ट्रपति को पोस्टकार्ड के माध्यम से भेजा प्रस्ताव पत्र

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : आजीविका महिला ग्राम संगठन भुरूंगिया की महिलाओं ने एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को प्रस्ताव पत्र भेजा है. यह प्रस्ताव महिलाओं ने राष्ट्रपति के नाम पोस्टकार्ड के माध्यम से भेजा है. इसको लेकर गुरुवार को भुरूंगिया में आजीविका महिला ग्राम संगठन की बैठक हुई. जिसमें जिला परिषद की चेयरमैन शारदा सिंह मौजूद थीं. महिलाओं ने बैठक में चेयरमैन शारदा सिंह के समक्ष संगठन के सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे. शारदा सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से देश का सर्वांगीण विकास होगा. इससे देश में आर्थिक सुधार होगा, जिससे देश और लोकतंत्र की नींव मजबूत होगी.इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को जागरूक कर लोकतंत्र की मजबूती में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है. मौके पर संस्था की अध्यक्ष कविता देवी, सचिव कलावती देवी आदि दर्जनों महिलाएं शामिल थीं.

# धनबाद में होगा वन नेशन -वन इलेक्शन पर मंथन, तैयारी पूरी

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**



धनबाद : धनबाद का व्यवसायी संगठन वन नेशन -वन इलेक्शन के पक्ष में हैं और इसे लेकर फेडरेशन ऑफ धनबाद जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज आगामी 20 अप्रैल को धनबाद में एक देश एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन करने जा रही है. साथ ही सभी की सहभागिता के साथ एक देश एक चुनाव के पक्ष में राष्ट्रपति को पत्राचार भी करेगा. एक राष्ट्र एक चुनाव का मतलब है देश में लोकसभा और सभी राज्य के विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराना.धनबाद का व्यवसायी संगठन यह मानती है कि वन नेशन -वन इलेक्शन के लागू होने से संसाधनों के साथ साथ समय की भी बचत होगी, विकास तेजी से बढ़ेगा,साथ ही बार बार के चुनाव के कारण व्यवसाय प्रभावित होती है जिससे भी निजात मिलेगा. फेडरेशन ऑफ धनबाद जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय पर 20 अप्रैल को टाउन हॉल में आयोजित होनेवाली संगोष्ठी में व्यापक चर्चा होगी.महासचिव अजय नारायण लाल ने कहा कि अलग अलग तिथियों में चुनाव होने से व्यापारी वर्ग को सबसे ज्यादा परेशानी होती है व्यापार प्रभावित होता है और व्यापारी पर सीधे तौर पर आर्थिक चोट पड़ता है.उन्होंने कहा धनबाद में लोक सभा का चुनाव हुआ और तीन माह बाद विधानसभा के चुनाव हुए. चुनाव में कृषि बाजार समिति को स्ट्रांग रूम बनाया गया, जिसके कारण तीन माह व्यापार ठप रहा. फेडरेशन ऑफ धनबाद जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अनुसार भारत में 1951-52 से 1967 तक राज्य विधानसभाओं और लोक सभा के लिए चुनाव एक साथ होते थे. यह चक्र टूट गया और वर्तमान में चुनाव हर वर्ष और कभी-कभी एक वर्ष के भीतर अलग-अलग समय पर होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप भारी सरकारी व्यय होता है. चुनाव में लगे सुरक्षा बलों और निर्वाचन अधिकारियों को लंबे समय तक अपने प्राथमिक कर्तव्यों से विमुख होना पड़ता है. आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है.ऐसे में वन नेशन वन इलेक्शन का कॉन्सेप्ट देश की प्रगति में एक साहसिक कदम होगा. बहरहाल, वन नेशन -वन इलेक्शन की पक्षधर धनबाद जिला चेंबर ने मुहीम छेड़ दिया है.आगामी 20 अप्रैल को चेम्बर की आयोजित संगोष्ठी में 59 चेंबर के प्रतिनिधि, तमाम सामाजिक संगठन के लोग बुद्धिजीवी वर्ग भाग लेगी.दस बजे से शुरू होनेवाली संगोष्ठी में वन नेशन वन इलेक्शन पर मंथन किया जायेगा.प्रेस वार्ता में फेडरेशन के अजय नारायण लाल महासचिव, प्रदीप सिंह वरीय उपाध्यक्ष,विनोद सिंह,वरीय उपाध्यक्ष, देवाशीष पाल उपाध्यक्ष, मनोरंजन सिंह उपाध्यक्ष, विनोद कांधवे उपाध्यक्ष, श्रवण सिंह संगठन सचिव, शैलेश सिंह सहसचिव, अभिषेक विश्वकर्मा कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे.

# इनमोसा ने 27 सूत्री मांग को लेकर सिजुआ क्षेत्र के महाप्रबंधक से की वार्ता

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : सिजुआ क्षेत्रिय कार्यालय में महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद के साथ इनमोसा ने 27 सूत्री मांग पत्र पर वार्ता हुई. जिसमें इन्मोसा के उप महामंत्री कुश कुमार सिंह ने महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद एवं उनकी क्षेत्रीय प्रबंधक मानव संसाधन अशोक कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी मो. आलम एवं परियोजना पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त ने इनमोसा के जो भी समस्या है उसको त्वरित संज्ञान लते हुए उसको निष्पादन करने की बात कहीं.इनमोसा गत वर्ष कोयला उत्पादन लक्ष्य प्राप्ति मे भरपूर तन एवं मन से सुरक्षा देखते हुए अपनी अहम भूमिका निभाई, उसी प्रकार इस वित्तीय वर्ष में भी इनमोसा ने अहम भूमिका निभाने का आश्वासन दिया. कुश कुमार सिंह ने कहा कम्पनी हित में सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ नही किया जाए. महाप्रबंधक के द्वारा भी सभी 27 सूत्री मांगो पर एक एक कर के चर्चा कि एवं इनमोसा को पूरी तरह आश्वस्त किया कि आपकी सभी मांगे जायज है.

इस पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन का भरोसा दिया.मौके पर डिविजनल अध्यक्ष महेश प्रसाद चौहान, संयुक्त सचिव यशवंत सिंह, क्षेत्रिय अध्यक्ष अरूण दुबे, क्षेत्रिय सचिव विजय कुमार, प्रेम कुमार, शिरीष कुमार, मनोज पांडे, पंकज कुमार, चंद्रमा कुमार,उपेंद्र दास, वीरेन्द्र मण्डल, पीयूष चक्रवर्ती, परवेज अख्तर, अनिल कुमार, दीपक कुमार, रॉबिन कुमार, दत्ता, सीताराम प्रजापति, गुड्डू प्रसाद, रामचन्द्र नोनिया, शनि शर्मा,विनोद कुमार, मनीष कुमार,रंजीत कुमार,निशांत श्रीवास्तव, रितेश मिश्रा,रितेश पांडे, बादल कुमार, चिंतामन दास,श्रवण कुमार, राजेश साव, उपेंद्र दास, भोला गोप, सोमनाथ तिवारी, हेंब्रम, लक्ष्मण कुमार, श्रीपति रवानी, एम एम मिसरा, शंकर कुमार मौजूद थे.

# शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक समिति के सदस्य 68 वर्षीय सीताराम सिंह का निधन, शोक

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**



कतरास : तेतुलमारी गंडुआ निवासी सह झारखंड आंदोलनकारी और शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक समिति के सदस्य 68 वर्षीय सीताराम सिंह का शुक्रवार को आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई. उनके निधन से स्मारक समिति तथा समाज को काफी बड़ा क्षति हुई है, जो निकट भविष्य मे कभी पुरा नही किया जा सकता है. वे अपने पिछे भरा पुरा परिवार को छोड गए. शहीद शक्ति ग्राम विकास समिति के सचिव शिव प्रसाद महतो ने संवेदना जताते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी मे परिवार के साथ वे खड़ा है. शोक संवेदना व्यक्त करने वालों मे मुख्य रूप से स्मारक समिति के घलटु त्रिगुनाईत, सपन पंडित,प्रेम चन्द महतो,मंटु कुम्हार,बिमल कुमार महतो, विजय सिंह,देवेन्द्र राणा, नरेश महतो ,गणेश चौहान, मुंशी सिंह,दशरथ कुम्हार शामिल थे. स्मारक समिति के सभी सदस्यों ने उनके घर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया.

# बाबूडीह हिंसक झड़प, गोली चालन व डीएसपी हमला मामले में न्यायालय का कड़ा रुख

## फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अंतिम इश्तेहार चिपकाया

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**



महुदा : धमाबांध ओपी क्षेत्र के बाबूडीह में विगत दिनों हुई हिंसक झड़प, गोलीकांड और डीएसपी पर हुए हमले के मामले में फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ जिला न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए अंतिम नोटिस जारी किया गया है. शुक्रवार संध्या धमाबांध ओपी प्रभारी मनोज कुमार पाण्डेय धमाबांध बस्ती पहुंचकर ग्रामीणों ने मिले और फरार आरोपियों के परिवार के लोगों को नोटिस थमाया. नोटिस धमाबांध बस्ती के दीपक रवानी, दिनेश रवानी, चंदन रवानी और चंदन महतो के परिजनों को सौंपा गया. नोटिस में साफ तौर पर कहा गया है कि सभी आरोपी जल्द-से-जल्द न्यायालय में सरेंडर करें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.ओपी प्रभारी मनोज कुमार पाण्डेय ने ग्रामीणों से कहा कि फरार अभियुक्त जल्द सरेंडर नहीं करता है तो घर कुर्की हो जायेगा. जिससे परिवार के लोगों को काफी परेशानी होगी. गौरतलब है कि इस हिंसा कांड में कुल 120 अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था. इनमें से अब तक 37 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है. वहीं शेष फरार 36 आरोपियों के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है.पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि आरोपी स्वेच्छा से सरेंडर नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ कुर्की-जब्ती जैसी कार्रवाई की जाएगी. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और न्यायालय दोनों ही स्तर पर कठोर कदम उठाए जा रहे हैं.

# माटीगढ़ा गोवर्धन पर्वत पर बीसीकेयू का मिलन समारोह

## एटक नेता बैजनाथ यादव सहित दर्जनों बीसीकेयू में हुए शामिल

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**



बाघमारा : बीसीकेयू की मिलन समारोह शुक्रवार को माटीगढ़ा गोवर्धन पर्वत पर धनंजय महतो की अध्यक्षता में हुई. इस मौके पर सीटू के महामंत्री स्व.एसके बक्सी के पूण्यतिथि मनाते हुए पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. मुख्य अतिथि युनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह भाकपा के पोलित ब्यूरो के सदस्य हलधर महतो की मौजूदगी में एटक के वरीय नेता बैजनाथ यादव अपने दर्जनों समर्थकों के साथ बीसीकेयू में शामिल हो गये.उन्होंने कहा कि मजदूरों एंव विस्थापितों का हक व अधिकार दिलाने के लिए बीसीकेयू ही बुनियादी लड़ाई लड़ती है. संगठन की नीति सिद्धांत से प्रभावित होकर युनियन में शामिल हुए. हलधर महतो ने सभी को माला पहना कर स्वागत करते हुए कहा की श्री यादव के नेतृत्व में संगठन ओर अधिक मजबूत होगा. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीति के तहत सार्वजनिक उपक्रमों को बर्बाद किया जा रहा है. ट्रेंड युनियनों को बुनियादी लड़ाई लड़ने के लिए सड़क का आंदोलन को जन आंदोलन में परिवर्तित करना होगा, वरना युनियन नहीं बचेगा. सिर्फ ट्रेड ही रह जायेगा. श्री महतो ने कहा कि आज की परिस्थिति में हक और अधिकार मांगने पर सरकार सर पर लाठी चला रहे हैं. संविधान को बदला जा रहा है. संघर्ष और एकता के बल ही अधिकार लिया जा सकता है. उन्होंने 22 अप्रैल बोकारो में पार्टी स्थापना दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीये जन कंवेंशन को सफल बनाने के लिए मजदूर किसानों से अपील की.` जन कंवेंशन में विस्थापितों को न्याय दिलाने, स्थानीयों को सुरक्षित रोजगार देने, निजीकरण और भूमि लूट पर रोक लगाने एवं लेबर कोड रद्द करने की मांग पर विशेष निर्णय लिया जायेगा. मौके पर केंद्रिय सचिव जेके झा, सिताराम कर्मकार, बलदेव वर्मा, एमडी अहसान अहमद, रामेश्वर साव, बद्री कुमार सिंह, विनोद चौहान, महेन्द्र ठाकुर, राजेन्द्र रजक, सौखी मांझी, संजय सिंह, अर्जुन महतो, शिवकुमार सिंह, योगेन्द्र सिंह, आशीष राय, गीता देवी आदि मौजूद थे. संचालन प्रताप वर्णवाल ने किया.

# संत अंथोनी चर्च में मनाया गया गुड फ्राइडे, प्रभु यीशु को किया गया याद

## हजारों ईसाई धमार्लबियों ने यीशु के प्राण दंड दिए जाने पर दुःख व्यक्त कर किया भावपूर्ण प्रार्थना

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**





धनबाद : संत अंथोनी चर्च में पुण्य शुक्रवार अर्थात ₹गुड फ्राइडे₹ के अवसर पर क्रूस रास्ता का आयोजन किया गया. क्रूस रास्ता प्रभु यीशु के पकड़वायें जाने, क्रूस पर प्राण दंड दिए जाने एवं क्रूस पर भोगी गई पीड़ा तथा मृत्यु के बाद कब्र में रखे जाने तक की 14 विशेष स्थानों में प्रभु यीशु द्वारा सह गए दुःख को स्मरण करते हुए प्रार्थना आयोजित किया गया.जिसमें हजारों की संख्या में ईसाई धर्मावलंबियों ने मन ही मन में प्रभु यीशु के साथ कलवारी पहाड़ जहां उन्हें क्रूस मृत्यु दी गई थी की यात्रा की. इस पूरी यात्रा के दौरान वहां मौजूद सभी की आंखें नम थीं.प्रभु यीशु के द्वारा क्रूस लेकर 14 विभिन्न स्थानों में जाने तथा बीच में तीन बार गिरने की घटना को क्रूस ढो रहे लोगों ने बहुत ही भावनात्मक तरीके से प्रदर्शित किया. लगभग एक घंटे की क्रूस यात्रा के बाद सभी लोग चर्च के अंदर पहुंचें जहां फिर एक बार क्रूस रास्ता अर्थात दुःख भोग का पाठ पढ़ा गया तथा क्रूस की महिमा की गई. इस अवसर पर क्रूस पर टांगे जाने के बाद प्रभु यीशु द्वारा कहे गए सात वचनों को दोहराया गया तथा उन पर मनन चिंतन किया गया.

आज के दिन चर्च में कुछ इस प्रकार के गीत गाए गए, यीशु ने अपना खून बहा कर मुझे बचा लिया. जो क्रूस पर कुर्बान वह मेरा मसीहा है. दुःखभोग के यह गीत सभी ईसाई धर्मावलंबियों की आत्माओं को चीरते हुए यह याद दिलाता है कि किस प्रकार यीशु मसीह हमारे पापों के लिए खुशी-खुशी सूली पर चढ़ गये. प्रभु यीशु के संदेश आज भी अत्यंत प्रासंगिक है, क्रूस पर दिया गया बलिदान सिर्फ ईसाई धर्मावलंबियों का ही नहीं बल्कि पूरे मानव जाति के लिए है.यही कारण है कि ईसाई धर्म के लोग ईसा मसीह को परमेश्वर का पुत्र मानते हैं और यीशु के नाम से पुकारते हैं.आज गुड फ्राइडे के उपलक्ष्य में सहायक फादर प्रदीप मरांडी ने अपने उपदेश में कहा कि आज के दिन हम प्रभु यीशु के क्रूस मरण को याद करते हैं. हमारी हर एक प्रार्थना क्रूस का चिन्ह बनाकर शुरू होती है और इसी क्रूस के चिन्ह के द्वारा समाप्त भी होती है.प्रत्येक बार क्रूस के चिन्ह को बनाने के द्वारा हम यह स्मरण करते हैं कि किस प्रकार प्रभु यीशु ने निर्दोष होने के बावजूद भी हंसते-हंसते इस क्रूस मरण को स्वीकार किया और ऐसा उन्होंने सिर्फ और सिर्फ मानव जाति के प्रति अपने प्यार और उनके उद्धार के लिए होने दिया. आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में शिशिर प्रभात तिर्की, अनुप प्रवीण लोंमगा, एतवा टूटी, जॉन कैंप, मनोज,अनूप दत्ता आदि की सराहनीय भूमिका रही.

नई पत्र वार्ता पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक *राज किशोर सिन्हा के द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, भास्कर प्रिंटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोकनगर के जी आश्रम, धनबाद से मुद्रित एवं छठ तालाब विकास नगर कतरास रोड,धनबाद से प्रकाशित। फोन न.7004113115, 9334368784, 7004500339, 7004893985. प्रधान संपादक : अनुज कुमार सिन्हा। *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। निदेशक अनस रहनुमा। ई-मेल - naipatrawartajharkhand@gmail.com.आर.एन.आई नं.JHAHIN/2015/63780.